सूर्योदय : 5:21
सूर्यास्त : 6:43
अधिकतम तापमान : 41.0
न्यूनतम : 29.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-320 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 15 मई 2025
16 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# जेवर में लगेगा सेमीकंडक्टर का कारखाना

- मोदी मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी
- 2000 लोगों को मिलेगा रोजगार
- अन्य पांच यूनिट्स पर चल रहा कार्य
- मुख्यमंत्री योगी ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद



'उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी है - जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। 3,700 करोड़ रुपये के निवेश से यह यूनिट मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल और विभिन्न अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स की मैन्युफैक्चरिंग करेगी।

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में एक 3,706 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दे दी है। यह प्लांट एचसीएल और फॉक्सकॉन की साझेदारी में लगाया जाएगा और इसमें मोबाइल, लैपटॉप और गाड़ियों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनाए जाएंगे। मामले में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह देश का छठा सेमीकंडक्टर प्लांट होगा और इसकी उत्पादन क्षमता 20,000 वेफर्स प्रति माह होगी, जिससे हर महीने 3.6 करोड़ चिप्स तैयार की जाएंगी।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। यह इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। केंद्र सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पांच सेमीकंडक्टर इकाइयां पहले से ही निर्माण के उन्नत चरणों में हैं। इस छठी इकाई को मंजूरी मिलने के बाद भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ गया है। आज स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। इसके साथ ही विज्ञप्ति नें कहा गया है, एचसीएल का हार्डवेयर विकसित करने और निर्माण करने का लंबा इतिहास रहा है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में एक वैश्विक प्रमुख कंपनी है। वे मिलकर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। संयंत्र को प्रति माह 20,000 वेफर्स के लिए डिजाइन किया गया है। इस इकाई की उत्पादन क्षमता प्रति माह 36 मिलियन यूनिट है। वहीं यूपी सरकार पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को विश्व स्तरीय सुविधाएं देने के लिए कुल 12 'ई-वे हब' का निर्माण कराएगी जिसका खाका तैयार कर लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर उत्तम यात्री सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'ई-वे हब' के निर्माण का मास्टर प्लान तैयार किया है।

### नोएडा में बनेगी दुनिया की सबसे छोटी सेमीकंडक्टर चिप

इससे पहले मंगलवार को जापानी कंपनी रेनेसास ने भारत में सेमीकंडक्टर चिप बनाने के दो केंद्रों की शुरुआत की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को नोएडा और बंगलूरू में जापानी कंपनी रेनेसास के नए सेमीकंडक्टर डिजाइन केंद्रों का उद्घाटन किया था। सबसे अहम बात यह है कि, यह कंपनी भारत में दुनिया की सबसे छोटी 3 नैनोमीटर की चिप बनाएगी।

# ड्रोन के झुंड का मुकाबला करेगा हमारा 'भार्गवास्त्र'

- गोपालपुर फायरिंग रेंज में हुआ सफल परीक्षण, दो सेकंड के भीतर साल्वो मोड में दो रॉकेट दागा गया




**नई दिल्ली।** ड्रोन के झुंड का मुकाबला करने के लिए अब भारत ने भार्गवास्त्र विकसित कर लिया है। इसे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने तैयार किया है। हार्ड किल मोड में तैयार हुआ कम लागत वाला यह काउंटर ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन का मुकाबला करेगा। काउंटर-ड्रोन सिस्टम में इस्तेमाल किए गए माइक्रो रॉकेटों का गोपालपुर के सीवर्ड फायरिंग रेंज में कठोर परीक्षण किया गया। यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा।

भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 13 मई 2025 को गोपालपुर में रॉकेट के तीन परीक्षण किए गए। एक-एक रॉकेट दागकर दो परीक्षण किए गए। इसके बाद एक परीक्षण दो सेकंड के भीतर साल्वो मोड में दो रॉकेट दागकर किया गया। सभी चार रॉकेटों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों को कम करने में तकनीक की बड़ी भूमिका निभाते हुए आवश्यक लॉन्च मापदंडों को हासिल किया। भार्गवास्त्र 2.5 किमी तक की दूरी तक आने वाले छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। इसमें लगा माइक्रो रॉकेट 20 मीटर तक की घातक त्रिज्या वाले ड्रोन के झुंड को बेअसर कर सकता है। जबकि इसकी दूसरी परत में लगी माइक्रो मिसाइल प्वाइंट सटीकता के लिए है। एसडीएएल ने इसमें मॉड्यूलर प्रणाली का उपयोग किया है। इसके चलते उपयोगकर्ता इसके सेंसर और शूट को नियंत्रित कर सकते हैं।

# भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश बने सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई शपथ
- छह महीने से अधिक समय का होगा कार्यकाल



**नई दिल्ली।** भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश और देश के पहले बौद्ध न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने न्यायिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लगभग 300 फैसले लिखे हैं, जिनमें संवैधानिक मुद्दों एवं स्वतंत्रता संबंधी तथा कार्यपालिका के 'बुलडोजर न्याय' के खिलाफ कई ऐतिहासिक फैसले शामिल हैं। न्यायमूर्ति गवई न्यायमूर्ति के जी बालाकृष्णन के बाद भारतीय न्यायपालिका का नेतृत्व करने वाले दूसरे दलित प्रधान न्यायाधीश हैं।

न्यायमूर्ति गवई ने बुधवार को देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उन्हें राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में एक संक्षिप्त समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली है जो 65 वर्ष की आयु होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। महाराष्ट्र के अमरावती में 24 नवंबर 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति गवई को 24 मई 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक समय का होगा और वह 23 नवंबर तक पद पर रहेंगे। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचने वाले न्यायमूर्ति गवई महाराष्ट्र के अमरावती जिले के एक गांव से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता आर एस गवई ने 'रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया' (गवई) की स्थापना की थी।

## राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के संबंध में दायर एक नई याचिका को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता ने इसे वापस लेने की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता को पहले निपटाए गए मामले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी है। कर्नाटक के याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने मामले में नए साक्ष्य पेश करने का दावा करते हुए नई याचिका दायर की थी। उन्होंने अदालत से यह भी अनुरोध किया था कि जब तक याचिका पर सुनवाई हो रही है तब तक राहुल गांधी की किसी भी विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि इसी तरह की एक याचिका का 5 मई को ही निपटारा हो चुका है इसलिए याचिकाकर्ता आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर कर सकते हैं। जिसके बाद अदालत ने याचिका को वापस ले लिया गया मानते हुए खारिज कर दिया। 5 मई को अदालत ने शिशिर की मूल याचिका का निपटारा कर दिया था और उन्हें अन्य कानूनी उपाय तलाशने की अनुमति दी थी।

# चुनावी ब्योरा न देने वाली पार्टियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

## चुनाव आयोग ने अधिकारियों को दिए निर्देश




**नई दिल्ली।** चुनावी पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए नियमों का पालन न करने वाले पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई देखने को मिल सकती है। चुनाव आयोग ने अलग-अलग राज्यों में पंजीकृत ऐसे दलों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। इसमें उसका फोकस ऐसे दलों पर ज्यादा है जो चुनावों में तो हिस्सा लेते हैं लेकिन वे न तो आयोग तो चुनावी खर्च का ब्यौरा तय समय पर देते हैं न ही अपनी आय की जानकारी भी आयोग को मुहैया कराते हैं। आयोग ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब आने वाले दिनों में बिहार, बंगाल, तमिलनाडु जैसे राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इन राज्यों में भी ऐसे सक्रिय दलों की संख्या काफी है। इनसे कई दल ऐसे हैं जिन्होंने इन राज्यों में पिछला विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन आयोग को कोई ब्यौरा नहीं दिया है। यह स्थिति तब है जब तय नियमों के तहत विधानसभा चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों को चुनाव खत्म होने के 75 दिन के भीतर अपने खर्च का ब्यौरा आयोग को देना अनिवार्य है, जबकि लोकसभा चुनाव में इसे देने की अवधि 90 दिन की होती है। आयोग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, देशभर में बड़ी संख्या में दल ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक न तो अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा दिया है और न ही आय की जानकारी आयोग को दी है। इसकी जांच चल रही है, जल्द ही इनकी संख्या सामने आ जाएगी।

## बलूचिस्तान की आजादी का एलान, बलूच नेता ने लोगों से की सड़कों पर उतरने की अपील

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का एलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का एलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। उन्होंने भारतीय नागरिकों, खास तौर पर मीडिया, यूट्यूबरों और बुद्धिजीवियों से बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग कहने से बचने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया।

# 'अविरल-निर्मल गोमती' के लिए रोडमैप तय, मानसून के बाद होगा कार्य : योगी

- नदियों के पुनर्जीवन को बनाना होगा जनांदोलन
- नदी पुनरोद्धार के लिए मंडलायुक्तों को जिम्मेदारी
- नदियों के किनारे होगा पौधरोपण



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदूषण की मार झेल रहीं नदियों के पुनर्जीवन को जनांदोलन बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा अब समय आ गया है जब हम नदी पुनरोद्धार को केवल परियोजना नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना और जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करें। लखनऊ की गोमती, गाजियाबाद की हिंडन, काशी की वरुणा हो या प्रदेश की अन्य कोई भी नदी इनके पुनर्जीवन के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाए। गोमती नदी का रोडमैप तय करते हुए मुख्यमंत्री ने अविरल-निर्मल गोमती की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए एक माह के अंदर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मानसून के बाद इसका कार्य शुरू करने के लिए कहा है।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती नदी को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर मानसून के बाद इसका कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। इसे जनसहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए। जलनिकासी व्यवस्था में सीवर और ड्रेनेज को अलग-अलग देखा जाए और गोमती में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की स्थिति सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि गोमती की तर्ज पर प्रदेश की अन्य नदियों जैसे हिंडन व वरुणा आदि के लिए भी कार्ययोजना तैयार की जाए। नदी पुनरोद्धार के लिए मंडलायुक्तों की जिम्मेदारी तय की जाए। इस वर्ष पौधरोपण कार्यक्रम विशेष रूप से नदियों के किनारे केंद्रित किया जाए। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन एवं 'हर घर नल' योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता, संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी स्पष्ट की जाए। गांवों में जल समितियां सक्रिय कर हर स्तर पर जनसहभागिता बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि अब तक 42,810 पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें 38,161 का समाधान हो चुका है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का 24 घंटे में अनिवार्य रूप से निस्तारण किया जाए।

## जेएनयू ने स्थगित किया तुर्किये के विश्वविद्यालय के साथ समझौता



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन करते हुए उसे रक्षा उपकरण मुहैया कराए थे। ऐसे में देशभर में तुर्किये बहिष्कार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। दरअसल, केंद्रीय विश्वविद्यालय ने तुर्किये के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया है। जेएनयू की ओर से ऐसा करने की पीछे की वजह सुरक्षा कारणों को बताया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान में लिखा है, राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से जेएनयू और इनोनू विश्वविद्यालय, तुर्किये के बीच समझौता ज्ञापन को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।

### अब चीन के खिलाफ भारत का बड़ा एक्शन

# ग्लोबल टाइम्स व शिन्हुआ पर लगाया प्रतिबंध

- गलत सूचना फैलाने से पहले तथ्यों को करें सत्यापित
- भारतीय दूतावास ने बताई सच्चाई



**नई दिल्ली।** चीन के समाचार संस्थानों ग्लोबल टाइम्स और शिन्हुआ के 'एक्स' खातों में बुधवार को लिखा देखा गया कि एक कानूनी अनुरोध पर भारत में इन पर रोक लगाई गई है। इस संबंध में जानकारी के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को ईमेल किया गया, लेकिन तत्काल कोई जवाब नहीं मिला है।

यह प्रतिबंध उस समय लागू किया गया है जब कुछ दिन पहले चीन में भारतीय दूतावास ने मीडिया आउटलेट्स को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि करने की कड़ी चेतावनी दी थी। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ग्लोबल टाइम्स न्यूज, हम आपको सलाह देते हैं कि ऐसी गलत सूचना फैलाने से पहले अपने तथ्यों को सत्यापित करें और अपने स्रोतों की जांच करें। इसके बाद दूतावास ने अपनी पोस्ट में कहा, कई पाकिस्तान समर्थक हैंडल सऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में झूठे दावे फैला रहे हैं, जिससे जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। जब मीडिया आउटलेट बिना स्रोतों की पुष्टि किए ऐसी जानकारी साझा करते हैं, तो यह जिम्मेदारी और पत्रकारिता नैतिकता में गंभीर कमी को दर्शाता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से तीनों सेना प्रमुखों ने की मुलाकात

- अनिल चौहान भी रहे मौजूद
- तैयारियों की दी जानकारी
- राष्ट्रपति मुर्मू ने की सराहना



**नई दिल्ली।** सेना की सर्वाच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई की सीडीएस अनिल चौहान के साथ तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को जानकारी दी।

सीडीएस के साथ सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई कार्रवाई और तीनों सेनाओं की कामयाबी राष्ट्रपति से साझा की। ऑपरेशन सिंदूर के सामरिक पहलुओं से तीनों सेनाओं के शीर्षस्थ नेतृत्व ने पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, थिंक-टैंक और सामरिक विशेषज्ञों को भी रूबरू कराया और नए दौर की चुनौतियों से मुकाबला करने की भारतीय सेनाओं की क्षमता तथा तैयारियों से अवगत कराया। जबकि सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सेनाओं के दृष्टिकोण के साथ भविष्य के युद्ध की तैयारियों और चुनौतियों के संबंध में मंगलवार को सामरिक विशेषज्ञों, थिंक टैंक तथा पूर्व सैन्य अधिकारियों को जानकारी दी थी। इस दौरान पाकिस्तान तथा पीओजेके में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले से लेकर पाकिस्तानी एयरबेस तथा अन्य सैन्य ठिकानों पर हमले का ब्यौरा भी साझा किया गया।

**याचिका** कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए बयान पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

# मध्य प्रदेश के मंत्री शाह पर एफआईआर करें

- पटवारी ने दर्ज कराई प्राथमिकी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं।

दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला था। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली। मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए, उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा। मंत्री शाह ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई। बयान को लेकर जब राजनीति गरमा गई तो उन्होंने कहा कि हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले वालों को हमने उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। उनके भाषण को अलग संदर्भ में नहीं देखना चाहिए। वो हमारी बहनें हैं। उन्होंने पूरी ताकत से सेना के साथ मिलकर काम किया है। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री के विवादित बयान को संज्ञान में लेते हुए याचिका के रूप में सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ चार घंटे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने पुलिस विभाग को शाम 6 बजे तक एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करते हुए उक्त आदेश जारी किये। युगलपीठ ने मंत्री के खिलाफ बीएनएस की धारा 196 तथा 197 के तहत प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। याचिका में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को अनावेदक बनाया गया है।

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के संबंध में न्यायालय को अवगत कराया जाए। याचिका पर अगली सुनवाई गुरुवार की सुबह 10.30 बजे निर्धारित की गई है।

### बिगड़ैल मंत्री की जगह रांची पागलखाने में: इरफान

**रांची।** पाकिस्तान में आतंकी संगठनों के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चर्चा में आईं कर्नल सोफिया कुरैशीके विरुद्ध मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री विजय शाह की टिप्पणी से झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी खासे नाराज हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि मंत्री को रांची स्थित रिनपास में इलाज के लिए भेजें। उनकी जगह पागलखाने में है। उन्होंने मंत्री विजय शाह को बिगड़ैल घोड़ा बताते हुए कहा कि वे नकेल लगाना जानते हैं। वे जल्द मंत्री की बखिया उधेड़ने मध्य प्रदेश जाएंगे। इरफान अंसारी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से आग्रह किया कि बिगड़ैल मंत्री को बर्खास्त करें। उनकी जगह जेल में है।

# महेवागंज में राजेश मेडिकल स्टोर पर छापा

## एक्सपायरी और नारकोटिक दवाएं बरामद, नमूने जांच के लिए भेजे गए



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज स्थित राजेश मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक बबीता रानी के नेतृत्व में औषधि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक्सपायरी और संदिग्ध नारकोटिक दवाएं बरामद की हैं। यह छापेमारी प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें स्टोर पर गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है। राजेश गुप्ता नामक प्रोपराइटर मौके पर मौजूद पाए गए और उन्होंने अपनी औषधि बिक्री का लाइसेंस प्रस्तुत किया, लेकिन मेडिकल स्टोर पर कार्यरत फार्मासिस्ट रुचि गुप्ता (जिन्हें राजेश गुप्ता ने अपनी छोटी बहू बताया) निरीक्षण के समय अनुपस्थित रहीं। दुकान के अंदर दवाओं का रख-रखाव बेहद गंदे और अस्वच्छ हालात में पाया गया। कई दवाएं फर्श पर बिखरी थीं और साफ-सफाई न के बराबर थी। जब दवाओं की खरीद-बिक्री के अभिलेख मांगे गए, तो राजेश गुप्ता कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। लकड़ी की रैक में छुपाकर रखी गई नारकोटिक श्रेणी की कुछ दवाएं भी बरामद की गईं, जिनके खरीद बिल नहीं दिखाए जा सके। इसके अलावा प्लास्टिक के 100 ड्रम की चार संदिग्ध वाइल मिलीं, जिन पर कोई लेबल नहीं था। वाइल में पारदर्शी तरल भरा हुआ था, जिसे संदिग्ध मानते हुए सील कर दिया गया। साथ ही एक कफ सिरप का नमूना भी लिया गया है, जिसे राजकीय विश्लेषक, उत्तर प्रदेश को भेजा गया है मौके पर निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर सहायक आयुक्त, औषधि - लखनऊ मंडल को भेज दी गई है। राजेश गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने की संस्तुति की गई है।

# रुकने का नाम नहीं ले रहा है नीमगांव क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रसूलपुर गांव में करीब 20 लाख रुपये की हुई चोरी को 24 घंटे भी नहीं बीत पाए थे कि चोरों ने मंगलवार की रात गांव यंगपुर के तीन घरों को निशाना बना डाला। चोर 70 हजार रुपये की नकदी और करीब सात लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। लगातार क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है गांव यंगपुर निवासी नफीस ने बताया कि वह रोज की तरह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। चोर रोशनदान के सहारे उनके घर घुस आए। कमरों में रखे बक्से आदि का ताला तोड़ दिया। करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये की नकदी समेत अन्य सामान भी चोरी कर ले गए। चोरों ने नफीस के छोटे भाई मुख्तार के घर को भी निशाना बनाया। खिड़की की जाली काटकर घर के अंदर दाखिल हुए चोर 20 हजार रुपए की नकदी- करीब डेढ़ लाख के जेवर और कपड़े आदि चुरा ले गए तीसरी वारदात गांव के ही लालाराम के घर हुई। लालाराम ने बताया कि वह अपने बेटे का इलाज सिकंदराबाद के एक निजी अस्पताल में करा रहे हैं। घर पर महिलाएं थीं, रात में चोर खिड़की की जाली उखाड़कर घर में घुस गए और एक हजार रुपए की नकदी और एक जोड़ी पायल चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब परिवार के लोग सोकर उठे। कमरों में बिखरा सामान और खिड़कियों की जाली उखड़ी देख मानों उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई एक ही रात तीन घरों में चोरी की वारदात ने सभी को हिलाकर रख दिया। बता दें कि रविवार की रात चोरों ने रसूपुर निवासी बड़े किसान उपेंद्र त्रिपाठी के घर को निशाना बनाया था। चोर नकदी-जवर समेत करीब 20 लाख रुपए नकदी चोरी कर ले गए थे।

# भाजपा मितौली मंडल टीम गठन को लेकर हुई बैठक

## मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह उपस्थित रहे



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भाजपा मितौली मंडल टीम के गठन को लेकर विकास खंड मितौली सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मन्नालाल राठौर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह मौजूद रहे।बैठक में आगामी कार्यकारिणी के गठन को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा मंडल स्तर पर सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को टीम में शामिल करने को लेकर गहन मंथन हुआ। संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से सुझाव भी आमंत्रित किए गए इस अवसर पर रविन्द्र कनौजिया, संदीप सिंह, सतीश सिंह, उपेंद्र सिंह, रामगोपाल अर्कवंशी सहित समस्त मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के मंडल अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, सोशल मीडिया और आईटी प्रमुख एवं कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे बैठक में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने पर भी चर्चा हुई।

# अज्ञात कारणों से लगी घर में आग

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भीरा थाना क्षेत्र के बैबहा मुल्लुसिंह गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में एक घर जलकर राख हो गया। बैबहा निवासी सोहन लाल पुत्र मिट्ठू के घर में अज्ञात कारणों आग लग गयी। इससे घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। मितौली क्षेत्र के सरेली गांव में सोमवार रात ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। उप केन्द्र मितौली के रामनगर फीडर के गांव सरेली निवासी नरेंद्र कुमार की गांव में आटा चक्की व स्टेलर गन्ना कोल्हू कारखाने के पास ट्रांसफार्मर में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई।

# 1700 रूपये नगद के साथ वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फरधान के नेतृत्व में आज दिनांक 14.05.2025 को थाना फरधान पुलिस टीम द्वारा, डकैती की घटना से संबंधित मु0अ0सं0 161/2025 धारा 310 (2)/311/317(3) ब्क्हस के वांछित अभियुक्त जुबेर अली मो0 हनीफ नि0 विनोद थाना पढ़ुआ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से डकैती से संबंधित 1700 रूपये नगद बरामद किया गया दिनांकः 30.04.2025 को वादी मुकदमा नवल किशोर सोनी पुत्र राम विलास सोनी निवासी मो0 मोतीपुर थाना कोतवाली सदर के साथ घटित डकैती की घटना के संबंध में थाना फरधान पर मु0अ0सं0 161/2025 धारा 310 (2)/311/317(3) ब्क्हस पंजीकृत है। आज दिनांकः 14.05.2025 को थाना फरधान पुलिस टीम द्वारा बाजपेई ईंट भट्ठे के सामने ग्राम रुकुन्दीपुर से संदिग्ध व्यक्ति वाहन की चेकिंग के दौरान उपरोक्त मुकदमें की घटना में संलिप्त/वांछित अभियुक्त जुबेर अली पुत्र मो0 हनीफ नि0 विनोद थाना पढ़ुआ जिला खीरी को मय डकैती से सम्बंधित 1700 रूपये नगद के साथ गिरफ्तार किया गया।बरामद रुपयों के बारे में पूछने पर मु0अ0सं0 161/2025 उपरोक्त की घटना का इकबालिया जुर्म करते हुए बताया कि मैंने दिनांक 30.04.2025 की शाम अपने साथियों सुधीर कश्यप उर्फ माया, राशिद, अब्दुल हुसैन, बजरंगी, गामा के साथ मिलकर कैमहरा के एक ज्वैलर्स व्यापारी के साथ लूट की घटना की थी तथा बटवारा कि मेरे हिस्से में 5000 रुपये मुझे मिले थे, कुछ खर्च हो गये यह उसी लूटे के बचे हुए रुपये है अन्य सामान मेरा साथी बजरंगी लेकर चला गया था। लूट की घटना में हम लोगों के लिए रौसा के अयान ने मुखबिरी की थी। अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पिकअप वाहन ने -रिक्शा को मारी टक्कर ई-रिक्शा चालक की मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गोला सब्जी मंडी से सब्जी लेकर आ रहे पिकअप वाहन ने अलीगंज-बिजुआ मार्ग के बघौड़ा मोड़ पर ई-रिक्शा को टक्कर मार दी ई-रिक्शा बिछुआ मार्ग से अलीगंज की तरफ आ रहा था हादसे में ई-रिक्शा चालक उमेश कुमार पुत्र भग्गालाल पासी निवासी रसूलपनाह की मौके पर ही मौत हो गई। पिकअप का चालक विश्व बंद उर्फ रिंकू पुत्र मैथिली शरण बाजपेई निवासी बस्तौली घायल हो गया उसे पुलिस ने एंबुलेंस से गोला सीएससी भेजवाया। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया, वहीं ई रिक्शा के आगे का पहिया निकल गया। उमेश कुमार ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी मौत के बाद पत्नी उर्मिला देवी और तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# दुधवा नेशनल पार्क में मिला पहला भूरे रंग के रूप में लंबी नाक वाला लॉन्ग-स्नाउटेड वाइन स्नेक (सांप)

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दुधवा नेशनल पार्क में पहला भूरे रंग के रूप में लंबी नाक वाला लॉन्ग-स्नाउ्टेड वाइन स्नेक (सांप) मिला है। दुधवा पार्क प्रशासन ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद इसको जंगल में छोड़ दिया। पार्क के फील्ड डायरेक्टर डॉक्टर एच राजा मोहन ने बताया कि नेशनल पार्क की किशनपुर अभ्यारण में एक ऐतिहासिक प्रजाति का सांप मिला है। बाघ निगरानी के दौरान वन्य जीव विज्ञानी विपिन कपूर सैनी, अपूर्व गुप्ता, रोहित रवि (सीनियर बायोलॉजिस्ट, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ), पशु चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. तल्हा, फार्मासिस्ट संदीप और भागीराम व नबीशेर खान शामिल थे। गश्त के दौरान विपिन कपूर सैनी ने इस पतली और लंबी शरीर वाली सांप को घास के किनारे से जंगल की ओर धीरे-धीरे सरकते हुएटीम ने इसकी फोटोग्राफिक डाक्यूमेंटेशन और संक्षिप्त स्वास्थ्य परीक्षण किया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि सांप पूरी तरह से स्वस्थ है। बाद में इसे रेंज अधिकारी मो. अयूब की निगरानी में सुरक्षित रूप से उसी स्थान पर छोड़ दिया गया। फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि दुधवा नेशनल पार्क केवल बाघ, हाथी, गैंडा तक सीमित नहीं है बल्कि यहां महत्वपूर्ण प्रजातियों का खजाना है।

# पांच दिवसीय बुद्ध महोत्सव का किया गया आयोजन

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** रुद्रपुर सालिम गांव में मातृभूमि सेवा संस्थान द्वारा पांच दिवसीय बुद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया संडीला हरदोई से आईं धम्म चारिणी रीना शाक्य ने बताया कि भगवान बुद्ध ने सभी मनुष्यों को समान माना। उन्होंने अछूत कहे जाने वाले सुनीत को अपनी शरण में लेकर मानवता का संदेश दिया। मानव कल्याण के लिए त्रि शरण और पंचशील का ज्ञान दिया। मातृभूमि सेवा संस्थान के अध्यक्ष कन्हैया मौर्य ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का दिन विशेष महत्व रखता है। इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था।

# पुलिस महानिदेशक एवं तकनीकी सेवाएं मुख्यालय द्वारा की गई समीक्षा



**बदायूं।** पुलिस महानिदेशक एवं तकनीकी सेवाएं मुख्यालय द्वारा की गई समीक्षा में जनपद बदायूं को पंचम स्थान प्राप्त हुआ है। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा जनपदीय टीम का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण व प्रभावी मॉनीटरिंग हेतु पुलिस तकनीकी सेवायें, मुख्यायलय द्वारा विकसित किये गये पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल पर 1 जनवरी 2024 से 15 अप्रैल 25 तक फीड प्रार्थना पत्रों की लोक शिकायत अनुभाग, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक एवं तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उ0प्र0 द्वारा की गयी समीक्षा में उत्तर प्रदेश के ज्ञश्श्र 10 जनपदों में बरेली जोन के जनपद बदायूँ को पंचम स्थान प्राप्त होने पर रमित शर्मा,अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन द्वारा जनपदीय कार्यालय की टीम के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहबर्धन किया गया है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा महिलाओं से संबंधित मामलों को सुना गया

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** महिला उत्पीड़न जैसे मामलों की रोकथाम एवं महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से महिला आयोग की सदस्य द्वारा,ऐसे मामलों की समीक्षा करते हुए, महिलाओं से संबंधित समस्याओं को सुना गया।

बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता शिविर में राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह द्वारा महिलाओं की समस्याओं की समीक्षा करते हुए उनको सुना गया। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में भूमि विवाद, अतिरिक्त विवाह, घरेलू हिंसा से सम्बन्धित सहित कुल 08 शिकायती प्राप्त हुये।सदस्य श्रीमती सिंह द्वारा महिलाओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण व समस्याओं के समाधान किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार को बर्दाश्त न करें। महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं।जन सुनवाई के उपरान्त सदस्य द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए महिलाओं से बातचीत की गई। सदस्य द्वारा अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था ठीक ना मिलने पर अस्पताल के सीएमएस को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया।सदस्य श्रीमती सिंह द्वारा जिला जेल का निरीक्षण भीकया गया। इस दौरान उन्होंने महिला बैरक में महिला बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना एवं उन्होंने बंदियों से विधिक सहायता की आवश्यता के बारे में भी पूछा।सदस्य द्वारा बताया गया कि



महिला संबंधी किसी भी शिकायत को टोल फ्री नंबर 18001805220, वॉट्सएप नंबर 6306511708 पर किया जा सकता है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रियंका, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, नायब तहसीलदार सदर पूजा वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रोबेशन कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# शराब सेल्समैन की हत्या के मामले में जल्द होंगी गिरफ्तारियां

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** शराब सेल्समेन की हत्या के मामले में सेल्समैन के परिजनों की तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।पुलिस का कहना है कि मुकदमे में नामजद लोगों की गिरफ्तारी जल्द ही कर ली जाएगी। मंगलवार को घटित घटना के बाद बुधवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस से मिली जानकारीक अनुसार थाना कुंवरगांव क्षेत्र के ग्राम दुगरईया में देसी शराब के ठेके पर काम करने वाले सेल्समेन मुकेश यादव की हत्या के मामले में,मृतक मुकेश यादव के परिजनों द्वारा पुलिस को सौंपी गई तहरीर के आधार पर मामले के आरोपी पंकज खुराना एवं ज्योति बाबू के विरूद्ध पुलिस द्वारा मुकदमा पजीकृत कर लिया गया है।पुलिस का कहना है कि घटना में संलिप्त अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी। जल्द गिरफ्तारी हेतु पुलिस की चार टीमों का गठन कर दिया गया है।बता दें कि मंगलवार को बदायूँ-आंवला मार्ग पर ग्राम दुगरईया के देशी शराब के ठेके के सेल्समैन मुकेश यादव पुत्र महेशपाल निवासी ग्राम रंझौरा थाना बिनावर,38 की हत्या कर दी गयी थी। घटना के बाद बुधवार को बरेली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय साहनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा वहां मौजूद लोगों से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा अधीनस्थों को घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# पक्षियों को बचाने से ही पर्यावरण प्रेम की बढ़ेगी भावना: संजय गर्ग

**सहारनपुर।** बढ़ते तापमान और हीटस्ट्रोक से पशु-पक्षियों को बचाने के लिए आज नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को निशुल्क मिट्टी के बर्तन वितरित किए गए और पशु-पक्षियों पानी उपलब्ध कराने की शपथ दिलायी गयी। चिलकाना रोड स्थित सैंट मैरीज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व पूर्व मंत्री संजय गर्ग, शिल्पा कोहली, समिति मुख्य संरक्षक सुषमा बजाज, अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल, मुहिम अध्यक्ष सुरैया कौसर, प्रधानाध्यापिका अनु बजाज ने किया। पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि स्कूली बच्चों को मिट्टी के बर्तन बांटने से न केवल पक्षियों को पानी मिलेगा, बल्कि बच्चों में भी पर्यावरण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी।

# तैयारी मिशन 2027 की

## जनसंपर्क में झोंक रहे अपनी पुरी ताकत, वहीं जनता भी बना रही आसपास पार्टी पर विश्वास



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** आने वाले विधानसभा की तैयारी सभी प्रत्याशी जोर शोर से कर रहे हैं वहीं पर आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी लगातार जनसंपर्क बनाने के साथ-साथ कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम कर रहे हैं। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर मुरादाबाद मंडल प्रभारी चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी अपनी विधानसभा नजीबाबाद के ग्राम कामगारपुर और राजगढ़ पहुंच कर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों से आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने व चंद्रशेखर आजाद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगर उन्हें एक बार विधानसभा पहुंचने का मौका मिला तो वे क्षेत्र के विकास में चार चांद लगा देंगे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से वोट और सपोर्ट की अपील करते हुए कहा कि वे क्षेत्र की जनता के दुख सुख में हर समय उनके साथ खड़े मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार से उन्होंने अपने नगर साहनपुर को चमकाने का कार्य किया है उसी प्रकार से वह अपनी विधानसभा को भी मुरादाबाद मंडल में विकास की प्रथम श्रेणी पर रखेंगे। खुर्शीद मंसूरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंप है उसे वे ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा करेंगे एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ साथ पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के हाथ मजबूत करने का कार्य करेंगे। आपको बताते चले कि अभी हाल ही में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने नजीबाबाद पहुंचकर आजाद समाज पार्टी के कैंप कार्यालय का उद्घाटन करने के साथ-साथ उन्होंने क्षेत्र की मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया था। जिससे खुर्शीद मंसूरी का कद और ऊंचा हो गया। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी नजीबाबाद विधानसभा की क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं जहां पर क्षेत्र के लोग उन्हें आने वाले विधानसभा के चुनाव में वोट और सपोर्ट और समर्थन देने का वादा कर रहे हैं। उधर खुर्शीद मंसूरी भी आजाद समाज पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार डोर टू डोर कर रहे हैं और घर-घर जाकर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के हाथों को मजबूत करने का आह्वान कर रहे हैं। जहां पर उन्हें जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी अशोक कुमार , विधानसभा सचिव अतर सिंह गौड, पूर्व प्रधान अब्दुल हई, नगर अध्यक्ष (युवा) नौशाद सरवरी , फहीम , इमरान आदि उपस्थित रहे।

# पालिका के ऐलान के बाद हटाई गई रेहड़ी-पटरी, लेकिन कुछ इलाकों में अब भी अतिक्रमण जारी



**नूरपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मंगलवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर के नगर नूरपुर में निर्माण कार्यों के निरीक्षण के मद्देनज़र नगर पालिका प्रशासन ने सड़क किनारे लगे रेहड़ी-पटरी वालों को हटाने का अभियान चलाया। धामपुर चौराहा से बुद्ध बाजार चौराहा तक फल एवं सब्जी विक्रेताओं ने पालिका के ऐलान के बाद अपनी रेहड़ियाँ नाले के पीछे कर दीं, जिससे रास्ते में काफी हद तक सुगमता आई।हालांकि बुद्ध बाजार से लेकर शिव मंदिर चौराहा तक कई दुकानदार अब भी अपनी दुकानों के सामने अवैध रूप से पटरी पर ठेले और फड़ लगाए हुए हैं, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बने डिवाइडर के बाद यह समस्या और भी गंभीर हो गई है, क्योंकि सड़क की चौड़ाई पहले ही सीमित है और अवैध कब्जे से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।नगर पालिका प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी दिनों में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई है ताकि नगर की व्यवस्था सुधारी जा सके।

# खेत में कीटनाशक छिड़कते समय किसान की मौत

**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद बिजनौर के अगरी गांव में एक किसान की खेत में दवा छिड़कते समय मौत हो गई। मृतक की पहचान दीप सिंह (35) पुत्र ब्रजवीर सिंह के रूप में हुई है। दीप सिंह अपने खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहे थे। इस दौरान तेज गर्मी और दवा के प्रभाव से वह बेहोश होकर गिर गए। आसपास काम कर रहे लोगों ने उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास ले जाया। लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन नेपाल सिंह ने बताया कि दीप सिंह खेत में दवा का स्प्रे करने गए थे। भीषण गर्मी और दवा की वजह से उनकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने मौत का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की जांच जारी है घटना से परिवार में कोहराम मच हुआ है परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है! पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# चकबंदी कार्य में लापरवाही बरतने पर डीएम साहिबा हुई नाराज़



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने चकबंदी कार्य में शिथिलता भारत में पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दो लेखपालों तथा एक कानूनगो का वेतन रोकने, एक लेखपाल को चेतावनी जानी करने तथा एक चकबंदी अधिकारी तथा सहायक संबंधी अधिकारी का भी स्पष्टिकरण तलब करने के निर्देश एसओसी चकबंदी को दिए। उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें और कार्य पूर्ण समयबद्वता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि माह मई,2025 के अंत तक चकबंदी प्रक्रिया अधीन सभी गांव धारा-7 से शत प्रतिशत रूप से बाहर आने चाहिए। उन्होंने एसओसी चकबंदी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीओ, ऐसीओ एवं कानूनगो के कार्यों की प्रगति प्रतिदिन समीक्षा करें और जिस स्तर पर भी लापरवाही होना प्रकाश में आए उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही अमल में लाएं।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश देकर उन्होंने चकबंदी अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर से चकबंदी कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है, इसलिए उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और सभी कार्य समयबद्वता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 05 वर्ष या उससे अधिक वर्षा के वादों के निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए निश्चित दायरे के अंतर्गत वादों का निस्तारण में तेज़ी लाएं और ज़्यादा से ज़्यादा वादों एवं आपत्तियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 1359 फसली से उसका मिलान करने के बाद ही कार्य प्रारंभ करें उन्होंने पड़ताल प्रक्रियाधीन तथा क़ब्ज़ा तब्दीली करने वाले गांवों को माह मई के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक वान्या सिंह, एसओसी चकबंदी संजय कुमार शर्मा, सीओ, एसीओ, कानूनगों, लेखपाल सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे!

## डीएमके प्रतिबंध के आदेश के बाद भी मिट्टी खनन जारी

# ईट भट्ठों की आड़ में मिटटी का अवैध भरान करके राजस्व को नुकसान पहुंचाने का कर रहे हैं कार्य



**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी जसजीत कौर के द्वारा जिला बिजनौर में साधारण मिट्टी के अवैध खनन परिवहन पर प्रभाषी अंकुश लगाए जाने तथा नेशनल हाईवे के कार्यों को छोड़कर रात्रि में साधारण मिट्टी के अनुजा धारकों द्वारा मिट्टी निकासी भराव का कार्य पूर्णतः प्रतिप्रबंधित किया गया है। बावजूद इसके तहसील नजीबाबाद के थाना क्षेत्र मंडावली के ग्राम भागुवाला में बड़े पैमाने पर जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन से भरान किया जा रहा है। मंडावली पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से खुलेआम जेसीबी से सबलगढ़ मंडय्यो क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जबकि एनएचएआई के कार्य को छोड़ कर तहसील नजीबाबाद में मिट्टी के अवैध खनन को उप जिलाधिकारी नजीबाबाद ने पूर्णता बंद किया हुआ है। सूत्रों की माने तो वन विभाग की जगह से मिटटी उठाई जा रही है। उधर मिट्टी माफिया ईंट भटटे की आड़ में किसान के खेत की परमिशन दिखा रहे हैं। मिट्टी खनन माफिया प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। मिट्टी से भरे दर्जनों डंपर मिट्टी को अवैध तरीके से उठाने में लगे हुए हैं। जबकी मिट्टी से भरे डंपर अवधेशानंद पुलिस चौकी के पीछे से होकर निकल रहे हैं फिर भी पुलिस मोन है। देखा जाय तो मिट्टी खनन माफिया सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान दे रहे हैं। बिना रॉयल्टी दिए ही मिट्टी से भरे डंपर बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, क्षेत्र में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर इन डंपरों से कोई बड़ा हादसा हो गया तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

# एक दिवसीय कार्यशाला 15 मई को

**सहारनपुर।** मण्डल के तीनों जनपदों में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत विकास सूचकांक पीडीआई और पंचायत विकास योजना पीडीपी वित्तीय वर्ष 2024-25 पर एक दिवसीय कार्यशाला 15 मई से आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला जनपद सहारनपुर में 15 मई को, मुजफ्फनगर में 16 मई को एवं शामली में 17 मई को पूर्वान्ह 10:30 बजे से विकासभवन सभागार में 02 सत्रों में आयोजित होगी। जिसके अन्तर्गत वीडियो फिल्म सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सतत् विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण (एलएसडीजी) के प्रगति के आंकलन के लिए पीडीआई और संस्थागत तंत्र का उन्मुखीकरण किया जाएगा तथा इसके लाभ रणनीति और परिणाम पर विचार किया जाएगा। अंत में संबंधित विषयों पर शंका समाधान भी किया जाएगा। इस कार्यशाला के तहत जिला स्तरीय जीपीडीपी एवं पीडीआई समिति के सदस्य जिला स्तरीय अधिकारीगण, 10 मॉडल ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव भाग लेंगे।

## राशन दुकान पर केवाईसी के विवाद को साम्प्रदायिकता का रंग देने का प्रयास



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अगर हम नही सम्भले तो शहर को साम्प्रदायिकता की आग में झोंक देने की पूरी तैयारी है। मामला तिवारीपुर थाना क्षेत्र के जाफरा बाज़ार में राशन दुकान पर केवाईसी कराने का है। मामले ने तूल पकडा तो मौके को देखते हुए इसे साम्प्रदायिक रंग देने के प्रयास के तहत मामले को पाकिस्तान और भारतीय सेना से जोड़ दिया गया। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विनोद और ईरशाद के बीच पार्षद चुनाव को लेकर पहले से रंजिश चली आ रही है। स्थानीय लोगों की मानें तो पहले विनोद और ईरशाद के बीच बातचीत हुई और फिर विनोद ने ईरशाद को धकेला तो वो दूध वाले कैरेट पर गिर गया। इसके बाद से मामला हाथापाई तक पहुंच गया। ये पूरी घटना सीसीटीवी में कैद बताई जा रही है। बहरहाल पाकिस्तान और भारतीय सेना वाला एंगल इसलिए दिया जा रहा है ताकि मामले को सनसनीखेज़ बनाया जा सके।

## आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि टीम ने मारा छापा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र लखनऊ व जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में संक्रामक रोगों के प्रसार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की गठित संयुक्त टीम डॉ0 जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य), श्री विनोद कुमार राय मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्री प्रशान्त श्रीवास्तव मण्डलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्री कन्हैयालाल यादव, श्री महेश प्रसाद, श्री सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा उरई इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सिस्टेक इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिष्ठान से पेय पदार्थ पैकेड ड्रिंकिंग वाटर का नमूना संग्रहित किया गया उरई नगर पालिका के इकलासपुरा रोड़ स्थित आर0 ओ0 प्लांट से पानी का नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही गोपाल गंज बम्बी रोड़ उरई के पास स्थित प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पैक्ड कुल्फी, आइसक्रीम वनीला, आइसक्रीम वटर इक्कॉच (कुल 03 नमूनें ) संग्रहित किये गये।

## एसडीएम ने निर्मित कुठौंदा बुजुर्ग पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनमानस को शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी जालौन विनय मौर्य द्वारा नमामि गंगे योजना के अंदर निर्मित कुठौंदा बुजुर्ग पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों से योजना में की जा रही आपूर्ति के विषय में जानकारी ली।ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सुबह शाम टंकी द्वारा आपूर्ति की जा रही है। उपजिलाधिकारी द्वारा योजना में लगे क्लोरिनेशन प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। जो कि चलता हुआ पाया गया। योजना में सुचारू प्रेशर एवं शुद्ध आपूर्ति हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया है।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में जिला स्काउट मास्टर ने कब और बुलबुल का गठन कराया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में जिला स्काउट मास्टर ने कब और बुलबुल का गठन कराया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा एवं स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर पहुंच कर कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों का कब एवं बुलबुल का गठन कराया।इस अवसर पर सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि शीघ्र ही बच्चों की यूनीफार्म तैयार कराई जाएगी तथा प्राप्त निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में आशा वर्कर रामदेवी, आंगनबाड़ी मेमवती, आशा, उमा,फूलन देवी आदि उपस्थित रहे।

## गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सदस्य बलवंत राय के निधन पर शोक

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सम्मानित सदस्य श्री बलवंत राय जी के आकस्मिक दुखद निधन पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में शोक सभा आहुत कर मीडियाकर्मियों ने गहरा दुख प्रकट किया। इस अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने कहा कि स्मृतिशेष बलवंत राय जी व्यवहार कुशल, संवेदनशील, सरल और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। उनका असामयिक निधन प्रेस क्लब परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## संगठन को मजबूत करने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की समीक्षा बैठक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस संगठन की समीक्षा, संगठन सृजन तथा जिला पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर सहजनवां ब्लाक के ग्राम कुआवल कला तथा पाली ब्लाक के ग्राम मिनवां में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उसकी मजबूती से ही पार्टी मजबूत होगी। आरएसएस-बीजेपी से विचारधारा की इस सबसे कठिन लड़ाई के वक्त संगठन का मजबूत होना जरूरी है। पुराने और वरिष्ठ नेताओं-कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए नए कार्यकर्ताओं की भर्ती पर ध्यान देना होगा। वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार पांडेय ने कहा कि आने वाले समय में जिला पंचायत के चुनाव होने हैं। हमें अभी से कमर कस लेना है। सभी को साथ लेकर चुनाव की तैयारी गंभीरता से करनी है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर पुराने, वरिष्ठ और सक्रिय लोगों को टीम बनाकर काम करना होगा। सहजनवां ब्लाक के निवर्तमान अध्यक्ष गब्बू लाल प्रजापति तथा पाली के ब्लाक के निर्वतमान अध्यक्ष ऋषि चंद गुप्त की अध्क्षयता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवीन सिन्हा, आलोक शुक्ला, नरसिंह नारायन त्रिपाठी पाण्डेय, एसपी सिंह, विजय भान पासवान, घटोत्कक्ष शुक्ला, बद्री शुक्ला, विवेक श्रीवास्तव, ज्ञान पांडेय, सत्येन्द्र निषाद, उत्कर्ष पांडेय , सत्य प्रकाश मिश्रा, कृष्ण कुमार दुबे, विजय कुमार शुक्ला, मनोज पाल, रामाज्ञा पासवान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तौकीर अहमद पुत्र स्व. शाबान अली, निवासी 474/पी 2 /25 ब्रहमनगर सीतापुर रोड निराला नगर लखनऊ का निवासी हूं। मेरी पुत्री Aleena Tauqir जो कि क्राइस्ट चर्च कालेज लखनऊ में 10 A की छात्रा है। जिसका नाम त्रुटिपूर्वक कॉलेज के रिकॉर्ड में Aleena Touqir दर्ज है। जो कि गलत है सही नाम aleena tauqir है तथा Aleena Tauqir के पिता के नाम Touqir Qidwai की जगह Tauqir Ahmad और माता के नाम को Farzana Touqir की जगह Farzana Khatoon पढ़ा जाए।

# कप्तानगंज के नए एसडीएम अनिल कुमार ने संभाला पदभार

अवधनामा संवाददाता



कार्यभार ग्रहण करते नवागत एसडीएम अनिल

**कप्तानगंज कुशीनगर।** प्रशासनिक बदलाव के तहत गुरुवार को नए एसडीएम अनिल कुमार ने अपना पदभार संभाल लिया। इससे पहले एसडीएम परितोष मिश्रा का स्थानांतरण गैर जनपद के लिए हो चुका था, जिसके बाद

**पत्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे मेरी प्राथमिकता : अनिल**

जिलाधिकारी अनिल कुमार को इस पद पर नियुक्त किया। अनिल कुमार ने तहसील कार्यालय में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने की दिशा में अपने मातहतों से अपेक्षाएं जताई।

पदभार ग्रहण करते हुए अनिल कुमार का स्वागत तहसीलदार (न्यायिक) चंदन शर्मा और नायब तहसीलदार एकता तिवारी ने किया। स्वागत के दौरान परंपरागत रूप से उन्हें पौधे भेंट किए गए। इसके बाद एसडीएम ने राजस्व टीम के साथ बैठक की और क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा, ÷मेरी प्राथमिकता यह होगी कि यहां के लोगों को न्याय मिले, पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। एसडीएम अनिल कुमार की तैनाती से पहले वे पडरौना में न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत थे। कप्तानगंज में उनके आने से प्रशासनिक कार्यों में नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद है। एसडीएम के साथ राजस्व टीम के प्रमुख सदस्य भी बैठक में मौजूद थे, जिनमें कानूनगो और लेखपाल जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इस मौके पर तहसील क्षेत्र के समस्त राजस्व टीम के सदस्य जैसे मार्कण्डेय गुप्ता, सुरेंद्र प्रजापति, आशुतोष कुमार और भरत कुमार भी मौजूद रहे।

# हुनर व कला किसी की मोहताज नहीं होती: प्रधानाचार्य

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** व्यक्ति जितनी गहराई में गोता लगता है, उतनी अधिक संख्या में मोतियों को पाता है। दिव्यांग बच्चों ने जिस प्रकार अपनी हुनर व कला परिचय दिया है, पूरे विद्यालय परिवार का सिर गर्व से ऊचा हो गया है। जिले में अपना व विद्यालय का नाम रोशन करने वाले इन सभी सात बच्चों को प्रणाम पत्र देते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है, ईश्वर सबके साथ न्याय करता है, वह बड़ा कारसाज है। उक्त उद्गार वैदिक धर्म इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर मिश्र ने व्यक्त की। वह बुधवार को अपने विद्यालय के दिव्यांग कलाकार बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण पर हमारे विद्यालय के होनहार दिव्यांग बच्चों ने जिस प्रकार अपनी कला का परिचय दिया जिले में उसकी खूब सराहना हो रही है।

## आयुक्त संगीता सिंह की पहल मण्डल भर के लिए बनी प्रेरणा का सबब

**अलीगढ़।** मंडलायुक्त संगीता सिंह द्वारा अप्रैल मासांत में विकासखंड लोधा के ग्राम पंचायत तलेसरा का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का अवलोकन किया और लाभार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह को विशेष रूप से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उनके स्वास्थ्य कार्ड बनवाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बुजुर्ग नागरिकों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में यह एक प्रभावी कदम है। ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि ग्राम तलेसरा के सभी 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवा दिए जाएंगे। बुधवार को ग्राम प्रधान तलेसरा गजेंद्र सिंह हाथ में सूची ले कमिश्नरी कार्यालय पहुंच मंडलायुक्त से भेंट की।

## माँ की पुण्यतिथि पर गरीबों को वितरित किये कपड़े



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भियांव व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने स्वर्गीय माता जी शारदा देवी की पुण्यतिथि पर गरीबों को बीच पहुंचकर उन्हें मिठाई और कपड़े बांटे और उन्हें याद किया। अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि स्वर्गीय माता जी गरीब असहाय व्यक्तियों की हमेशा चिंता करती थी। उन्हीं की प्रेरणा पर उनके ना रहने पर हर वर्ष गरीब असहाय लोगों के बीच पहुंचकर पुण्यतिथि मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला प्रचारक शैलेंद्र कुमार, तहसील प्रचारक जनार्दन, व्यापार जिला अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता किछौछा अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, सोनू जायसवाल, विनोद अग्रहरि शिव कुमार सुरेश अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में करेन्तर की समीक्षा बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व संबंधित अधिकारियों को बसूली व प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये , स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई ,आबकारी विभाग की बसूली ठीक पाई गई,परिवहन विभाग का बसूली ठीक पाई गई, मंडी कायमगंज व कमालगंज की बसूली कम पाई गई, मंडी को प्रवर्तन कार्य बढ़ाने के लिये निर्देशित किया गया,वन विभाग की बसूली अच्छी पाई गई, नगर पंचायत कंपिल की बसूली अत्यंत खराब पाई गई,विद्युत विभाग की बसूली कम पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि राजस्व विभाग इसी महीने लगान का पैसा जमा कराये, सभी ई0ओ0 बरसात से पहले नाले साफ करा लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व,अपर जिलाधिकारी न्यायिक,उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी कायमगंज, उपजिलाधिकारी न्यायिक कायमगंज व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

अवधनामा



# विकास व जन सेवाओं पर खर्च होंगे 74256 लाख

## नगर निगम बोर्ड की बैठक में 75661.27 लाख आय का अनुमान



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम क्षेत्र में विकास एवं जन सेवाओं के लिए सात अरब 42 करोड़ 55 लाख 96 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम बोर्ड की बैठक में ध्वनिमत से वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को स्वीकृति दे दी गई।

बुधवार को गांधी सभागार में आयोजित नगर निगम बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने की । नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की मौजूदगी में बैठक का संचालन अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने किया। बैठक की शुरुआत में वित्तीय एवं लेखा अधिकारी नरेंद्र सिंह ने आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिसके मुताबिक चार अरब 96 करोड़ 35 लाख रुपए इस वित्तीय वर्ष में आय का अनुमान लगाया गया है।

प्रारंभिक अवशेष समेत कुल अनुमानित आय 7 अरब 56 करोड़ 61 लाख 27 हजार रुपए आकी गई है। इसके मद्देनजर 7 अरब 42 करोड़ 55 लाख 96 हजार रुपए व्यय का प्रस्ताव किया गया, जिसे बोर्ड ने सर्वसम्मति से चर्चा के उपरांत पास कर दिया। इस धनराशि में कर से आय 2972.50 लाख संपत्तिकर, जलकर, पशुकर एवं अन्य कर शामिल है। किराये से आय 57 लाख विभिन्न प्रकार के शुल्क से 2146.90 लाख, उत्पादो की विक्री से 77.70 लाख रुपये आय का अनुमान लगाया गया है।

राजस्व अनुदान एवं अंशदान के रूप में 16391 लाख रुपये ब्याज से अन्य तरह की आय से 31.60 की आय संभावित है इसके अलावा केंद्र सरकार से 2740 लाख राज्य सरकार से 24107.60 लाख रुपये होने का अनुमान लगाया गया है इस धनराशी का इस्तेमाल कर्मचरियो के देय, विकास एवं जन सुविधायो पर किया जायेगा।

बोर्ड की बैठक में सफाईकर्मियों का बीट निर्धारित करने का फैसला किया गया। प्रवर्तन दल को कार्य व्यवहार में सुधार लाने की हिदायत दी गई।अलाव की लकड़ी की खरीद की जाँच के आदेश दिये गए। और किसी भी प्रकार की सामग्री की खरीद की निविदा समय से आमन्त्रित करने का फैसला किया गया। बजट की चर्चा में उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद बृजेंद्र सिंह, जय नारायण सिंह, अनिल सिंह, अनुज दास, विकास कुमार, सूर्यकुमार तिवारी, विशाल पाल, हरिश्चंद्र गुप्त, चंदन सिंह, जगत नारायण, विनय जैसवाल, अखिलेश पाण्डेय,आदि ने हिस्सा लिया। बैठक में अपर नगर आयुक्त बागीश कुमार शुक्ल, शशि भूषण राय, मुख्य अभियंता पुनीत ओझा, सीटीएओ गजेंद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ला आदि मौजूद थे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव पास

वरिष्ट पार्षद बृजेंद्र सिंह ने एक राष्ट एक चुनाव का प्रस्ताव पेश किया जिस पर चर्चा में सपा पार्षद विशाल पाल ने आपत्ति दर्ज करवाई महापौर ने 1967 तक लोक सभा व विधानसभा के चुनाव एक साथ करने का हवाला दिया और इससे होने वाले लाभ बताए उन्होने कहा की इस से आचार संहिता का समय घटेगा। चुनाव खर्च कम होंगे। सरकारी तंत्र का सदुपयोग होगा। विकास कार्य तेज होगा। सर्व सम्मति से प्रस्ताव को सदन ने स्वीकृति प्रदान की।

### पहलगाम कांड की निंदा सेना को सराहा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी नरसंहार की बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास कर कड़ी निंदा की गई इस मौके पर पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर सफलतापूर्वक की गई सैन्य कार्रवाई की सराहना की गई।

# प्रदेश सरकार की 62 परियोजनाएं जल्द होंगी साकार

## अयोध्या में रामपथ व धर्मपथ पर मिस्टिंग फैन लगाए जाने की है योजना, पार्किंग का भी है प्रस्ताव

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को विश्वस्तरीय तीर्थ स्थल बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। इसके तहत अयोध्या में 62 नई परियोजनाएं जल्द ही मूर्त रूप लेंगी। इन परियोजनाओं में रामपथ और धर्मपथ पर मिस्टिंग फैन, फटिक शिला के पास पार्किंग सुविधा और राम की पैड़ी के पास देश की समृद्ध संस्कृति को दर्शाने वाली वाल पेंटिंग जैसी योजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं का कुल बजट 135 करोड़ रुपये है। डीपीआर शासन को भेज दी गई है। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने इस महत्वाकांक्षी योजना को तैयार किया है, जिसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए रामपथ और धर्मपथ पर 500 से अधिक मिस्टिंग फैन लगाने की योजना है। ये फैन गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत प्रदान करेंगे और शहर की सौंदर्यता को भी बढ़ाएंगे। मिस्टिंग फैन न केवल पर्यावरण के अनुकूल होंगे, बल्कि ऊर्जा की खपत को भी कम करेंगे। इस सुविधा से अयोध्या में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को गर्मी से निजात मिलेगी और उनकी यात्रा अधिक सुखद होगी।

भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। बढ़ती भीड़ और वाहनों की संख्या को देखते हुए फटिक शिला के पास नई पार्किंग सुविधा विकसित की जाएगी। यह पार्किंग श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए वाहन खड़ी करने की समस्या को हल करेगी। इससे न केवल यातायात व्यवस्था सुचारु होगी, बल्कि तीर्थयात्रियों को मंदिर दर्शन के लिए सुगमता भी मिलेगी। इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने ठोस रणनीति तैयार की है।

राम की पैड़ी और आकर्षक बनाने के लिए वहां देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाने वाली वॉल पेंटिंग बनाई जाएगी। ये पेंटिंग कैनाल के निकट की दीवारों पर बनाई जाएंगी। यह न केवल अयोध्या की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को उजागर करेंगी, बल्कि पर्यटकों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का भी माध्यम बनेंगी।

**तीर्थ स्थलों को विकसित करने का है लक्ष्य- सीईओ**

अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि इन सभी परियोजनाओं को अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने डिजाइन और प्रस्तुत किया है। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इन योजनाओं की प्रगति पर नजर रख रहे हैं। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का लक्ष्य रामनगरी को ऐसे तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करना है, जो आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो और साथ ही इसकी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित रखे। डीपीआर को शासन द्वारा मंजूरी मिलने के बाद इन परियोजनाओं पर तेजी से काम शुरू कर दिया जाएगा।

## डॉक्टर हत्याकांड में फरार 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** एक पखवाड़ा पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम् मलौली मे हुई डाक्टर हत्याकांड के 25 हजार के इनामिया वांछित अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ बांसा चौराहे से मसौली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले कि गत 3 मई की रात्रि मे ग्राम् मलौली मे निजी अस्पताल चलाने वाले डडियामऊ निवासी सत्येंद्र कुमार की लाठी डंडो से पीट कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने गत 10 मई को हत्या का खुलासा करते हुए रस्मनगर थाना क्षेत्र के ग्राम हरसौली निवासी श्रीराम शुक्ला पुत्र शिवशंकर व सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्काबाद निवासी पंकज मौर्या पुत्र रामकिशोर को गिरफ्तार कर आलाकत्ल हत्या में प्रयुक्त दो अदद बांस के डण्डे व अवैध असलहा बरामद किया था तथा हत्या का मुख्य सूत्रधार शुभम शुक्ला निवासी ग्राम मलौली व अजय कुमार वर्मा पुत्र अम्बिका प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम मुस्काबाद थाना सफदरगंज फरार थे जिन पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, उपनिरीक्षक अभय कुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार, विनोद कुमार लवकुश सिंह, नौमीनाथ यादव ने 25 हजार के इनामिया अजय कुमार वर्मा पुत्र अम्बिका प्रसाद वर्मा को बांसा चौराहे से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक 17 मई को

**आगरा। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की ÷संसदीय अध्ययन समिति÷ के सभापति सुरेन्द्र चौधरी के सभापतित्व में जिला प्रशासन आगरा एवं फिरोजाबाद एवं मैनपुरी के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ दिनांक 17 मई 2025 को प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्राम्य विकास, नगर विकास, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज, सिंचाई, प्राविधिक एवं माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गृह, समाज कल्याण, राजस्व, आबकारी, पशुपालन, गन्ना, बेसिक शिक्षा, पर्यावरण, सहकारिता, दुग्ध विकास, खाद्य एवं रसद, भूतत्व एवं खनिजकर्म, होमगार्ड, कारागार, आयुष, आयुर्वेद, यूनानी, होमोपैथिक, पर्यटन, विद्युत सुरक्षा, ग्रामीण अभियंत्रण, व्यापार कर एवं संस्कृति विभाग में जनप्रतिनिधियों के प्राप्त पत्रों के निस्तारण की कार्यवाही पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

## नाबालिग लड़की के साथ अश्लील फोटो दिखाकर छेड़खानी व अश्लील हरकत करने वाले को 5 साल की सजा

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** नाबालिग लड़की के साथ अश्लील फोटो दिखाकर छेड़खानी व अश्लील हरकत करने वाले अभियुक्त को न्यायालय द्वारा पांच वर्ष का कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित। जानकारी अनुसार पिता द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा उसकी 11 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अश्लील फोटो दिखाकर छेड़खानी व अश्लील हरकतें की गई। विवेचक द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना करते हुए 1 दिन बाद ही अभियुक्त हरीशचन्द्र पुत्र मुंशीलाल निवासी-ओमनगर दयालबाग थाना न्यू आगरा कमिश्नरेट आगरा को दिनाँक 8.06.2020 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विवेचक द्वारा अभियुक्त हरीशचन्द्र उपरोक्त के विरुद्ध वादी गवाहान व पीड़िता द्वारा वास्तविक तथ्यों के आधार पर गवाही देने के आधार पर साक्ष्य संकलन कर उपरोक्त धाराओं में आरोप पत्र दिनांक 05.07.2020 को न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय में पेश किये गये साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराया गया। पीड़ित को त्वरित न्याय एवं अपराधी को सजा दिलाये जाने हेतु पुलिस आयुक्त आगरा द्वारा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में थाना न्यू आगरा पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन तथा मॉनीटरिंग सैल द्वारा सतत एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए सही तथ्यों पर गवाहन की गवाही न्यायालय के समक्ष कराई गई। वही न्यायालय एडीजे-27 कोर्ट आगरा द्वारा दिनांक 14.05.2025 को अभियुक्त हरीश चन्द्र को पांच वर्ष का कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### ताजमहल का दीदार करने आए महाराष्ट्र के पर्यटक की मौत

**आगरा। (अवधनामा संवाददाता )** ताजमहल में घूमते समय महाराष्ट्र के पर्यटक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ताजमहल घूमने आए पर्यटक की अचानक बिगड़ी थी तबीयत, वो गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। अबतक मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। ताजमहल देखते समय जैसे ही पर्यटक गिरे तुरंत एएसआई और सीआईएसएफ की टीम ने उन्हें व्हील चेयर पर बैठाकर अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले से ही उनकी मौत हो गई थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ताज महल के रॉयल गेट के पास का मामला है। महाराष्ट्र के लातूर जिले के रहने वाले शिवलिंग बबय्या स्वामी अपने परिवार के साथ आगरा घूमने आए थे और बुधवार को पूरे परिवार के साथ वे ताजमहल देखने पहुंचे थे। परिवार के लोगों ने बताया कि, उनकी तबियत पहले से ही ठीक नहीं थी और ताजमहल देखते ही उनकी तबियत और ज्यादा बिगड़ने लगी।

## सहायक चकबंदी अधिकारी 20 हजार की रिश्वत की पहली किस्त लेते रंगेहाथ गिरफ्तार, एफआईआर



**बरेली। (अवधनामा संवाददाता )** तहसील फरीदपुर में तैनात सहायक चकबंदी अधिकारी महेश सिंह को विजिलेंस टीम ने बुधवार को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव में जमीन चकबंदी कार्य में सुविधा प्रदान करने की एवज में मांगी थी। फरीदपुर के एक गांव निवासी पीड़ित से महेश सिंह ने जमीन इकट्ठा कर चक बनाने के नाम पर 20 हजार रुपये मांगे थे। परेशान किसान ने विजिलेंस में शिकायत कर दी। टीम के कहने पर किसान सहायक चकबंदी अधिकारी महेश सिंह को दस दस हजार रुपये दो किस्तों में देने को तैयार हो गया। जिसके बाद इस संबंध में पीड़ित ने एसपी विजिलेंस से मिलकर मामले की जानकारी दी। पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से देखते हुए विजिलेंस ने मामले की गहन जांच-पड़ताल की। जाँच में आरोप की पुष्टि होने के बाद टीम ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। तय योजना के अनुसार जैसे ही पीड़ित ने 10 हजार की पहली किस्त महेश सिंह को दी, मौके पर मौजूद विजिलेंस की टीम ने आरोपी को रिश्वत की रकम के साथ उसके कार्यालय में दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया को दस्तावेजों में दर्ज करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे आगे की पूछताछ की जा रही है। साथ ही, उसके पूर्व के कार्यकाल और अन्य फाइलों की भी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने पहले भी इसी तरह से रिश्वतखोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है या नहीं।

## नवीन मिश्र बने यूटा संरक्षक और पंकज ब्लॉक संयोजक, हुआ स्वागत



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता )** ब्लाक संसाधन केंद्र सिरौली गौसपुर प्रांगण में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा की ब्लॉक इकाई सिरौली गौसपुर की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ सरस्वती माता के पूजन के साथ किया गया। बैठक में विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर व्यापक चर्चा हुई। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल रावत, महामंत्री मनीष बैसवार, कोषाध्यक्ष मो सूफियान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद यादव ने शिक्षकों की समस्याओं को खंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर निराकरण कराने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष अमित मिश्र, वरिष्ठ शिक्षक करुणा शंकर तिवारी, राज नारायण तिवारी, अरुण वर्मा, अभय सिंह, शिव पूजन रावत, शिव कुमार, सूर्यभान, बृजेंद्र सिंह, विवेकानंद, वीरेंद्र यादव, सचिन जायसवाल, उषा देवी, गुंजन वर्मा, दीपेंद्र कुमार, अंकुर रावत, श्रवण कुमार, अनिल कुमार, रामकृपाल वर्मा, सुभाष चंद्र यादव, वरुण प्रताप सिंह, अखिलेश वर्मा, राकेश यादव, आशीष गौरव, अशोक कुमार शुक्ल, अमित गौतम सहित भारी संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# नियमित स्वास्थ्य जांच स्वस्थ जीवन को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण हिस्साः राइस आलम



अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** प्रसार संस्था एवं सॉझा प्रयास के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को पंचायत भवन बड़ागांव स्थित सीएससी सभागार मे एक दिवसीय सुरक्षित गर्भ समापन एवं गर्भ निरोधक सेवाओं को लेकर मीडिया बन्धुओं के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए ब्लाक प्रमुख रईस आलम ने कहा कि महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार और सुरक्षित गर्भ समापन के मुद्दों पर सभी जन समुदाय को जागरूक करना अनिवार्य है। यह साझा प्रयास नेटवर्क बाराबंकी में महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को लेकर मुहिम चला रहा है काफी प्रसन्नीय एवं सराहनीय है उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच स्वस्थ जीवन को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि यह विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का जल्द पता लगाने में मदद करता है, जिससे समय पर उपचार संभव हो पाता है। नियमित जांच कोलेस्ट्रॉल के स्तर और रक्तचाप सहित महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करने में मदद करती है। स्वस्थ जीवन के लिए स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता बनाना हम सभी के अति जरूरी है। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एक महिला के लिए गर्भपात एक मुश्किल निर्णय हो सकता है और वह प्रक्रिया के दौरान कई की भावनाओं का अनुभव करती है। उसके पति एवं परिवार को महिला के निर्णय में सहयोग देना चाहिए और उसकी सुरक्षित और कानूनन सेवाएं लेने में मदद करनी चाहिए। सही जानकारी और आपसी सहयोग से हम देश में हो रही असुरक्षित गर्भपात संबंधित जटिलताओं की संख्या कम कर सकते हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम ने बताया कि भारत में प्रतिदिन 13 महिलाओं की असुरक्षित गर्भपात से संबंधित कारणों से मृत्यु हो जातीहै और सैंकड़ों महिलाएं गंभीर जटिलताओं का सामना करती है। यानि देश में होने वाली मातृ-मृत्यु में से 8 प्रतिशत असुरक्षित गर्भपात के कारण होती है। यदि किसी महिला को माहवारी के दिन चढ़ गये हो या उसे अनचाहे गर्भ के ठहरने की आशंका हो तो उसे बिना किसी देरी के नजदीकी आशा या एएनएम से संपर्क करना चाहिए या डॉक्टर को दिखाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि गर्भ 20-24 तक का हो तो संषोधित एमटीपी एक्ट 2021 के तहत गर्भपात कराया जा सकता है। अगर गर्भ 9 सप्ताह तक का हो तो गोलियों द्वारा गर्भपात भी किया जा सकता है। गर्भपात जितना जल्दी कराया जाये उतना ही सरल और सुरक्षित होता है।उन्होंने बार बार गर्भ समापन से महिलाओं में बढ़ते कुपोषण का खतरा हो सकता है। प्रसार संस्था के सचिव शिशुपाल ने कहा कि जहाँ एक तरह सरकार अपने विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर इस कुरीति को दूर करने के लिए कृतसंकल्पित है वहीं मीडिया का एक नेटवर्क सॉझा प्रयास अपने मीडिया बन्धुओं के साथ इस मुद्दे पर निरन्तर प्रयासरत है। इसी कडी में आज का यह कार्यक्रम मीडिया के साथ किया जा रहा है।

## सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थित वीडियो पोस्ट, युवक गिरफ्तार, दूसरे पर एफआईआर



**बरेली। (अवधनामा संवाददाता )** सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में जिले के दो युवकों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। देवरनियां थाना क्षेत्र के गिरधरपुर निवासी मोहम्मद साजिद को पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार कर लिया। वहीं, शीशगढ़ के गुलड़िया गांव निवासी गुलाम रसूल के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।मोहम्मद साजिद ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें कुछ युवक झंडा लहराते हुए पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी करते नजर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि वीडियो पाकिस्तान का है, लेकिन उसकी पोस्ट से स्थानीय हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। मामले की शिकायत हिमांशु पटेल नामक युवक ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पुलिस से की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। रविवार रात देवरनियां पुलिस ने दबिश देकर मोहम्मद साजिद को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद साजिद का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह थाने में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाता हुआ और लंगड़ाता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा जा रहा है। इधर, शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गुलड़िया गांव निवासी गुलाम रसूल ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट की थी। पोस्ट वायरल होने के बाद जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी ने एक्स पर इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कंटेंट डालने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## आज चार घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप

**सिसवा बाजार(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता )** सिसवा विद्युत उपकेंद्र से संचालित होने वाली टाउन व देहात फीडर की विद्युत आपूर्ति बुधवार को सिसवा उपकेंद्र पर कंट्रोल रूम का विस्तार कार्य होने के कारण चार घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। यह जानकारी देते हुए उपकेन्द्र के अवर अभियंता सुजीत कुमार चौरसिया ने बताया कि सिसवा उपकेंद्र के फीडर सेसंचालित होने वाली सिसवा टाउन, नार्थ गंडक, पीटी डब्ल्यू व निचलौल फिडर की विद्युत आपूर्ति उपकेंद्र पर कंट्रोल रूम का विस्तार कार्य होने के कारण बुधवार को अपराह्न बारह बजे से शाम चार बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी।

## अवैध जमीन पर बने मदरसे को प्रशासन ने किया जमींदोज



अवधनामा संवाददाता

**नौतनवा (महराजगंज)।** नेपाल से सटे सीमावर्ती गांवों में चल रहे अवैध मदरसों को हटाने की कड़ी में प्रशासन ने ग्राम पंचायत धरैची थाना कोल्हुई के अंतर्गत आने वाले राजस्व ग्राम सेमरहनी में अवैध जमीन पर बनाए गए सत्तावन साल से चल रहे मदरसा अहले सुन्नत को प्रशासन ने दल बल के साथ पहुंच कर बुलडोजर से ढहा दिया। ग्राम सेमरहनी के लोगों से बात करने पर पता चला कि यह मदरसा खाद गड्ढे को पाट कर गांव के ही कुछ लोगों ने कमेटी बनाकर चलाना शुरू किया था, पहले यह एक छोटे जगह को कब्जा कर के चलाया जा रहा था लेकिन धीरे-धीरे मदरसा चलाने वाले लोग अपना कब्जा बढ़ाते गये। परंतु इस समय सरकार की मंशानुरूप की कोई भी किसी सरकारी जमीन अथवा दूसरे के जमीन पर कब्जा न कर सके के आधार पर इस मदरसे को ढहा दिया गया।इस जमीन पर सरकार बनाम मदरसा चलाने वाले लोगों के विरुद्ध 2017 से मुकदमा भी चल रहा था जिसमें कब्जा हटाने का आदेश होने के बावजूद कब्जा नहीं हटाया जा रहा था इसलिए एसडीएम फरेंदा मुकेश कुमार सिंह ने राजस्व विभाग,पुलिस व एस एस बी टीम के साथ पहुंच कर बुलडोजर की मदद से मदरसे को ढहा दिया।इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल होने के कारण शांति बनी रही।

## हिस्ट्रीशिटरों पर कड़ी नजर रखने का दिया निर्देश

# पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने फरेंदा और कोल्हुई थाने का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बुधवार को थाना फरेंदा और थाना कोल्हुई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आईजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह और भोजनालय की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। मीना ने अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, सक्रिय अपराधी रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की भी जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हवालात की साफ-सफाई की स्थिति भी देखी गई, जिसमें सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने थानों पर तैनात समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को कर्तव्यों के निष्पादन में पूर्ण सतर्कता व पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने बीट आरक्षियों और मुख्य आरक्षियों को क्षेत्र में नियमित भ्रमणशील रहने, संभ्रांत व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने तथा आमजन की समस्याओं का विधिक रूप से समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग कर उन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

## मारपीट में तीन घायल, मुकदमा दर्ज

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता )** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के झनझनपुर गांव में मंगलवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस कार्यवाही में जुटी हुई हैं। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैजनाथपुर कला निवासी हरिशंकर कुशवाहा सिंदूरिया थाने में तहरीर दिया है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उनका छोटा भाई हरेंद्र कुशवाहा झंझनपुर में एक दुकान पर चाय पी रहा था । तभी चौक थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खजुरिया निवासी आरिफ, बद्रुज्जमा, ताजमुहम्मद, तथा कुछ अज्ञात लोगों ने बिना किसी कारण के हरेंद्र से विवाद शुरू कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार इस घटना में दूसरे पक्ष के भी दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरिफ, बद्रुज्जमा, और ताजमुहम्मद के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।

## नपा अध्यक्ष ने निर्माणाधीन बुद्धा कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जनपद मुख्यालय पर महिला जिला अस्पताल के नजदीक निर्माणाधीन बुद्धा कॉम्प्लेक्स का औचक निरीक्षण अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल, अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्मेश मंगल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद ठेकेदार से निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल-जवाब किए और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जांच में कुछ तकनीकी खामियों की ओर इशारा करते हुए अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की सख्त हिदायत दी। अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा ने भी कार्य की गति और मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक हित के इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और गुणवत्ता के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगो को स्वस्थ्य करने का लिया हूँ संकल्प : सांसद

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जनपद के ग्रामीण इलाको में भारत सरकार के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगो को स्वस्थ्य करने का संकल्प लिया है। उक्त बातें सांसद जगदम्बिका पाल ने कहीं। वह बुधवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि सिद्धार्थनगर एक आकांक्षी जनपद है। इसे विकसित जिला बनाने के लिए कटिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की डबल इंजन की सरकार का उनकी कोशिशों में हमेशा ही आशिर्वाद एवं पूर्ण सहयोग रहा है। श्री पाल ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना एक मील का पत्थर साबित हुआ है। मेडिकल कालेज के बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज देखे जा रहे है।

प्राथमिक स्तर पर ग्रामीण इलाको में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के लिए एक महाअभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान का स्लोगन है- जगदम्बिका पाल का सपना, स्वस्थ रहे सिद्धार्थनगर अपना। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गाँव में निःशुल्क एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि किसी भी व्यक्ति को होने वाले रोगों का प्रारम्भिक स्तर पर ही पता चल सके। प्रारम्भिक स्तर पर रोगों की पहचान होने से व्यक्ति को कम खर्च और तकलीफ में ही ठीक किया जा सकता है। साथ ही बड़े अस्पतालों पर भी बोझ बहुत कम हो जाता है और वहाँ गंभीर रोगियों को त्वरित इलाज मिलता है। प्रारम्भिक चरण में इस अभियान के अंतर्गत एन.टी.पी.सी. लिमिटेड द्वारा प्रायोजित 25 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा से 5 गांवों का चयन किया गया है। 15 सदस्यों की मेडिकल टीम एक शिविर में रहेगी। इसमें सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, खून, मधुमेह, रक्तचाप, दांत और आँखों की जांच की जायेगी। नजर कमजोर होने पर निःशुल्क चश्मा भी दिया जाएगा। साथ ही दवाओं का वितरण भी होगा। सांसद जी अपने प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल को इस अभियान का प्रभारी नियुक्त किया है।

## कोटेदार पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमौती जमौता के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर गांव के कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, गाँव का कोटेदार दबंग और भ्रष्ट है और घटतौली, प्रति यूनिट कटौती करता है, साथ ही अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देता है। इसके संबंध में तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बावजूद कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते कोटेदार की दबंगई ज्यो की त्यों बनी हुई है।

जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र के माध्यम से ग्रामीणों मे अमरनाथ पुत्र बाबूलाल, धर्मराज पुत्र महेश, सहाबुद्दीन पुत्र मो. आकील, मुमताज अली पुत्र हबीबुल्लाह, आदि ने बताया कि इस संबंध में पिछले माह अप्रैल में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर 3 मई को आपूर्ति निरीक्षक डुमरियागंज ने 29 कार्डधारकों के बयान दर्ज किए थे। इस जांच की खबर 4 मई को समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। आपूर्ति निरीक्षक द्वारा जांच रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौंपे जाने के बावजूद, कोटेदार का कोटा अभी तक निलंबित नहीं किया गया है और न ही उसे राशन वितरण से रोका गया है।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन दबंग और भ्रष्ट कोटेदार के सामने असहाय और मजबूर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस शिथिलता के कारण गांव के दलितों, निर्धन और पिछड़े वर्ग के लोगों का हक मारा जा रहा है और सरकार की मुफ्त राशन योजना विफल हो रही है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि 10 मई को कोटेदार ने घर-घर जाकर लोगों को बुलाया और दो-दो रजिस्टर पर हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाया। कोटेदार और उसके 4-5 दबंग साथियों ने सभी कार्डधारकों से यह कहने के लिए कहा कि उन्हें नियमानुसार राशन मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन वितरण के समय कोटेदार अपने दबंग साथियों को बैठाए रखता है, जिसके कारण कोई भी कार्डधारक कुछ बोलने की हिम्मत नहीं कर पाता है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जमौती के दबंग और भ्रष्ट कोटेदार को तत्काल निलंबित कर किसी सीमावर्ती कोटेदार के क्षेत्र में संबद्ध किया जाए, ताकि गरीब कार्डधारकों का स्थानीय प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

**जिलाधिकारी से शिकायती पत्र देकर जांच की लगाई गुहार**

## मनबुद्धि किशोरी के साथ दरिंदों ने किया गैंगरेप

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय मनबुद्धि किशोरी को घर में अकेला पाकर दरिंदे उसे सीवान के बाहर उठा ले गए और दोनो आरोपियों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया और नग्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ कर खूब धुनाई किया। जिसका अस्पताल इलाज चल रहा है। पीड़िता की मां ने दो आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के एक गांव के मां और दो बेटी साथ रहती है। छोटी बेटी 15 वर्ष मनबुद्धि है। गांव में इनका दो मकान है। मनबुद्धि किशोरी अक्सर नए मकान पर रहती थी। मंगलवार को शाम सात बजे के करीब किशोरी की माँ पशुओं के लिए चारा लेकर पुराने घर पर पहुंची और बड़ी लड़की कोचिंग करने गई थी। किशोरी नए घर पर अकेली थी। उसी दौरान गांव के दो दरिंदे आए और किशोरी को सीवान के बाहर उठा ले गए और दोनो मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया। बड़ी लड़की कोचिंग कर नए घर पर पहुंची तो किशोरी घर पर में मौजूद नहीं थी। इसके बाद करीब 2 घंटे ढूंढने के बाद किशोरी के परिजन उसे नग्न अवस्था में बेसुध पाया।

## जब मनुष्य मानस के सरोवर में गिरता है तो जीवन हो जाता है धन्यः अमरनाथ

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** जिस तरह भाषा की शुद्धि ब्याकरण से होती है। उसी तरह मानव जीवन की शुद्धि रामचरित मानस से होती है। जब मनुष्य मानस के सरोवर मे गिरता है। तो जीवन धन्य हो जाता है। रामकथा ही जीवन मे क्रांति लाकर शुद्ध मानव बनाती है।

उक्त सदबिचार कथावाचक अमर नाथ जी महराज ने लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान श्री राम जानकी मंदिर भरवलिया उर्फ टिकुइया मे चल रही रामकथा के तीसरे दिन सती का त्याग व शिव पार्वती विवाह के प्रसंग को बिस्तार देते हुए कहा भगवान शिव ने सती का त्याग रामभक्ति को उजागर करने के लिए किया था। पार्वती जी श्रद्धा की प्रतीक हैं तो शिवजी बिश्वास के प्रतीक हैं। अर्थात श्रद्धा और बिश्वास मनुष्य को राम कथा के माध्यम से ही संभव है। जीवन मे श्रद्धा बनती बिगड़ती है लेकिन बिश्वास अजन्म होता है। संसार मे लोगों के साथ ब्यवहार समय के अनुकूल करना चाहिए। लेकिन मन का ब्यवहार भगवान से हमेशा के लिए करना चाहिए और संत व भगवान के प्रति मन मे संसय नही करना चाहिए। क्यो कि भगवान के कथा पर संसय होने के कारण सती को शरीर का त्याग करना पड़ा। वही सती पार्वती के रुप मे राजाहिमाचंल के यहां पुत्री के रुप मे अवतरित हुई और ऋषिराज नारद की प्रेरणा से पार्वती जी ने तपस्या कर ऋषियों की परीक्षा उत्तीर्ण हुई तो बिवाह के उपरान्त शिव और पार्वती का मिलन हुआ। कार्यक्रम में महंथ धीरेंद्र दास, प्रेम चंद्र पांडेय, राजेश यादव, महंथ यादव, उग्रसेन पाल, सुरेंद्र यादव, दिलीप यादव, राकेश चालू, अमरजीत यादव, भालचंद्र, दुर्गेश यादव, अमर सिंह, राजमंगल, राजवंत सिंह, साहब राम, भालचंद्र, जितेंद्र सिंह, नरसिंह सहित तमाम लोक मौजूद रहे।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा सिकंदरपुर का एएनएम सेंटर

दानिश मेहदी/पद्मनाभि मिश्र



**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** भारत सरकार ने गरीबों एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का 23 सितंबर 2018 को शुभारंभ किया गया और महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की त्वरित उपचार के लिए गांव-गांव में ए एन एम सेंटर व सामुदायिक स्वास्थ्य भवनों का निर्माण कराया गया था। लेकिन संबंधित अधिकारियों की उपेक्षा के चलते तमाम ए एन एम सेंटर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे है।

अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सिकंदरपुर में वर्षों पूर्व बना ए एन एम सेंटर देखरेख की अभाव में खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। जिसके खिड़की और दरवाजे अराजक तत्वों द्वारा गायब कर दिये गये है। जो अब अब सांप, बिच्छू और छुट्टा जानवरों का आश्रय केंद्र बन गया है। वहीं ग्रामीण उक्त भवन को कब्जा करके भूसा और परिसर में मोरंग आदि रख रहे हैं। जहां ए एन एम सुमित्रा पाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठकर टीकाकरण व अन्य कार्य निपटाती हैं। स्थानीय अनिल कुमार, चंदन उपाध्याय, दिलीप, रामचंद्र, अजय आदि लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई, लेकिन आज तक न तो भवन का कायाकल्प हो पाया और न ही कोई देखने आया। नोडल अधिकारी डॉक्टर मारकंडेय ने बताया कि जल्द ही जर्जर ए एन एम सेंटर की जगह पर नए भवन का निर्माण कराया जाएगा।

**अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सिकंदरपुर में वर्षों पूर्व बना एएनएम सेंटर देखरेख की अभाव में खंडहर में तब्दील**

## वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत जनपद में वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://diupmsme.upsdc.gov.in पर आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक वुडवर्क के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयन उपरांत लाभार्थी को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्रता हेतु आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा केन्द्र तथा राज्य सरकार की किसी योजनान्तर्गत उत्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ विगत 02 वर्षों में न प्राप्त किया हो।

## कोस्मोपोलिटन स्कूल के छात्रों ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा




अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** केरल के लोगों के द्वारा विगत दो दशकों से संचालित सी बी एस ई बोर्ड नई दिल्ली द्वारा इंटरमीडिएट व हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम कल दिनांक 13/05/2025 को घोषित कर दिया गया है। टांडा नगर क्षेत्र में केरला के अध्यापकों द्वारा संचालित कॉस्मोपोलिटन स्कूल - आसोपुर, टांडा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में अंशिका 96.6%, विपुल कुमार 96 %, आलीशान हसन 95.2%, मशरबा फात्मा 94.6%, कसवा नूर 93.8% अंशी पटेल 93.6% मोहम्मद नजीर 92.8% मोहम्मद अदनान 92.5 4% दिशा 92.4% अक्सा नूर 92.4% दीपाली चौरसिया 92.2% समरा तहजीब 92.2% अब्दुल्ला 91.8% आर्यन 91.6% और अन्विशिका कसौधन 91.2% शशांक राज 90.4% असरा शोएब 90% इशाल फातिमा 89.6% और इंटरमीडिएट में तस्मिया अंबर 89%, श्रद्धा यादव 88%, अनुभव कशौधन 86.4 %, प्रिया वर्मा 84.8%, हर्ष आनन्द 84.6%,नवाज़िश फात्मा 84.4%, अलीशा फात्मा 84%, जुनारिया फात्मा 83.6%, सृष्टि अग्रवाल 81.8%, सलवा फात्मा 80.8% अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रबंधक श्री पोल जोसेफ जी अध्यक्ष श्री अनूप विजय जी व प्रधानाचार्य श्री वैशाख पी जी ने सभी सफल छात्र- छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया परीक्षा परिणाम देखकर छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय परिसर के समस्त सम्मानित अध्यापकों व अध्यापिकाओं में खुशी का माहौल है सभी अध्यापकों व अध्यापिकाओं द्वारा छात्र- छात्राओं को बधाई व शुभकामना दिया गया।

## रोड पर फालतू दिखाई दिये तो होगी कड़ी कार्यवाही



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रभारी निरीक्षक हंसवर वीरेंद्र बहादुर सिंह ने हंसवर थाना क्षेत्र में कस्बा बाजार किया पैदल गस्त भमण स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाया कि हसवर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है। रोड पर फालतू घूमते दिखाई पड़े तो होगीं कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक हसवर वीरेंद्र बहादुर सिंह। पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय सीओ टांडा शुभम कुमार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक हंसवर वीरेंद्र बहादुर सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक विजय सोनी अपनी टीम के साथ हंसवर थाना क्षेत्र में कस्बे में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए पैदल गश्त भ्रमण कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का व्यवस्था दिलाया कि हंसवर पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है प्रभारी निरीक्षक हंसवर वीरेंद्र बहादुर सिंह ने लोगों से कीअपील शांतिपूर्वक त्यौहार मनाएंगे अफवाहों पर ध्यान ना दें अन्यथा होगी कार्रवाई होगी सभी लोग वरना होगी कड़ी करवाई वहीं प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र बहादुर सिंह ने संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की आसपास खड़े लोगों को कड़ी फटकार लगाई कहां रोड किनारे फालतू खड़े मिले तो होगी कार्रवाई वही यदि किसी को कोई समस्या हो तत्काल हमसे संपर्क करें या हल्का प्रभारी या सिपाही से प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र बहादुर सिंह ने लोगों से कहा कि यदि कोई चौराहे पर कस्बे में गांव में संदिग्ध व्यक्ति बाहरी दिखाई पड़ता है तत्काल स्थानीय थाने को फोन करें यह हल्का प्रभारी को सूचित करें या प्रभारी निरीक्षक हंसवर को इस मौके वरिष्ठ उप निरीक्षक विजय सोनीउप निरीक्षक सिपाही हमराही सिपाही आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# लापता मंद बुद्धि महिला को पुलिस ने परिवार को सौंपा, परिजन पुलिस की कर रहे प्रशंसा

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत गदहमरवा बुधवार भोर मे एक महिला टहलती दिखाई दी जिसकी सुचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चन्द्र भाल द्वारा कोतवाली लोटन पर दी गई।जिसकी जांच करने के लिए थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने हेश्वकास्टेबल धीरज पाण्डेय, कांस्टेबल लक्ष्मण महिला कांस्टेबल संगीता,व नेहा तिवारी को वहां भेजा गया।

गांव में पहुंचने के बाद पुलिस ने महिला से उसकी जानकारी लेना चाहा तो महिला अपना नाम पता बताने में अस्मर्थ दिखाई दी ग्राम प्रधान द्वारा महिला को अपने घर ले जाकर खाना खिलाया और पानी पीलाई फिर कुछ देर बाद महिला अपना नाम पता बताई पुलिस महिला को अपने साथ थाने लेकर आई और थाने पर थाना प्रभारी द्वारा महिला को खाना खिलाया और पानी पीलाई फिर कोल्हुई थाना क्षेत्र के रसूलपुर के रहने वाली शाहीना पत्नी अबरार अली उम्र 30वर्ष से सम्पर्क किया गया तो पता चला कि गुमशुदा महिला का पति बाहर रोजी रोटी के लिए गया है।

फिर शाहीना के ससुर व सास आबिदा को लोटन थाने पर बुलाया गया सास आबिदा ने बताया कि यह हमारी बहू है। इसका दिमाग खराब चल रहा मंगलवार शाम को घर से निकल कर चली गयी हम लोग बहुत परेशान थे कहीं पता नहीं चल रहा था जब थाने से फोन गया है हम फौरन चले आये है।महिला के सास ने बताया कि जानकारी होने पर हम अपने पति के साथ इसे लेने आये है । इसकी दवा कराकर ठीक कराने की बहुत कोशिश कि लेकिन अचानक घर से गायब होने से पूरा परिवार सदमे था।आज मिलने पर पूरा परिवार खुश हो गया है। इस सम्बन्ध में डी के सरोज का कहना है कि सूचना मिलते ही विभाग के लोगों को भेज कर बुलवाया गया। नाम व पता बताने पर महिला के परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया माता पिता का मान

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सीबीएसई बोर्ड 2025 की तरफ से मंगलवार को बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें होनहार बच्चों ने अच्छे अंक हासिल कर परिवार सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मिठवल विकास क्षेत्र के कुदारन खास निवासी आयुष कुमार जाटव जो लिटिल फ्लावर स्कूल, जीवा, बांसी के छात्र हैं, इन्होंने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल करके अपने पिता सुनील कुमार जाटव एवं माता सुशीला देवी का मान बढ़ाया है। आयुष कुमार जाटव के पिता सुनील कुमार जाटव पेशे से एलआईसी अभिकर्ता है, एवं माता सुशीला देवी एएनएम है। आयुष कुमार के इस सफलता पर ग्राम प्रधान गोविंद तिवारी, बसपा नेता पट्टू राम आजाद, बाबा काशी प्रसाद बसपा नेता दिनेश चंद्र गौतम, राजेश कुमार, चक्रधारी, ओम प्रकाश, शैलेंद्र कुमार, प्रेम सागर, मोनू, जीतू, जगदीश, रणजीत आदि ने आयुष को उज्जवल भविष्य की कामना एवं बधाई दी है।

## बच्चों के स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण ही एकमात्र बचावः डॉ. संजीव दीक्षित



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाना, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी करना, और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के अंतर्गत नियमित टीकाकरण में गर्भवती माता का एवं दो वर्ष से कम आयु के बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण किया गया।

टीकाकरण सत्र पर उप जिलाधिकारी डॉक्टर संजीव दीक्षित द्वारा ग्राम बयारा, धौरहरा पूर्वी का निरीक्षण कर टीकाकरण का कार्य देखा गया कार्य को देखते हुए उप जिलाधिकारी द्वारा ए एन एम, आशा और आंगनबाड़ी के कार्यो की समीक्षा करते हुए धूप, लू से बचाव हेतु प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। उप जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में साफ सफाई संतोषजनक न होने पर रोष व्यक्त किया । ए एन एम द्वारा 12 जानलेवा बीमारी से बचाव के टीकाकरण हेतु ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। टीकाकरण सत्र पर बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर, सुपरवाइजर राकेश गौतम, एएनएम सुषमा स्वराज, संगीता तिवारी, आशा सावित्री, सुनीता, आंगनवाड़ी आयशा खातून मौजूद रही।

## दो लाख 40 हजार की राजस्व वसूली, लाख से अधिक तीन बड़े बकायेदार सहित उन्नीस का काटा कनेक्शन

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विद्युत केंद्र बांसी के अंतर्गत चिन्हित क्षेत्रों हॉटस्पॉट एरिया में बिजली चोरी रोकने और राजस्व बढ़ाने का अभियान बुधवार को चलाया गया। बिजली निगम के एसडीओ बांसी, दशरथ राम ने बताया कि अभियान के तहत जांच करने के लिए छह टीम गठित की गई है। इसमें दो गांव को हॉटस्पॉट चुना गया है। जिसमें जीवा एवं पेड़ारी बुजुर्ग में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने बुधवार को दो गांव जीवा एवं पेड़ारी बुजुर्ग में चेकिंग अभियान के तहत 180 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन चेक किया गया। जिसमें नौ उपभोक्ताओं का कुल 14 किलोवाट भार वृद्धि की गई। वहीं तीन उपभोक्ताओं को नवीन कनेक्शन दिया गया। तो दो उपभोक्ताओं का विधा परिवर्तन किया गया। वहीं 15 उपभोक्ताओं का केबल तार परिसर से निकलकर बाहर स्थापित किया गया। अभियान के दौरान 15 उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर लगाया गया। चार उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदलकर उन्हें नया मीटर दिया गया। वहीं 19 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जिनका कुल बिजली बकाया 87 लाख रुपया था। साथ ही तीन ऐसे बड़े उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जिनका बिजली बिल बकाया एक लाख रुपए से ऊपर था। वहीं 80 उपभोक्ताओं के यहा से 2.40 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई।

## केजीबीवी व बीआरसी का बीएसए ने किया निरीक्षण



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व ब्लाक संसाधन केंद्र के निरीक्षण के दौरान बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार ने अभिलेखों को व्यवस्थित करन? का निर्देश दिया। बीएसए निरीक्षण के लिए केजीबीवी पहुंचे तो कक्षाएं व्यवस्थित चल रही थी। उन्होंने ने छात्राओं से विज्ञान में स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के साथ अन्य विषय की जानकारी लिया। बीएसए ने किचेन, भंडार कक्ष, शौचालय व छात्राओं के आवासीय व्यवस्था का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। उन्होंने यहां स्थापित स्टेम लैब को सक्रिय रखने, अभिलेखों को व्यवस्थित रखने और खेल गतिविधियों को कराए जाने का निर्देश दिया। साथ ही सुझाव दिया कि समय सारिणी बनाते समय यह ध्यान रखा जाय कि किसी भी कक्षा में पहला घंटा कक्षा अध्यापक को ही आवंटित हो जिससे बच्चों की उपस्थिति आदि में असुविधा न हो। इसके बाद बीएसए ने बीआरसी पर स्थापित आधार केंद्र का निरीक्षण किया। आधार का कार्य कर रहे रफीक व घनश्याम को निर्देश दिया कि पारदर्शी तरीके से आधार कार्ड बनाए जाएं। परिषदीय छात्रों के आधार कार्ड में तत्परता से कार्य करते रहे। किसी भी तरह की अनियमितता या शिथिलता मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बीइओ ओमप्रकाश मिश्र, डीसी बालिका शिक्षा सुरेंद्र श्रीवास्तव, वार्डेन निशा सिंह, मीना सिंह, श्रद्धा सुमन, मांडवी मिश्रा, गोल्डी त्रिपाठी, सुष्मिता, निधि पांडेय, लेखाकार अभय पासवान व आकाश यादव, अरविंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## सांड के आतंक से ग्रामवासियों ने ली राहत की सांस



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सांड के आतंक से प्रभावित विकासखंड नौगढ़ अंतर्गत ग्राम यूसुफपुर के टोला परसा के ग्राम वासियों ने बुधवार को राहत की सांस ली। एक सप्ताह से आतंक का पर्याय बना खूंखार सांड को पशु चिकित्सालय नौगढ़ की टीम द्वारा बेहोश कर पकड़वाया गया। पशुपालन विभाग की टीम मे उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजबहादुर यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति मय टीम उपस्थित रहे। पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने खूंखार सांड को इंजेक्शन लगा कर बेहोश किया और फिर ग्राम वासियों की मदद से उसको रस्से से पेड़ मे बधवाया गया। सांड के आतंक से परसा टोला के लोग घर से बाहर निकलना तथा रात मे घर के बाहर सोना भी बंद किए थे। सांड के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। मौके पर युसूफपुर के ग्राम प्रधान सुभाष चौधरी ग्रामवासियों के साथ उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान सुभाष चौधरी ने उक्त अभियान की पूरी जानकारी उप जिलाधिकारी को दी है।

## डीएम ने किया राजकीय कन्या इंटर कालेज का आकस्मिक निरीक्षण



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने राजकीय कन्या इन्टर कालेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष, भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, शौचालय ब्लॉक एवं भवन मरम्मत कार्य को देखा। उन्होने पाया कि 05 कक्षों का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं शौचालय ब्लॉक के कक्ष पर छत पड़ गयी है तथा भौतिक/रसायन विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष पर छत नहीं पड़ी है। बताया गया कि 15 दिवस के अन्दर छत पड जायेगा। कार्यदायी संस्था यूपीसिडको के सहायक अभियन्ता द्वारा निर्माण कार्य अगस्त 2025 तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया प्रधानाचार्य निर्माण कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करें एवं अधिशासी अभियन्ता निर्धारित अवधि अगस्त 2025 के पहले निर्माण कार्य पूर्ण करवायें। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जलालपुर पालिका बोर्ड की बैठक



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका में बुधवार को वोर्ड बैठक में 25 /26 वर्ष के कार्य योजना पर चर्चा किया गया। इस बैठक के चर्चा में प्रारंभिक अनुमानित अवशेष को सम्मिलित करते हुए इस वर्ष में कुल 61 करोड़ 93 लाख 538 रुपए और इस वर्ष 55 करोड़ 61 लाख 50000 खर्च होने की अनुमान है बचत की बात करें तो 6 करोड़ 32 लाख 11538 अनुमान है। यह जानकारी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने दिया बताया कि कर योजना पर चर्चा किया गया है। चेयरमैन खुर्शीदा जहां के साथ सभी 25 वार्डों के सभासद मौजूद रहे। बीते कुछ महीनो में चार बार नगर पालिका बोर्ड बैठक स्थगित कर दिया गया था इसी बात को लेकर सभी वार्डों के मेंबर आक्रोशित दिखाई दे रहे थे।

## संक्षिप्त संस्करण का नापक

क्रिकेट के संक्षिप्त संस्कार का नापक हिटमैन रोहित शर्मा है। लाल गेंद का संस्करण रोहित को वह चकमा नही दे सका पर सफेदबाल के संस्करण ने रोहित को पूरी चमक दिया है। छोटे संस्करण ने उन्हें हिटमैन की उपधि दे दी है। कोहिली भी शीर्ष बल्लेबाज है पर उनकी स्टाइल दूसरी है।

रोहित अपने प्रारम्भिक दिनों में चोट की वजह से क्रिकेट से बाहर रहे पर उनके टेलेन्ट की तारीफहोती रही है। बम्बई चमकदार क्रिकेटरों का गढ़ रहा है। विजय मर्चेन्ट विजय हजारे, गावस्कर, तेन्दुलकर की लम्बी लाइन है। रोहित भी मशहूर लाइनों की कड़ी बन गये है। अब लम्बे वर्सन से सन्यास की घोषणा कर दी है। छोटे वर्सन में बने रहेगे। 2023 के वर्ल्ड कप अपने कैपटेन्सी और खेल के बदौलत जीत को अपने पक्ष में कर लिया। कोहली फायर ब्रान्ड बैटर है रोहित शीतल ब्रान्ड के बैटर हैं। दोनो के टीम के एक साथ होने से साथ के बंटर और बलरों का आत्मविश्वास काफी ऊंचा बन रहता है। यह उनके साथ खेल रहे बैटरो ओर बालरों के कारनामो से उजागर होता है और बालर मानते भी है कि दोनो साथ रहने से उनका मारल ऊंचा बना रहता है।

रोहित ने शार्ट वर्सन से सन्यास की घोषणा कर दी है। भारत में कुछ बहुत ही टेलेन्टेड बैटरो और बालरो का चमत्कार लोगो को चमत्कृत कर रहा है कितने रोहित और कोहली बन पाते है बाद में पता चलेगा रोहित अपने टीम के साथ बहुत विन्नमता से पेश आते है। पर फील्ड पर आते ही अपने खेल में इतने उग्र हो जाते है कि पहले ही ओवर में एक दो छक्के जड़ विरोधी टीम के बालरों को चमत्कृत कर देते है। भारतीय क्रिकेट में इन्जीनियर ऐसे खिलाड़ी थे जो दर्शको की मांग पर छक्का लगाते थे पर रोहित बिना किसी मांग के छक्का लगाते है। कोहली रनों की संख्या सेन्चुरी और 50 की संख्या में सबसे ऊपर चल से लगे हुये है। अब रोहित शार्ट फार्म में नहीं दिखेगे। विपक्षी गेंदबाज अपना सारा कौशल दिखाते है पर रोहित के कौशल के आगे वे नाटे पड़ जाते है। कोहली तो कुछ सालों तक क्रिकेट में अभी बने रहेगे पर रोहित ने तो अलविदा की घन्टी बजा दी है। रोहित की बैटिंग देखना अपने आप में एक अलग तर्जुबा रहता है। विदा की ओर बैटर को अवधनामा की ओर से ढेरो बधाइयां है। विश्वास है क्रिकेट को अपनी तरह की ऊँचाई प्रदान करेगा। अलविदा बैटर।

## मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

वैश्विक परिवार दिवस दुनिया भर के लोगों में प्यार, सद्भाव, एकता को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित विश्व उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन की स्थापना की। परिवार हमें एकसूत्रता में बांधता है, रिश्तों की अहमियत को गहराई से समझाता है, सभी पारिवारिकजनों में प्यार बढ़ाता है। हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करते हुए बेहतर इंसान बनाने में करता है। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनियाभर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए, 1993 में इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया। जैसाकि दुनिया दोहा, कतर में 4-6 नवंबर 2025 में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, तब अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस सतत विकास को आगे बढ़ाने में परिवार-उन्मुख नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जो गरीबी उन्मूलन, सभ्य कार्य और सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियांः सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को उजागर किया जाएगा, जिसमें सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विकास एजेंडा में परिवार-केंद्रित नीतियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। परिवार में रिश्तों की एक मज़बूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। हमारा यह फ़र्ज़ है कि इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में पारिवारिक एकता पर हमेशा से बल दिया जाता रहा है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है, प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है। आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहां है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से जहां बुढ़ापा कांप उठता है, वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नहीं होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है।


ललित गर्ग

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**7 मई - पाकिस्तानी क्षेत्र में गहराई नौ सटीक हमले किए। लक्ष्यों में बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर स्थित प्रमुख आतंकी प्रशिक्षण शिविर और लॉजिस्टिक्स नॉड शामिल थे। 8 मई- पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी राज्यों में बड़े पैमाने पर बहुत सारे ड्रोनों से जवाबी हमला किया। भारत के बहुस्तरीय वायु रक्षा नेटवर्क- स्वदेशी रूप से निर्मित तथा इजरायली और रूसी प्रणालियों द्वारा संवर्धित ने उनमें से लगभग सभी को निष्प्रभावी कर दिया।**

# ऑपरेशन सिंदूर : आधुनिक युद्ध में एक निर्णायक जीत

**जॉन स्पेंसर**

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह से समाप्त घोषित नहीं किया है। अभी जो मौजूद है, वह ऑपरेशन में एक संवेदनशील ठहराव है - कुछ लोग इसे युद्ध विराम कह सकते हैं, लेकिन सैन्य नेतृत्व ने जानबूझकर इस शब्द से परहेज किया है। युद्ध लड़ने के दृष्टिकोण से, यह केवल एक विराम नहीं है, यह एक दुर्लभ और स्पष्ट सैन्य जीत के बाद एक रणनीतिक पकड़ है। केवल चार दिनों की सुविचारित सैन्य कार्रवाई के बाद, यह वस्तुनिष्ट रूप से निर्णायक है भारत ने एक बड़ी जीत हासिल की। ऑपरेशन सिंदूर ने अपने रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में सफल रहा है- आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना, सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन करना, निवारक क्षमता बहाल करना और एक नए राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का सामने आना। यह प्रतीकात्मक शक्ति नहीं थी। यह निर्णायक शक्ति थी, जिसे स्पष्ट रूप से प्रयोग में लाया गया था।

भारत पर हमला हुआ। 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय नागरिक, जिनमें ज़्यादातर हिंदू पर्यटक थे का नरसंहार कर दिया गया। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसकी जिम्मेदारी ली। जैसा कि दशकों से होता आया है, इस समूह को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का समर्थन प्राप्त है। लेकिन पिछले हमलों के विपरीत, इस बार भारत ने इंतज़ार नहीं किया। उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अपील नहीं की या राजनयिक विरोध पत्र जारी नहीं किया। इसने युद्धक विमान लॉच किए।




7 मई को, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरु किया, जो एक त्वरिक और सटीक रूप से सुविचारति सैन्य अभियान था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय और ऑपरेशन हब शामिल थे। संदेश स्पष्ट था पाकिस्तानी धरती से शुरु होने वाले आतंकवादी हमलों को अब युद्ध के कृत्यो के रूप में माना जाएगा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये सिद्धांत को स्पष्ट कर दिया :** भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में विकसित हो रहे आतंकवादी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक हमला करेगा। यह केवल एक जवाबी कार्रवाई से कही अधिक, एक रणनीतिक सिद्धांत का अनावरण था। जैसा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।

ऑपरेशन सिंदूर को जानबूझकर निम्नलिखित चरणों में क्रियान्वित किया गया। 7 मई - पाकिस्तानी क्षेत्र में गहराई नौ सटीक हमले किए। लक्ष्यों में बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर स्थित प्रमुख आतंकी प्रशिक्षण शिविर और लॉजिस्टिक्स नॉड शामिल थे। 8 मई- पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी राज्यों में बड़े पैमाने पर बहुत सारे ड्रोनों से जवाबी हमला किया। भारत के बहुस्तरीय वायु रक्षा नेटवर्क- स्वदेशी रूप से निर्मित तथा इजरायली और रूसी प्रणालियों द्वारा संवर्धित ने उनमें से लगभग सभी को निष्प्रभावी कर दिया। 9 मई- भारत ने छह पाकिस्तानी सैन्य हवाई अड्डों और यूएवी समन्वय केंद्रों पर अतिरिक्त हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की। 10 मई- गोलीबारी पर अस्थायी रोक लग गई। भारत ने इसे युद्धविराम नहीं कहा। भारतीय सेना ने इसे गोलीबारी का ठहराव कहा - एक अर्थपूर्ण लेकिन जानबूझकर किया गया विकल्प जिसने स्थिति पर अपने रणनीतिक नियंत्रण को मजबूत किया। यह केवल सामरिक सफलता नहीं थी। यह लाइव फायर के तहत सिद्धांत का निष्पादन था।

**प्राप्त रणनीतिक प्रभाव :** एक नई लक्ष्मण रेखा खींची गई- और लागू की गई- पाकिस्तान की धरती से होने वाले आतंकी हमलों का अब सैन्य बल से जवाब दिया जाएगा। यह कोई धमकी नहीं है। यह एक मिसाल है।

**सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन :** भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर इच्छानुसार हमला करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया- आतंकवादी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र, यहां तक कि एयरबेस भी। इस बीच, पाकिस्तान भारत के अंदर एक भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसपैठ करने में असमर्थ रहा। यह समानता नहीं है। यह भारी श्रेष्ठता है। और इसी तरह वास्तविक निवारक क्षमता स्थापित होती है।

**बहाल की गई निवारक क्षमता :** भारत ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की, लेकिन पूर्ण युद्ध से पहले ही रुक गया। नियंत्रित वृद्धि ने एक स्पष्ट निवारक संकेत भेजा- भारत जवाब देगा, और वह गति को नियंत्रित करता है।

**प्रतिपादित रणनीतिक स्वायत्तता :** भारत ने इस संकट को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की मांग किए बगोर इस संकट को संभाला। इसने संप्रभु साधनों का उपयोग करते हुए संप्रभु शर्तो पर सिद्धांत लागू किया। ऑपरेशन सिंदूर का कब्जे या शासन परिवर्तन के बारे में नहीं था। यह विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया गया सीमित युद्ध था। जो आलोचक तर्क देते हैं कि भारत को और आगे जाना चाहिए था, वे मुद्दे को समझ नहीं पाए। रणनीतिक सफलता विनाश के पैमाने के बारे में नहीं है - यह वांछित राजनीतिक प्रभाव प्राप्त करने के बारे में है। इभारत बदला लेने के लिए नहीं लड़ रहा था। वो प्रतिरोध के लिए लड़ रहा था। और यह काम कर गया। भारत का संयम कमजोरी नहीं है - यह परिपक्वता है। इसने लागत लगाई, सीमाओं को फिर से परिभाषित किया, और वृद्धि प्रभुत्व बनाए रखा। भारत ने सिर्फ़ हमले का जवाब नहीं दिया। इसने रणनीतिक समीकरण बदल दिया।

एक ऐसे युग में जहां कई आधुनिक युद्ध खुलेआम कब्ज़े या राजनीतिक भ्रम में बदल जाते हैं, ऑपरेशन सिंदूर इससे अलग है। यह अनुशासित सैन्य रणनीति का प्रदर्शन था- स्पष्ट लक्ष्य, संरेखित तरीके और साधन, और अप्रत्याशित वृद्धि के सामने अनुकूल निष्पादन। भारत ने एक झटके को झेला, अपने उद्देश्य को परिभाषित किया, और उसे प्राप्त किया- यह सब एक सीमित समय सीमा के भीतर। ऑपरेशन सिंदूर में बल का प्रयोग भारी, लेकिन नियंत्रित था - सटीक, निर्णायक और बिना किसी हिचकिचाहट के आधुनिक युद्ध में इस तरह की स्पष्टता दुर्लभ है। हमेशा के लिए युद्धों और रणनीतिक दिशा के बिना हिंसा के चक्रों से परिभाषित एक युग में, सिंदूर अलग है। यह स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्यों, मेल खाते तरीकों और साधनों और एक ऐसे देश के साथ सीमित युद्ध का एक मॉडल प्रस्तुत करता है जिसने कभी इनेशेटिव नहीं त्यागा। 2008 के भारत ने हमलों को झेला और इंतजार किया। यह भारत तुरंत, सटीक और स्पष्टता के साथ जवाबी हमला करता है।

# चीनी हथियारों ने डुबा डाली पाकिस्तान की लुटिया

**भारतीय सेना के रणबाँकुरों ने अपने दूरदृष्टा प्रधानमंत्री के सुझाव को मानते हुए ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखते हुए संकल्प लिया कि भारत की बेटियों के सिंदूर का बदला शीघ्र ही पाकिस्तान के अहंकार को चकनाचूर कर लिया जायेगा। इसी सिंदूर ऑपरेशन के अन्तर्गत भारतीय एयरफोर्स ने पाकिस्तान को सबक सिखाते हुए 6 से 7 मई की मध्य रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे।**

पहलगाम हत्याकांड के बाद भारतीय सेना की कार्यवाही में पाक स्थित नौ आतंकी शिविरों के बर्बाद होने पर भारत और पाकिस्तान सीमित युद्ध से खुले युद्ध की ओर बढ़ते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार रैली में एलान किया था कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है। हमारा आक्रोश एक जैसा है। यह हमला निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ अपितु देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत साफ शब्दों में कहना चाहता हूँ जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिलकर के रहेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।


डॉ उमेश प्रताप वत्स

चौहदवें दिन भारतीय सेना के रणबाँकुरों ने अपने दूरदृष्टा प्रधानमंत्री के सुझाव को मानते हुए ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखते हुए संकल्प लिया कि भारत की बेटियों के सिंदूर का बदला शीघ्र ही पाकिस्तान के अहंकार को चकनाचूर कर लिया जायेगा। इसी सिंदूर ऑपरेशन के अन्तर्गत भारतीय एयरफोर्स ने पाकिस्तान को सबक सिखाते हुए 6 से 7 मई की मध्य रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। उनके दिमाग में जहर भरा जाता था। भारत का यह प्रतिशोध इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 25 साल पहले यानी 1999 में कंधार विमान अपहरण के बाद यात्रियों के बदले रिहा किए गए आतंकी अजहर मसूद के जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय भी ध्वस्त कर दिया गया है। मोस्ट वॉन्टेड आतंकी हाफिज सईद के संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सबसे अहम और बड़ा आतंकी शिविर भी तबाह हो चुका है। दूसरों के निरपराध परिवारों को बेवजह मौत बांटने वाले अजहर मसूद का जब अपने परिवार के सदस्य सैन्य कार्यवाई में मारे गए तो वहीं जालिम मसूद अल्लाह से भीख मांग रहा था कि मुझे भी उठा लेते। इसके बाद पहलगाम में हमला करने आए आतंकियों ने जहां प्रशिक्षण लिया था, वह भी बर्बाद किया जा चुका है। पाक अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद में मौजूद मरकज सैयदना बिलाल कैम्प और पाकिस्तान के सियालकोट स्थित सरजल कैम्प और महमूना जोया कैम्प, ये ऐसे तीन ठिकाने थे, जो अस्पताल-स्वास्थ्य केंद्र की आड़ में चल रहे थे। किसी को शक न हो, इसके लिए यहां कुछ समय इलाज होता था, बाकी समय आतंकियों को प्रशिक्षण दिया जाता था। आगे के कमरों में डॉक्टर मौजूद रहते थे और परदे के पीछे आतंकी। भारत ने संयम रखते हुए ऑपरेशन सिंदूर में विशेष ध्यान रखा कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों, रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। पाक अधिकृत कश्मीर में पांच कैम्प नष्ट किए गए। आपरेशन सिंदूर के दौरान सबसे पहला हमला सवाई नाला स्थित आतंक के अड्डे पर किया गया। ये लश्कर ए तोएबा का ट्रेनिंग सेंटर था। लाइन ऑफ कंट्रोल से 30 किलोमीटर दूर है। पहलगाम हत्याकांड में शामिल आतंकियों ने यहीं से प्रशिक्षण लिया था। सईदना बिलाल कैम्प, मुजफ्फराबाद में जैश ए मोहम्मद का यह अड्डा हथियार, विस्फोटक और जंगल सरवाइवल की ट्रेनिंग का केंद्र था। गुलपुर कैम्प, कोटली एलओसी से 30 किलोमीटर दूरी पर लश्कर ए तोएबा का बेसकैंप था, जो रजौरी और पूंछ में सक्रिय था। 20 अप्रैल 2023 को पूंछ में और 9 जून 2024 को रियासी में तीर्थ यात्रियों की बस पर हमले में शामिल आतंकियों को यहीं से ट्रेंड किया गया था।




बरनाला कैम्प, भीमबर एलओसी से 9 किलोमीटर दूर है। यहां पर हथियार चलाने, आईईडी बम बनाने और जंगल सरवाइवल प्रशिक्षण का केंद्र था। अब्बास कैम्प, कोटली एलओसी से 13 किलोमीटर दूर है। लश्कर ए तोएबा के फिदायीन यहां पर तैयार होते थे। इसी तरह पाकिस्तान के अंदर भी भारत ने चार कैम्प नष्ट किए। सरजल कैम्प, स्यालकोट अंतराष्ट्रीय सीमा से 6 किलोमीटर की दूरी पर सांबा, कठुआ के सामने स्थित है। मेहमूना जोया कैम्प, स्यालकोट अंतराष्ट्रीय सीमा से 12-18 किलोमीटर दूर, यह हिजबुल मुजाहिद्दीन का बहुत बड़ा कैम्प था। पठानकोट एअरबेस पर किया गया हमला इसी कैम्प से प्लान और डायरेक्ट किया गया था। मरकज़ तोएबा, मुरीदके- यह अंतराष्ट्रीय सीमा से 18-25 किलोमीटर दूर था। 2008 मुंबई हमले के आतंकियों को यहां पर प्रशिक्षित किया गया था। मुंबई हमले में शामिल अजमल कसाब और डेविड हेडली को भी यहीं पर प्रशिक्षित किया गया था। मरकज़ सुभानअल्लाह, बहावलपुर अंतराष्ट्रीय सीमा से 100 किलोमीटर दूर था। ये जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय था। यहां पर आतंकियों की भर्ती और प्रशिक्षण का केंद्र भी था। भारतीय सेना के प्रवक्ता ने बताया कि पहलगाम हमला स्पष्ट रूप से कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया। जांच और सूचनाओं के आधार पर की गई इस नपी तुली कार्रवाई का उद्देश्य आतंक के ढांचे को समाप्त करना और भारत भेजे जाने वाले संभावित आतंकियों को अक्षम बनाने पर था। भारत ने यह भी ऐलान किया कि उसने पहलगाम का बदला ले लिया है, अब वह इसे आगे बढ़ाने के मूड में नहीं है किंतु यदि पाक इसे आगे बढ़ाता है तो मुँह तोड जवाब दिया जायेगा। यद्यपि पाकिस्तान को यह भान था कि पहलगाम घटना के बाद भारत चुप बैठने वाला नहीं है, कोई न कोई कार्यवाई अवश्य करेगा। किंतु यह नहीं सोचा था कि इतनी भयंकर प्रभावी कार्यवाई करेगा कि उसके संरक्षण में पोषित बहुत ही महत्वपूर्ण आतंकी शिविरों को घर में घुसकर तबाह कर देगा।

# टी आर पी की ख़ातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा?

**पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किये गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीख़ेज़ सुर्ख़ियाँ बनायीं व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलायी गयीं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया।**

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टी वी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफ़ी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि- सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी। गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया।


निर्मल रानी

सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी माँगी ? और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इज़ाफ़ा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाये विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाये विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं जमूरों ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है?

यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिये समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टी वी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने,अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने, हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ, अफ़वाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किये गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीख़ेज़ सुर्ख़ियाँ बनायीं व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलायी गयीं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाये तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह जमूरे के किरदार में ही नज़र आता है।




यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहाँ तक कि वीडियो गेम फुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिये थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर, अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी।

परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं, जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी,गोदी, दलाल, चरण चुम्बक, भक्त मीडिया जैसे अलंकरण से नवाज़ा जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था, आख़िर किस आधार पर? इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया? बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गयीं। जैसे पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या? हम तो विश्वगुरु भारत के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखायें गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किये।

# 'अधिकारी, जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर कृत कार्रवाई से अवगत करायें'

अवधनामा संवाददाता



■ हम सब जनता के लिए जिम्मेदार हैं, मिलकर जनपद का चौमुखी विकास करें : विधायक

**ललितपुर।** सरकार बनने से अब तक विभागों में जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा हेतु उ.प्र. विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति सभापति सुरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्य उमेश द्विवेदी, किरणपाल कश्यप, डा.बाबूलाल तिवारी, विधायक रामरतन कुशवाहा की उपस्थिति में कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक व सीडीओ के.के.पाण्डेय ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।

सभापति सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि संसदीय अध्ययन समिति का उद्देश्य कार्यपालिका व विधायिका के बीच अच्छा तालमेल बैठाकर जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना और सेवा करना है, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच के समन्वय को मजबूत करने के लिए यह बैठक की जा रही है, इससे पता चलता है अधिकारी जनप्रतिनिधियों के पत्रों को कितनी गंभीरता देते हैं। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों में जनप्रतिनिधियों के पत्रों का एक रजिस्टर बनाया जाए और नियमित रुप से पत्रों का विवरण एवं उन पर की गई कार्यवाही अंकित की जाए। अधिकारी समय-समय पर विधायकगणों से वार्ता कर विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते रहें और उनके द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराते हुए अवगत भी करायें। इसके साथ ही सरकार की मंशानुसार सहरिया, मलिन बस्तियों, वंचित आबादी वाले क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करायें। विधायक ने कहा कि जनपद में समिति का आना हम सब के लिए प्रसन्नता की बात है। उन्होंने कहा कि हम सब जनता के प्रति जिम्मेदार है, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर जनपद के चौमुखी विकास में अपनी भूमिका का सकारात्मक निर्वहन करेंगे। सदस्य विधान परिषद डा. बाबूलाल तिवारी, उमेश द्विवेदी व किरणपाल कश्यप ने अधिकारियों को जनता की सेवा करने और सरकार के अन्त्योदय मिशन को साकार करने के लिए प्रेरित किया। समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई नैयर आलम, समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं प्रिंसिपल पॉलीटेक्निक विवेक मल्होत्रा के बिना बताये अनुपस्थित रहने पर समिति द्वारा नाराजगी जाहिर की गई और एक सप्ताह के भीतर उनका स्पष्टीकरण लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से भिजवाने के निर्देश दिये गए, इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग की नियुक्ति में धांधली की शिकायतों पर प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेस से साक्ष्य सहित स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए।

## कुंआतला में नाली निर्माण के लिए गड्ढ़ा करके खुला छोड़ा

**ललितपुर।** ब्लॉक जखौरा अंतर्गत ग्राम कुंआतला में नाली निर्माण में खुदाई करने के बाद खुला छोड़ दिये जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि खुली छोड़ी गयी नालियों से असुविधा के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावनाएं भी बलवती हैं। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भी भेजा है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने डीएम को अवगत कराया कि गांव में क्षेत्र पंचायत जखौरा के अनुमोदन पर शासन द्वारा वीर सिंह के मकान से कुंआतला जाने वाले मार्ग पर नाली निर्माण के लिए खुदाई शुरू कर दी गयी एवं खुदाई पूरी होने के बाद खुदाई की मिट्टी को रास्ते में डाल दिया गया, लेकिन अभी तक नाली निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह भी बताया कि किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से समस्या को ध्यान में रखते हुये शीघ्र कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में मदर डे हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस पोखरा आजमगढ़ के प्रांगण में मातृ दिवस (मदर डे ) के अवसर पर विद्यालय में मदर डे हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम इस प्रोग्राम की अध्यक्षता कर रही विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरायमीर आजमगढ़ की प्रधानाचार्य डॉक्टर श्रीमती संध्या वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रजनन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात विद्यालय में बच्चों की माता के लिए विभिन्न प्रकार के गेम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे अपनी मां के साथ प्रतिभाग किया एवं बच्चे अपनी कविता के माध्यम से मां के बारे में बताएं। इस गेम प्रतियोगिता में नर्सरी से अनुष्का चौहान की मां कविता चौहान प्रथम एवं एलजी से कनिष्क की मां पूजा अग्रवाल प्रथम एवं द्वितीय स्थान एलजी से आयांश यादव की मां मीरा यादव ने प्राप्त किया। यूकेजी से ग्लास गेम में मुकुंद तिवारी की मां श्रीमती अंशिका तिवारी प्रथम, शिवांश कनौजिया की मां श्रीमती बीना कनौजिया द्वितीय स्थान प्राप्त किया. बेस्ट मदर का अवार्ड रुद्र नारायण पाठक की मां श्वेता पाठक एलजी से, यूके जैसे समृद्धि सैनी की मां रिंकी सैनी ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरायमीर की प्रधानाचार्य डॉक्टर श्रीमती संध्या वर्मा ने बताया कि मां की तुलना हम किसी से नहीं कर सकते हैं पहली शिक्षिका होती है जो हमें इस दुनिया में आते ही सब शिक्षा देना शुरू कर देती है। हम जो कुछ सीखते हैं पहले मां से सीखते हैं। इसलिए हम उन्हें अपना प्रथम गुरु मानते हैं मां व शख्सियत है जो अपने बच्चों को हर मुश्किल से बचाती है उनके हर दर्द को चुपचाप सह लेती है। अनमोल है और उनके त्याग वह प्यार का हिसाब हम कभी नहीं कर सकते हैं। ऐसे ही कुछ भावपूर्ण संदेशों पर और हमेशा एक मजबूत सहारे की तरह उनके साथ खड़ी रहती है उनके आंचल की छांव में हर बच्चा सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने बताया कि अगर हम अपने बच्चों को संस्कार सही तरीके से दे रहे हैं तो माता को वृद्ध आश्रम क्यों जाना पड़ रहा है इससे यह प्रतीत हो रहा है कि कहीं ना कहीं हमारे संस्कार में कमी आ रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आई हुई सभी मदर अभिभावकों का आभार व्यक्त किया एवं विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने बताया कि मां की उपमा तो हम भगवान से भी नहीं कर सकते हैं क्योंकि भगवान तो केवल देखा है लेकिन मां सब करती है जो भगवान नहीं कर सकते हैं स इस अवसर पर आए हुए सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को बधाई देता हूं।

# सीबीएसई हाईस्कूल में अंशी का शानदार प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम माधोगंज लखनऊ पब्लिक स्कूल की अंशी यादव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन और कठिन परिश्रम से यह सफलता मिली है। बतया आगे इंजीनियरिंग की तैयारी करुँगी।

उनके पिता रजनेश यादव पुलिस विभाग में बिलग्राम कोतवाली में तैनात है पिता नें बताया कि अंशी यादव शुरू से ही पढ़ाई को लेकर गंभीर रही हैं। वह दिन-रात मेहनत करती रही हैं। उन्होंने शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। स्कूल प्रशासन ने अंशी यादव को बधाई दी है। प्रशासन का कहना है कि वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। अंशी यादव की इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता ने स्कूल और शहर का मान बढ़ाया है।

## विवाहित पुत्री व नातिन को गिरफ्तार किये जाने की मांग

**ललितपुर।** थाना सौजना अंतर्गत ग्राम भदौरा निवासी धनीराम पुत्र वंशिया ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। बताया कि उसकी पुत्री मिथलेश की शादी करीब 4-5 वर्ष पहले मड़ावरा के ग्राम प्यासा निवासी अंगद उर्फ हरगोविन्द पुत्र डरू के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुयी थी। शादी के बाद ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज को लेकर उलाहना देना शुरू कर दिया था। आरोप है कि ससुरालियों ने उसकी पुत्री को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया, जिसके चलते उसने वर्ष 2023 में न्यायालय में भरण-पोषण का वाद दायर कर दिया। जिसके बाद 24 फरवरी को ससुराली उसे आश्वासन देकर वापस ले गये। बावजूद इसके पुत्री को प्रताड़ित किया गया। पीड़ित ने बताया कि 1 अप्रैल को जब वह अपनी पुत्री के ससुराल ग्राम प्यासा पहुंचा तो उसके पुत्री को उक्त लोगों ने गायब कर दिया।

# शाहीन अंसारी उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सदस्य नियुक्त

अवधनामा संवाददाता



■ पसमांदा समाज की हक की लड़ाई लड़ना शाहीन अंसारी की प्राथमिकता रही: यूनुस

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव हाफिज एजाज अंसारी उर्फ शाहीन को उत्तर प्रदेश हज कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न केवल शाहीन अंसारी की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज और समस्त पसमांदा समुदाय के लिए गर्व का विषय है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुहम्मद युनुस ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं, इसे संगठन की एकता, समर्पण और सामूहिक ताकत का प्रतीक बताया है।

मुहम्मद युनुस ने अपने बयान में कहा, ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज की असली ताकत इसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। हाफिज एजाज अंसारी उर्फ शाहीन ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा के बल पर यह सम्मानजनक मुकाम हासिल किया है। उनकी यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सच्चे मन से समाज और संगठन के लिए काम करने वालों को उनके योगदान के अनुरूप अवसर और सम्मान अवश्य प्राप्त होता है। शाहीन अंसारी का सफर अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में उन्होंने पसमांदा मुस्लिम समुदाय के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। पसमांदा समुदाय, जो मुस्लिम समाज का एक बड़ा और सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़ा हिस्सा है, के अधिकारों के लिए उनकी आवाज बुलंद करना और उनके हक की लड़ाई लड़ना उनकी प्राथमिकता रही है। इसके अतिरिक्त, शाहीन अंसारी ने संगठन को मजबूत करने और इसके मिशन को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुहम्मद युनुस ने विश्वास जताया है कि शाहीन अंसारी हज कमेटी के सदस्य के रूप में हज यात्रियों की समस्याओं को गहराई से समझेंगे और उनके लिए बेहतर सुविधाएँ सुनिश्चित करने में अपनी पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी अनुदान योजना के सम्बन्ध में हुई बैठक



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने शादी अनुदान योजना के अंतर्गत किए गए भुगतान से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने कहा कि पात्रों को किए जाने वाले भुगतान में अनावश्यक देरी न की जाए। लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभान्वित कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्य गुरुरानी, माननीय विधायक सवाजपुर के प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी व अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

### आईटीआई में तीन नई ट्रेड होंगी शुरू

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजकीय आईटीआई में कम लोकप्रिय पुरानी ट्रेडों को बंद करने व अधिक सम्भावना वाली नई ट्रेडों को प्रारंभ करने के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईटीआई में ऐसी ट्रेनों की शुरुआत की जाए जो रोजगार की दृष्टि से अधिक बेहतर हों। उन्होंने कंप्यूटर एडेड एंब्रायडरी, ड्रेस मेकिंग व स्वीइंग टेक्नोलॉजी के ट्रेड बंद करने तथा तीन नए ट्रेड कैटरिंग एंड हॉस्पिटैलिटी असिस्टेंट, सोलर टेक्नीशियन(इलेक्ट्रिकल) वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग असिस्टेंट को प्रारंभ करने पर अपनी सहमति दी। जिलाधिकारी ने नई ट्रेड शामिल होने पर खुशी जतायी तथा कहा कि ये ट्रेड युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, प्रधानाचार्य आईटीआई रोहित श्रीवास्तव व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग छात्रा की गुमशुदा होने का मामला दर्ज

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 12 मई को सुबह करीब 10 बजे उसकी नाबालिग पुत्री जो कि कक्षा 10 की छात्रा है जीजीआईसी जाने की कहकर घर से निकली थी। बताया कि अपराह्न 3 बजे तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसके छोटे भाई ने विद्यालय जाकर पता किया। यहां पता चला कि विद्यालय तो दो दिन से बंद है। काफी खोजबीन करने के बावजूद भी छात्रा का पता नहीं चल सका है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत दर्ज करते हुये कार्यवाही शुरू कर दी।

### विदेशी चखेंगे अवध के आमों का स्वाद

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** विदेश में आम की अच्छी गुणवत्ता के साथ अवध नाम से विशेष पैकिंग वहां के लोगों को आकर्षित करेगी। दशहरी हो या लंगड़ा, चौसा या फिर अन्य प्रजाति के आम अलग-अलग डिजाइन के मैंगो बॉक्स में भेजे जाएंगे। यह बॉक्स काफी खूबसूरत और मजबूत होंगे। यानी मजबूत बॉक्स में मुलायम आम विदेशों को भेजे जाएंगे। खास बात यह है कि आम की पैकिंग किसान या फिर एफपीओ स्वयं करके निर्यात करेंगे। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और किसान सक्षम बनेंगे। राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) की मांग पर आम का निर्यात करने के लिए केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) ने छह व नौ पीस के मैंगो बॉक्स की खास डिजाइन तैयार की है। इससे विदेश के लोग खरीदने के लिए आकर्षित होंगे। बॉक्स में बार कोड से लेकर हर तरह की जानकारी मिलेगी। बाक्स मजबूत भी होंगे। जो एक-दूसरे के ऊपर रखने से खराब नहीं होंगे। इससे पहले निर्यातक किसानों से आम खरीदकर स्वयं बॉक्स तैयार करके पैक करते थे। कुछ एफपीओ भी सहकारी संस्थाओं से बॉक्स खरीदते हैं। लेकिन, छोटे किसानों की पहुंच से दूर हैं।

## अधिवक्ता पर हमले के दो और आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र में अधिवक्ता मान सिंह पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टोल प्लाजा भावापुर के पास से पकड़े गए आरोपी अनिल पटेल और अजय पटेल हैं।

अनिल पटेल नवाबगंज अटरामपुर के जुड़ापुर झिनहर का रहने वाला है। अजय पटेल होलागढ़ के दहियावा गांव के काशीपुर का निवासी है। दोनों से एक 32 बोर की अवैध पिस्टल, 315 बोर का तमंचा और तीन कारतूस मिले हैं। जांच में पता चला है कि घटना के दिन अनिल पटेल बाइक चला रहा था और शूटर को लेकर जा रहा था। अजय पटेल ने होटल में मुख्य साजिशकर्ता अनिल और शूटर की मुलाकात करवाई थी। शूटर को 20 हजार रुपये एडवांस दिए गए थे। बाकी रकम वारदात के बाद देनी थी। यह हमला तीन मई को सोरांव में प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाईवे पर हुआ था। लकड़मंडी गांव के सामने अधिवक्ता मान सिंह पर तीन गोलियां चलाई गई।

# सेना का अपमान, भाजपा मंत्री को क्यों नहीं किया बर्खास्त: तिवारी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज में राज्यसभा के उपनेता और कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कर्नल सोफिया कुरैशी के मुद्दे पर भाजपा पर तीखा प्रहार किया है। एक समाचार चैनल से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह एक महिला अधिकारी का अपमान है।

श्री तिवारी ने कहा कि यह भारतीय सेना की गौरवगाथा का भी अपमान है। उन्होंने इस मामले को शर्मनाक और दुखद बताया। उनका कहना था कि यह केवल कर्नल सोफिया का नहीं, बल्कि पूरी भारतीय सेना का अपमान है।

उन्होंने सवाल उठाया कि विवादित बयान देने वाले नेता अभी भी भाजपा में मंत्री पद पर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा उस बयान से असहमत है, तो संबंधित मंत्री को पार्टी से निकालकर बर्खास्त क्यों नहीं किया गया। प्रमोद तिवारी ने युद्धविराम पर भी सवाल उठाया और कहा कि जब भारत की सेनाएं आतंकियों को करारा जवाब दे रही थीं, तभी अचानक अमेरिका से युद्धविराम की घोषणा कैसे हो गई? उन्होंने कहा, ÷यह घोषणा वाशिंगटन से हुई, न कि दिल्ली या रावलपिंडी से। ये तीसरा पक्ष कौन है जो भारत-पाक रिश्तों में दखल दे रहा है? उन्होंने मांग की कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए, जिसमें प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हो और इन सवालों पर चर्चा की जाए।

## पुराने हिस्ट्रीशीटर हीरा कसाई व उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला बड़ापुरा निवासी रजिया बेगम पत्नी स्व.मुन्ने खां ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह अपने दामाद कलीम के मोहल्ला घुसयाना जेल चौराहा के पास स्थित घर में थी। घर के पीछे स्थित जलालउद्दीन शाह बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स का दो दिवसीय आयोजन हो रहा था। इस आयोजन कमेटी में उसका दामाद कलीम भी मेम्बर है, जो उर्स की व्यवस्थाएं देख रहा था। आरोप है कि इसी बीच कसाई मण्डी निवासी हीरा कसाई पुत्र इब्राहिम कुरैशी अपने गैंग के शंकर मोटा, शरीफ कबाड़ी का भाई, हीरा का लड़का एकराय होकर आये और उसके दामाद से शराब पीने के लिए 5 हजार रुपये की मांग करते हुये अन्यथा की स्थिति में उर्स न होने और सभी लोगों को मारने की धमकी दी। इसके अलावा उर्स में आये श्रद्धालुओं से गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

# सीएमएस छात्र को 72,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के छात्र सहर्ष सिंह नरुला को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित वेस्ट वर्जीनिया वेस्लेयन कॉलेज द्वारा 72,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सहर्ष ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।

सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# दिव्यांग के साथ ही माँ को भी मिली योजना की सौगात



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जनसुनवाई के दौरान टोडरपुर विकास खण्ड के बूढ़नपुर गाँव की एक आँखों से दिव्यांग लड़की प्रेमवती अपनी माँ सरबत्ता के साथ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के समक्ष पहुँची। लड़की की माँ सरबत्ता ने बताया कि उसके पास शौचालय नहीं है। शौच के लिए बाहर जाने पर कई बार कांटे भी लग जाते हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल बीडीओ टोडरपुर से वर्चुअल माध्यम से बीडीओ से बात की और पात्रता की जाँच कर व्यक्तिगत शौचालय देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दिव्यांग प्रेमवती के दिव्यांग प्रमाण पत्र को देखा जिसमें दिव्यांगता 100 प्रतिशत उल्लिखित थी। उन्होंने तुरंत दिव्यांग कल्याण अधिकारी को बुलाया तथा तत्काल यूडीआईडी कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि चलने में सुगमता के लिए प्रेमवती को एक छड़ी दी जाये। दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी तत्काल एक छड़ी लेकर आये जिसे जिलाधिकारी ने अपने हाथों से प्रेमवती को सौंपा।

## चोरी के आरोप में छात्र को पड़ोसी ने पीटा, शरमिंदगी में लगाया फंदा

**लखनऊ।** मड़ियांव के आईआईएम रोड स्थित रायपुर में पड़ोसी ने सोमवार देर रात चोरी के आरोप में कक्षा-9 के छात्र को बंधक बनाकर पीटा। पिटाई से क्षुब्ध होकर किशोर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने मड़ियांव थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। रायपुर निवासी ड्राइवर सरोज रावत का बेटा रितेश (16) दिव्य वसुंधरा इंटर कॉलेज में कक्षा-9 का छात्र था। सोमवार देर रात एक बजे लाइट चली गई। रितेश अपनी छोटी बहन शिवांगी के साथ घर के बाहर टहलने चला गया। कुछ देर बाद बेटी घर आ गई। रितेश के काफी देर बाद भी वापस न लौटने पर बेटे को खोजने बाहर निकले तो पड़ोसी के घर से बेटे की चीख पुकार सुनाई दी। वह भीतर गए तो देखा कि सीताराम का बेटा सत्येंद्र उर्फ लालू बेटे रितेश को पीट रहे थे। पूछने पर पड़ोसी ने बताया कि रितेश घर में चोरी कर रहा था, इसलिए मारा है।

# गुरु मेरी पूजा, गुरु गोविंदा, गुरु मेरा परब्रह्म, गुरु भगवत

अवधनामा संवाददाता



■ श्रीश्री रविशंकरजी के 69वां जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया

**ललितपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक, आध्यात्मिक गुरु शांति के दूत परम पूज्य गुरु श्रीश्री रविशंकरजी के 69 वर्ष पूर्ण होने पर ललितपुर के अनुयायियों ने मातोश्री में जन्मोत्सव को सत्संग कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। ललितपुर के प्रथम योग शिक्षक सुबोध शर्मा विश्वास ने बताया कि श्री श्री का जीवन, ज्ञान और करुणा की एक अनमोल गाथा है।

श्रीश्री ने हम सबको प्रेम, शांति व सद्भाव का मार्ग प्रशस्त किया है और जीवन जीने की कला सिखाई. लोकप्रिय ब्लॉगर और समाजसेवा मे अग्रणी अतुल मालवीय ने कहा कि श्रीश्री अथक प्रयासों से दुनिया भर में सकारात्मक ऊर्जा व आनंद-शांति का संचार हुआ है। जगदीश द्विवेदी ने जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हम सब गुरुदेव के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं ताकि उनकी दिव्य ऊर्जा व ज्ञान हम सभी को प्रेरित करता रहे। सत्संग में डा.प्रबल सक्सेना ने गुरु मेरी पूजा भजन प्रस्तुत कर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। अतुल मालवीय ने सुख के सब साथी दुःख में न कोई सुनाकर भक्तिमय वातावरण बना दिया। शुभम देवरिया ने ये चमक ये दमक फुलवन मा महक सब कुछ सरकार तुमई से है गाकर सबको आनंदित कर दिया। फिर तो एक से एक भजन व गीत प्रस्तुत किए गए। उमा द्विवेदी ने गुरु मात-पिता, गुरु बंधु सखा, तेरे चरणों में स्वामी मेरे कोटि प्रणाम। इंजी.बालमुकुंद सोनी ने गणपति भजन, सरोज सोनी ने अच्युत केशवय, कृष्ण दामोदर प्रियंका-दीक्षा ने देवी भजन, ओ.पी. गुप्ता ने श्रीमननारायण, सुबोध गोस्वामी ने जय शिव ओंकारा की कर्णप्रिय प्रस्तुति दी।

# पत्रकार हबीब खां से रंगदारी व जान से मारने की धमकी

अवधनामा संवाददाता

■ अपराधियों ने दिनदहाड़े रास्ता रोककर दी गालियां, मारपीट का प्रयास, रिपोर्ट

**ललितपुर।** कुख्यात अपराधी होने के बाबजूद पत्रकारिता का चोला ओढ़कर जिले के राजनेता, व्यापारियों, समाज सेवियों, अधिकारियों, ग्राम प्रधानों, सचिवों के साथ-साथ अब पत्रकारों को ही धमकाते हुए रंगदारी मांगने और झूठे मामलों में फसाने की धमकियां देने का मामला प्रकाश में आया है। ब्लेकमेल कर समाज में भय का माहौल बनाने और पुलिसिया तंत्र को चुनौती देने वाले ऐसे शातिर बदमाश के खिलाफ दैनिक समाचार पत्र के संपादक ने एफआईआर दर्ज कराई है।

जनपद में पत्रकारिता पर हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रतिष्ठित समाचार पत्र अवध की जंग के सम्पादक हबीब खां को तीन शातिर अपराधियों ने सरेआम गालियां दीं, धमकाया और रंगदारी की मांग करते हुए हमला करने का प्रयास किया। मामला 29 अप्रैल 2025 का है, परंतु पत्रकार ने साहस जुटाकर 13 मई को कोतवाली में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सम्पादक हबीब खां, जो लंबे समय से सक्रिय पत्रकारिता कर रहे हैं, का कार्यालय कचहरी रोड, सिविल लाइन में स्थित है। कार्यालय का उद्घाटन 10 नवम्बर 2024 को गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ था। तभी से लगातार उन्हें कुछ संदिग्ध तत्वों द्वारा निशाना बनाया जा रहा था।

**घटना का विवरण :** बीती 29 अप्रैल को दोपहर लगभग 2.30 बजे हबीब खां अपने सहयोगी श्यामबाबू के साथ स्कूटी से तुवन चौराहा से कचहरी चौराहे की ओर जा रहे थे, तभी वन विभाग कार्यालय के पास पीपल के पेड़ के समीप रामदास सर्वोहम, जगन्नाथ श्रीवास और एक अन्य व्यक्ति बब्लू राजा ने रास्ता रोक लिया।

अवधनामा



# महिला आयोग की सदस्या ने की समीक्षा बैठक

■ महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अनुपमा लोधी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक की। बैठक में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी महिला अगर शिकायत लेकर थाने या अन्य किसी कार्यालय में जाती है तो पूरी गंभीरता के साथ महिलाओं की शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

सदस्या ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं, शिकायतों से रूबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की छोटी.बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाएं। समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर.उधर भटकना न पड़े। यदि उनको समय से न्याय नहीं मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में भी शिकायत दर्ज करा सकती है। जनसुनवाई के दौरान कुल 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ;न्यायिकद्ध शिशिर कुमार, जिला कार्यकम अधिकारी हर्षवर्धन नायक, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, महिला थानाध्यक्ष सुषमा चौधरी, पूर्ति निरीक्षक प्रवीण वर्मा, सदस्य बाल कल्याण समिति मधुबाला चौरसिया, संरक्षण अधिकारी संगीता राजपूत और श्यामबाबू विश्वकर्मा, कनिष्ठ सहायक पवन कुमार राजपूत, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय, समाज कल्याण पर्यवेक्षक शोभित कुमार, सेन्टर मैनेजर क्षमा, प्रोजेक्ट को.आर्डिनेटर दीपक कुमार, परामर्शदाता अवधेश निरंजन आदि लोग उपस्थित रहे।

## दारू के लिए पैसे न देने पर दबंगों ने धुना

**महोबा।** थाना अजनर के ग्राम रामूपुरा में दारू के लिए पैसे न देने पर दबंगों ने ग्रामीण को पकड़ कर ले जाने के बाद जमकर मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाना अजनर में दे दी है।

ग्राम रामूपुरा निवासी नीतेश पटैरिया पुत्र महेश पटैरिया गांव से जा रहा था, तभी गांव के ही दबंगो ने उसे दारू पीने के लिए पैसों की मांग की, लेकिन नीतेश ने पैसे देने से मना कर दिया, इससे दबंगों ने नीतेश को पकड़ कर ले गए और उसकी जमकर मारपीट की। पीड़ित के परिजनों ने थाना अजनर में दबंगों के खिलाफ तहरीर दे दी है। थानाध्यक्ष सत्वेंद्र सिंह का कहना है कि रामूपुरा गांव की मारपीट की सूचना मिली है, जांच कराई जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कल्कि संगठन की 12 माह 12 कथा संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** राष्ट्रीय कल्कि स्वयंसेवक संघ जो कल्कि प्राकट्य स्थल से अवतरित एक संगठन है जिसका उद्देश्य कल्कि तीर्थ नगरी के 68 तीर्थ 19 कूपों को उजागर करना उनके महात्म का विश्व मे प्रचार-प्रसार करना कल्कि प्राकट्य स्थल को पर्यटन स्थल के रूप मे प्रस्तुत करने के लिए राज्य व केंद्र सरकार से अनुरोध करना अब राष्ट्रीय कल्कि स्वयंसेवक संघ द्वारा कल्कि नगरी के तीर्थो पर 12 माह 12 कथा का आयोजन कर रहे है जिसमें प्रमुख हरि हर मदिर से शुरुआत होगी हरि हर मंदिर के निकट सनातन धर्म पंजाबी मंदिर में 14 मई से 20 मई को होने बाली कथा स्वामी श्री श्री श्री 1008 मधुसूदन आचार्य जी महाराज के श्रीमुख द्वारा अविरल वाणी से सम्भल कल्कि नगरी के 68 तीर्थो का महात्म सुनाया जाएगा जो कल्कि नगरी का 7 दिवसीय कार्यक्रम होगा जिसमें कल्कि नगरी के समस्त समिति और संगठनों को लेकर चलने वाला कथा समारोह होगा जिसके लिए कलश यात्रा के प्रोग्राम में संभल क्षेत्र के ग्राम महोरा लखुपुरा में स्थित पावन वन विहार आश्रम के परम पूज्य महंत श्री कृष्णानंद पुरी त्यागी महाराज जी से संभल में आयोजित भव्य कलश यात्रा के अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल जी साथ में एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर कानूनी सलाहाकार तहसील सम्भल तथा श्री कल्कि नगरी परम गुरु श्री मधुसूदनाचार्य जी महाराज कांगड़ा हिमाचल प्रदेश से पधारे कथा शुभारंभ करने हेतु नितिन गुप्ता कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय कल्कि स्वयं सेवक संघ, सौरभ गुप्ता प्रदेश सचिव तथा राष्ट्रीय कल्कि स्वयं सेवक संघ के अन्य पदाधिकारी व सभी भक्तगण उपस्थित रहे।

# जिले में अपराध की रोकथाम के लिए बीट प्रणाली की समीक्षा की



अवधनामा संवाददाता

■ पुलिस अधीक्षक ने बीट पुलिस आरक्षियों को बीट प्रणाली की जानकारी दी

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जिले में अपराध की रोकथाम एवं जनसुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में बीट प्रणाली की समीक्षा की। बैठक में जनपद के प्रत्येक थाने से एक.एक बीट आरक्षी को आमंत्रित कर उनकी बीट बुक का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बीट आरक्षियों को बीट प्रणाली की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अपने.अपने बीट क्षेत्रों में भ्रमण करें एवं बीट बुक को सुव्यवस्थित रखें। उन्होंने कहा कि बीट पुलिसकर्मी अपने क्षेत्र में सतत् सक्रियता बनाए रखें, आमजन से संवाद स्थापित करें, सूचनाओं का समय से संकलन कर सभी प्रविष्टियों को पूर्ण, प्रामाणिक एवं पारदर्शी ढंग से दर्ज करें। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान बीट बुक चेक करते हुए पुलिस की प्राथमिकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसी उत्तरदायी कार्यशैली से पुलिस और जनमानस के बीच विश्वास और अधिक मजबूत होगा, जिससे अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकेगा।

## जिले में अपराध की रोकथाम के लिए बीट प्रणाली की समीक्षा की

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जिले में अपराध की रोकथाम एवं जनसुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में बीट प्रणाली की समीक्षा की। बैठक में जनपद के प्रत्येक थाने से एक.एक बीट आरक्षी को आमंत्रित कर उनकी बीट बुक का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बीट आरक्षियों को बीट प्रणाली की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अपने.अपने बीट क्षेत्रों में भ्रमण करें एवं बीट बुक को सुव्यवस्थित रखें। उन्होंने कहा कि बीट पुलिसकर्मी अपने क्षेत्र में सतत् सक्रियता बनाए रखें, आमजन से संवाद स्थापित करें, सूचनाओं का समय से संकलन कर सभी प्रविष्टियों को पूर्ण, प्रामाणिक एवं पारदर्शी ढंग से दर्ज करें। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान बीट बुक चेक करते हुए पुलिस की प्राथमिकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसी उत्तरदायी कार्यशैली से पुलिस और जनमानस के बीच विश्वास और अधिक मजबूत होगा, जिससे अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकेगा।

# देवर-भाभी और मासूम भतीजी को डंपर ने रौंदा, मौत

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** हसनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजगैन-मोहान मार्ग पर स्थित फ्रहदपुर गांव के पास मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर और बाइक की भीषण टक्कर में एक महिला, उसकी मासूम बेटी और देवर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब वे बेटी के लिए दवा लेकर अस्पताल से घर लौट रहे थे। घटना के बाद चालक डंपर मौके पर ही छोड़कर फ्रार हो गया। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।जानकारी के अनुसार, ओहरापुर कौड़िया गांव की रहने वाली तीस वर्षीय रंगीता अपनी ढाई वर्षीय बेटी आकृति की दवा लेने के लिए अपने चौबीस वर्षीय देवर गौरव के साथ बाइक से फ्रहदपुर सेवा अस्पताल आई थी। बताया जा रहा है कि आकृति की तबीयत खराब थी। अस्पताल से दवा लेने के उपरांत तीनों जैसे ही बाइक से घर लौटने के लिए निकले, फ्रहदपुर गांव के पास मोहान की ओर से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और रंगीता, गौरव व मासूम आकृति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हसनगंज व अजगैन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रंगीता की मौत की खबर जैसे ही उसके गांव ओहरापुर कौड़िया पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पति अंकित, सास राजेश्वरी, ससुर बंशीलाल रावत और बड़ी बेटी अनन्या का रो-रोकर बुरा हाल है। एक ही झटके में घर के तीन सदस्यों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर अनियंत्रित गति से दौड़ने वाले भारी वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए जाने और दोषी डंपर चालक को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग प्रशासन से की है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डंपर को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया है।

## संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए हो मंडल का गठन

**उन्नाव।** जिला प्रवासी क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने कहा अपने निर्धारित समय से मंडल का गठन पूरा करें। संगठन के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए हो मंडल का गठन आरक्षण के नाम पर खानापूर्ति न करें संगठन का कार्य करने वाले जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दें। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बैठक में कहा सभी मंडलों में गठन का कार्य चल रहा है मंडलों से सूची निर्धारित समय से पूर्ण होकर मिल जायेगी। भाजपा कार्यालय उन्नाव में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में मंडल गठन के संबंध में बैठक आयोजित की गई बैठक में गठन हेतु जिला प्रवासी के रूप में क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने बैठक में उपस्थित मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों को संबोधित किया। बैठक में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र दीक्षित कृष्ण कुमार वर्मा जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल सुशील तिवारी नवीन सिंह कलम बाजपेई जैनेंद्र शुक्ला, समीर शुक्ला, अवनीश गुप्ता, नीरज शुक्ला, आशीष त्रिपाठी, संतोष पाल आदि उपस्थित रहे।

# गोवर्धन में अगले माह मुड़ीया पूर्णिमा करौडी मेला की तैयारी शुरू

अवधनामा संवाददाता

■ डीएम की अध्यक्षता में तैयारियों को दिया अंतिम रूप, अधीनस्थों को दिए निर्देश

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुड़िया पूर्णिमा मेला की व्यवस्थाओं/तैयारियां के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जनपद मथुरा के तहसील गोवर्धन में दिनांक 04 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक लगने वाले गुरु पूर्णिमा (मुड़िया पूर्णिमा) मेला की प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह मेला मथुरा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमें करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा करने आते हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों को गड्ढा मुक्त कर लिया जाये, परिक्रमा मार्ग पर मिट्टी को छनवा कर डलवाए, वॉच टावर, पार्किंग, पार्किंग में रैंप, पुलिस चौकी, बैरियर एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था आदि का कार्य ससमय पूर्ण किया जाए। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग पर स्थित समस्त स्ट्रीट लाइट को संचालित कराए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मानसी गंगा, कुसुम सरोवर, कृष्ण कुण्ड एवं राधा कुण्ड के चारों ओर बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण करा लिया जाये। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि सी.एच.सी गोवर्धन में पर्याप्त मात्रा में जन शक्ति की पूर्ति कर ली जाये तथा हर प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त कर लिया जाये। पर्याप्त एम्बुलेंस, बाइक एम्बुलेंस, स्वास्थ्य कर्मचारी, नियमित दूरी पर कैंप आदि लगाए जाए। जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज को निर्देश दिए कि मेला के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था की जाये और बसों के मार्गो को पहले से ही चयनित किया जाये, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न न हो। बस के ड्राइवरों के साथ पूर्व में बैठक की जाए।

# बाल श्रमिक चिन्हानकन अभियान से हड़कंप, आठ बाल श्रमिक मिले

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बाल श्रमिक समस्या विश्वव्यापी है इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनवरत पहल जारी है बाल श्रमिक समस्या को पूर्ण रूप से उन्मूलन करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा मानवाधिकार आयोग सर्वोच्च न्यायालय और बालक अधिकार संरक्षण आयोग व्यापक स्तर पर पहल करते हुए समय-समय पर कार्रवाई करते रहते हैं इसी संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक महीने बाल श्रमिक चिन्हित करने के बाद सेवा नियोजक के विरुद्ध जुर्माना एवं दंडात्मक कार्रवाई करने का अभियान चलाया जाता रहा है किसी के क्रम में श्रम विभाग के द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में बाल श्रमिक अभियान चलाया जिसमें आधा दर्जन से अधिक बाल श्रमिक चिन्हित किए गए हैं। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल के निर्देश पर पुराना बस अड्डे से होलीगेट तक प्रतिष्ठानों पर 14 मई को बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई मैं 08किशोर गैरखतरनाक प्रक्रिया मैंन काम करते हुए पाए गए। इनके सेवायोजको के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी किए गए। श्रम विभाग के अधिकारियों की कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया और दुकानदारों ने अपने यहां लग रहे बाल श्रमिक के रूप में बच्चों को छुपा दिया या भगा दिया एक और व्यापार मंडल से जुड़े हुए लोग इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं वहीं सामाजिक कार्यों में जुड़े हुए लोग इस कार्रवाई की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। बाल श्रमिक के विरुद्ध चलाए गए अभियान में जिस टीम का योगदान रहा है उनमें प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस. पी .पाण्डेय, चाइल्ड लाइन से लोकेश, ए एच टी यू प्रभारी कर्मवीर सिंह,एस आई उदयवीर सिंह, ,हेड कांस्टेबल योगेश,नेहा उपस्थिति रहे। किशोरों से नियम विरुद्ध कार्य करने पर कानून में रुपया 10 हजार तक जुर्माने अथवा 03 माह तक जेल अथवा दोनो सजा का प्राविधान है।

मौके पर सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई। इस संबंध में सहायक श्रम आयुक्त एम एल पाल ने बताया शासन के आदेश और जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में समय-समय पर कार्रवाई की जाती है।

# ईओ ने नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बरसात के मौसम से पूर्व पालिका प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष नाला सफ्ाई अभियान के तहत अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने बुधवार की सुवह नाला सफ्ाई प्रगति कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पालिका कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बुधवार की सुवह अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने मोहल्ला अफ्सरी स्थित नाले की सफ्ाई का निरीक्षण करनें के उपरान्त कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नालों की समय पर सफाई अति आवश्यक है। ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि मुख्य मार्गो और जलजमाव प्रभावित मोहल्लों में प्राथमिकता के आधार पर सफ्ाई कार्य हों। निरीक्षण के दौरान पालिका कर्मी जेसीबी और हाईड्रा मशीन के साथ नालों की सिल्ट निकालते देखे गए। इस दौरान ईओ ने कहा कि नाला सफ्ाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे कूड़ा-कचरा नालों में न फेंके और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। कहा कि पालिका द्वारा यह अभियान नगर क्षेत्र के सभी प्रमुख नालों की सफ्ाई होने तक चलाया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की रैंक के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी एवं रैंक खराब होने पर खराब प्रदर्शन को लेकर पीडी डीआरडीए को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत रैंक खराब होने पर खराब प्रदर्शन को लेकर अधिशासी अभियंता तथा सहायक अभियंता जल निगम ग्रामीण को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। 15 वें वित्त एवं 5 वें वित्त के अन्तर्गत किये व्यय में लापरवाही तथा इसके कारण खराब रैंक आने पर जिला पंचायतीराज अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। कृत्रिम गर्भाधान में खराब रैंक को लेकर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को कठोर चेतावनी दी गयी। ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। श्रम विभाग के अन्तर्गत कन्या विवाह योजना को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम चौपाल में श्रम विभाग से संबंधित अधिकारी प्रतिभाग करते हुए श्रम विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रचार प्रसार करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से संतृप्त करें। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण , पर्यटन विभाग, सामाजिक वनीकरण, मध्याह्न भोजन एवं विधार्थियो की उपस्थिति, अण्डा उत्पादन, निराश्रित गौवंश संरक्षण, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन सेतुओं के निर्माण तथा नई सड़क निर्माण तथा सड़कों के अनुरक्षण को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा जिला उद्यान अधिकारी को मोरिंगा को लेकर एक अभियान चलाने के निर्देश दिए। पीएम कुसुम योजना के लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 15 दिन में एक बार इससे संबंधित बैठक करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना अधिकारी डीआरडीए ज्ञान सिंह, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीआरसी छिबरामऊ में निरीक्षण के नाम पर नहीं बैठते हैं बीईओ

■ रिसीविंग न होने पर भटके शिक्षक, यूटा जिलाध्यक्ष ने सुना दर्द, दिया आश्वासन

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** ब्लॉक कार्यालय छिबरामऊ में खण्ड शिक्षा अधिकारी निरीक्षण समय के उपरांत भी नहीं बैठते हैं। बुधवार को बीआरसी छिबरामऊ में एक बजे के बाद तपती दोपहरी में अपने कई माह से लंबित चयन वेतनमान की फ्इल को लेकर कार्यालय में शिक्षकगण पहुंचे, तो न ही खंड शिक्षाधिकारी मिले न ही फ्इल को रिसीव करने के लिए कोई पटल प्रभारी मिला। शिक्षक अपनी फ्इल को देने के लिए इधर उधर भटकता घूम रहा है, कोई भी प्रार्थना पत्र रिसीव करने वाला अधिकृत प्रभारी या बाबू नहीं मिला, सब रिसीविंग देने से कतराते नजर आ रहे थे। वहीं लगभग कई महीना पूर्व ही 10 वर्ष की सेवाकाल पूर्ण करने के बाद भी शिक्षकों का चयनवेतन मान एवं पदोन्नतिमान नहीं लगा है। दबी जुबान से शिक्षकों का कहना है कि बिना रुपए के कोई काम नहीं होता है। आज शिक्षकों ने यूटा के जिलाध्यक्ष पंकज भदौरिया को फेन करके इस धांधलगर्दी भ्रष्टाचार की सूचना दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर बीआसी छिबरामऊ पर शिक्षकों का दर्द सुना और जब ऑफ्सि में बीईओ आनंद द्विवेदी नही मिले तो उनसे फेन पर बात करने पर बीईओ ने एक सेवक को डाक पटल अधिकृत बताया। लेकिन लिखित में कोई पटल आवंटित नहीं है ऐसी जानकारी ऑफ्सि से दी गई। वेतन एवं बिल प्रभारी संजीव सिंह राठौर मिले जिन्होंने चयन वेतन मान से संबंधित कोई सूचना न होने की बात कहीं। यूटा संरक्षक शैलेन्द्र दुबे ने बताया मैने कई बार बीईओ को संज्ञान दिलाया लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होने अपने चहेते दो तीन अध्यापक लगा रखे हैं जो धन उगाही का काम कर रहे हैं। जिसकी संगठन के माध्यम से छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय एवं जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर से विकासखंड छिबरामऊ में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत करने का आश्वाशन शिक्षकों को दिया गया। यूटा अध्यक्ष पंकज भदौरिया ने कहा कि विद्यालय न जाकर बीईओ और बीएसए कार्यालय की परिक्रमा करने वाले शिक्षकों को चिह्नित कर कार्यवाही के लिए यूटा टीम कार्य करेगी। जल्द ही संबंधित अधिकारियों को इसका संज्ञान लिया जाएगा।

## धोखे से खाते में गये रूपये धारक ने पार किये

**उन्नाव।** बीघापुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में तैनात कर्मचारी की लापरवाही के कारण खाताधारक के दो लाख 52 हजार रुपये दूसरे के खाते में जमा हो गए थे। शाखा प्रबंधक द्वारा उसे कई बार पत्राचार व नोटिस दिए जाने के बाद भी उसने रुपये जमा नहीं किए और 1 लाख 75 हजार रुपये कई बार में निकाल लिया। जिसके बाद शाखा प्रबंधक ने कोतवाली में तहरीर देकर एफ्आईआर दर्ज कराई थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। बीघापुर स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा में अपर्णा पटेल ने 20 अक्टूबर 2024 को 252078 रुपए जमा किए थे। बैंक कर्मचारी की चूक की वजह से रुपये सुक्खा देवी पत्नी कल्लू निवासी नसीरपुर थाना बारासगवर के खाते में जमा हो गए। शाखा प्रबंधक ललित कुमार मीणा ने बताया कि सुक्खा देवी, रज्जन लाल वर्मा व बच्चालाल ने कई बार में 1 लाख 75 हजार रुपये निकाल लिए। शाखा प्रबंधक का कहना है कि उन्होंने सुक्खा देवी को कई बार पत्राचार व नोटिस भेजे लेकिन उन्होंने पैसे जमा नहीं किया जिसके बाद उन्होंने 4 अप्रैल को कोतवाली में तहरीर देकर एफ्आईआर दर्ज कराई थी।

# प्रत्येक ग्राहक को सशक्त बनाने हेतु पीएनबी ने लॉच किया मासिक रिटेल आउटरीच कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** सार्वजिनक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने व्यापक मासिक रिटेल आउटरीच कार्यक्रम की घोषणा की है–यह मई के महीने में 15.05.2025 को आयोजित की जाने वाली एक राष्ट्रव्यापी रणनीतिक पहल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न रिटेल ऋणक्षेत्रों के अनुरूप वित्तीय समाधान पेश करने के लिए पूरे भारत के ग्राहकों तक पहुंचना है।

पीएनबी रिटेल आउटरीच कार्यक्रम एक ही मंच के अंतर्गत व्यापक ऋण समाधानों को एक विस्तृत शृंखला प्रदान करता हैं, जो प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और न्यूनतम निष्पादन अवधि एवं दस्तावेजीकरण आवश्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण वित्तीय उत्पादों तक पहुंच प्रदान करेगा।

ग्राहक विभिन्न प्रकार की विशिष्ट पेशकशों का लाभ उठा सकते हैं-

**आवास ऋण:** ब्याज दरें 7.95 प्रतिशत से शुरू हैं और प्रोसेसिंग शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही हैं।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना:** ब्याज दरें 6.50 प्रतिशत से शुरू होती हैं, जिसका लाभ डिजिटल और ऑफलाइन दोनो तरीकों से उठाया जा सकता है।

**कार ऋण:** ब्याज दरें 8.30 प्रतिशत से शुरू हैं और प्रोसेसिंग शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही हैं।

**शिक्षा ऋण:** 860 प्रमुख संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों के लिए प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें 7.65 प्रतिशत से शुरू।

यह कार्यक्रम पात्र ग्राहकों को मौके पर परामर्श, तत्काल पात्रता जांच और सैद्धांतिक स्वीकृति की पेशकश प्रदान करता है। ग्राहक हमारे डिजिटल चैनल अर्थात पीएनबी वन ऐप के माध्यम से आवास ऋण, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, वाहन ऋणऔर शिक्षा ऋण का लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर ग्राहको को संबोधित करते हुए, पीएनबी के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अशोक चंद्र ने कहाः हमारा मासिक रिटेल आउटरीच कार्यक्रम पूरी तरह से ग्राहकों को सर्वोपरि रखने से संबंधित है। हमारा उद्देश्य ऐसे वित्तीय समाधान प्रदान करना है जो न केवल वैयक्तिक रूप से प्रत्येक ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करता हो, अपितु आसानी से सुलभ भी हों। हमारे प्रयास लोगों तक पहुंचकर उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है, चाहे वह हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हो या किसी नजदीकी शाखा में। हम ग्राहकों की वित्तीय पहुँच को सरल सुगम, और सहायक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## फिल्म फुले भेद-भाव और असमानता के खिलाफ सामाजिक न्याय कि प्रेरणा

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी की महानगर अध्यक्ष रितु गोयल के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की प्रेरणा फुले फिल्म को देखने समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीगण रूपम सिनेमा पहुंचे। महानगर अध्यक्ष रितु गोयल ने बताया कि यह फिल्म महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष त्याग बलिदान और समर्पण की गाथा है - जिन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय की अलख जगाई। और बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी कहा कि फुले मूवी न सिर्फ़ इतिहास का पुनर्स्मरण है, बल्कि हमे हर स्तर पर भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज़ उठाने की प्रेरणा देती है। साथ ही सरकार से टैक्स फ्री करने की मांग की और समाजवादियों ने कहा कि हम फुले जी के विचारों को ज़मीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फिल्म देखने के दौरान महानगर अध्यक्ष रितु गोयल, महानगर सचिव अभिषेक यादव, रमेश सैनी, एड. दाऊ दयाल शर्मा उर्फ पंडा, सज्जन क्रांति, कमल किशोर शर्मा, वल्लभ भाई कुशवाहा, ओमपाल सैनी, मुन्ना मलिक पार्षद, राज पांडे, नेहाल सिंह उर्फ ठाकुर, छोटू ठाकुर, मुकेश कुमार, गुरदीप आदि उपस्थित रहे।

## लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के पहले दौर में हारे, आकर्षी-उन्नति संघर्षपूर्ण जीत के साथ आगे बढ़ीं



**बैंकॉक।** लक्ष्य को पुरुष एकल वर्ग में आयरलैंड के नहात नगुयेन के खिलाफ एक घंटा 20 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में 18-21, 21-9, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को थाईलैंड ओपन के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आकर्षी कश्यप और उन्नति हुड्डा बुधवार को संघर्षपूर्ण जीत के साथ इस सुपर 500 टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने में सफल रहीं।

लक्ष्य को पुरुष एकल वर्ग में आयरलैंड के नहात नगुयेन के खिलाफ एक घंटा 20 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में 18-21, 21-9, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। पहले गेम में पिछड़ने के बाद लक्ष्य ने दूसरे गेम में लय हासिल की और आक्रामक रैलियों से प्रभावित किया। हालांकि, नगुयेन ने भी हार नहीं मानी और निर्णायक गेम में 17-13 से आगे हुए और फिर इसे अपने नाम कर लिया। वहीं, प्रियांशु रजावात को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के खिलाफ 13-21, 21-17, 16-21 से हार गए।

# सामान्य तरीके से आईपीएल के शेष मुकाबले कराने के पक्ष में हैं गावस्कर, बीसीसीआई से की खास अपील

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने आईपीएल शुरू करने की पूरी तैयारियां कर ली है, लेकिन गावस्कर ने बीसीसीआई से अपील की है कि इसके मुकाबलों के दौरान स्टेडियम में म्यूजिक और डीजे ना बजे क्योंकि हाल ही में कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मांग की है कि आईपीएल 2025 के शेष मैचों को सामान्य तरीके से कराया जाए। आईपीएल 2025 के शेष मुकाबले 17 मई से शुरू हो रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल स्थगित किया था, लेकिन अब इसकी शुरुआत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबले से होगी।





**डीजे और म्यूजिक नहीं बजाने की मांग**

बीसीसीआई ने आईपीएल शुरू करने की पूरी तैयारियां कर ली है, लेकिन गावस्कर ने बीसीसीआई से अपील की है कि इसके मुकाबलों के दौरान स्टेडियम में म्यूजिक और डीजे ना बजे क्योंकि हाल ही में कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है। गावस्कर ने स्पोर्ट्स टूडे से कहा, हमने लगभग 60 मैच खेले हैं। मुझे लगता है कि अब 15 या 16 मैच शेष हैं। मैं ईमानदारी से उम्मीद करता हूं, क्योंकि जो कुछ हुआ है और कुछ परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, मैं चाहूंगा कि मैच के दौरान म्यूजिक नहीं बजे और डीजे का इस्तेमाल भी नहीं हो।

गावस्कर ने कहा कि उन परिवारों की भावनाओं का सम्मान करना आवश्यक है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने कहा, मुकाबले को शुरू किया जाए और दर्शकों को स्टेडियम में आने दिया जाए। टूर्नामेंट करिए, लेकिन इसमें संतुलन रखना जरूरी है। इसमें चियरलीडर्स ना हों। सिर्फ क्रिकेट खेला जाए जिससे हम उन परिवारों की भावनाओं का सम्मान कर सकें जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

**बीसीसीआई ने जारी किया संशोधित कार्यक्रम**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल 2025 को स्थगित किया गया था। इससे पहले पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में खेला गया मुकाबला भी रद्द कर दिया गया था। आईपीएल में अब तक 57 मैच हो चुके हैं और बीसीसीआई ने फाइनल सहित 17 मैचों के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

## प्रज्ञानंद ने डुडा के खिलाफ खेला ड्रॉ, संयुक्त बढ़त बरकरार रखी



**नई दिल्ली।** गुकेश इस हार के बाद लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि अर्जुन एरिगेसी तीसरे नंबर पर आ गए हैं। अलीरजा, अमेरिका के फेबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और प्रज्ञानंद संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के खिलाफ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बरकरार रखी है। सुपरबेट शतरंज क्लासिक के छठे दौर के बाद प्रज्ञानंद के 3.5 अंक हैं। इंग्लिश ओपनिंग में काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा को डुडा ने शुरू में परेशान किया लेकिन बाद में उन्होंने लय पकड़ ली। दूसरी ओर, विश्व चैंपियन डी गुकेश को फ्रांस के अलीरजा फिरोजा ने हरा दिया। गुकेश इस हार के बाद लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि अर्जुन एरिगेसी तीसरे नंबर पर आ गए हैं। अलीरजा, अमेरिका के फेबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और प्रज्ञानंद संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

# आईपीएल फ्रेंचाइजी को लगेगा झटका, प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे इंग्लैंड के तीन खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, आईपीएल 2025 के शेष मुकाबले 17 मई से खेले जाएंगे और इसका फाइनल अब तीन जून को होगा। नई तारीखों के एलान के बाद बटलर, बेथेल और जैक्स के लिए दिक्कतें हुई क्योंकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को भी पूरा करना है।

जोस बटलर, जैकब बेथेल और विल जैक्स को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में चुना गया है जिससे इन तीनों खिलाड़ियों का अपनी-अपनी टीमों के लिए आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में खेलना तय नहीं है। आईपीएल का 18वां सत्र एक सप्ताह के लिए स्थगित होने के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ी वापस लौट गए थे, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के बाद अब आईपीएल के शेष मुकाबलों का कार्यक्रम जारी हो चुका है।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, आईपीएल 2025 के शेष मुकाबले 17 मई से खेले जाएंगे और इसका फाइनल अब तीन जून को होगा। नई तारीखों के एलान के बाद बटलर, बेथेल और जैक्स के लिए दिक्कतें हुई क्योंकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को भी पूरा करना है। आईपीएल में बटलर गुजरात टाइटंस, बेथेल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और जैक्स मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं और यह तीनों ही टीम फिलहाल आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने की दौड़ में आगे चल रही हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, समझा जाता है कि बेथेल आरसीबी के अगले दो मुकाबलों के लिए भारत आएंगे, लेकिन लखनऊ में होने वाले टीम के अंतिम ग्रुप चरण के मैच से पहले घर लौट जाएंगे। वह एजबस्टन में होने वाले पहले वनडे से पहले बर्मिंघम में टीम से जुड़ेंगे। जैक्स और बटलर के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिली है, लेकिन वे दोनों भी कुछ समय के लिए आईपीएल में हिस्सा लेने आएंगे।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने नवंबर में हुई मेगा नीलामी से पहले कहा था कि उसके केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी आईपीएल के पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे जिसके कारण बेथेल को 22 मई से जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं दी गई। हालांकि, यह प्रतिबद्धिता पुराने कार्यक्रम के अनुसार वैध थी, लेकिन अब फाइनल 25 मई के बजाए तीन जून को होना है।

## खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्कारेज, महिलाओं में सबालेंका अंतिम आठ में पहुंचीं



**रोम।** अल्कारेज ने कारेन खाचानोव को 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर तीन सेटों में जीत दर्ज की। अंतिम-8 में उनका मुकाबला इंग्लैंड के पांचवीं वरीय जैक ड्रैपर से होगा।

मैड्रिड मास्टर्स में चोट के चलते अंतिम क्षणों में नाम वापस लेने वाले स्पेन के कार्लोस अल्कारेज को इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कारेन खाचानोव को 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर तीन सेटों में जीत दर्ज की। अंतिम-8 में उनका मुकाबला इंग्लैंड के पांचवीं वरीय जैक ड्रैपर से होगा। ड्रैपर इस वर्ष अल्कारेज को इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में हरा चुके हैं।

ड्रैपर ने तीसरे दौर के मैच में फ्रांस के कोरेंटीन मोटेट को तीन सेटों के संघर्ष में 1-6, 6-4, 6-3 से हराया। अल्कारेज का ड्रैपर के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 3-2 है। वहीं, महिला वर्ग के तीसरे दौर के मुकाबले में शीर्ष वरीय बेलारूस की अरिना सबालेंका ने यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक को सीधे सेटों में 6-1, 7-6 से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन की आठवीं वरीय क्विन वेन झेंग से होगा।

# स्टेडियम को फिर बम से उड़ाने की धमकी, आईपीएल मुकाबलों से पहले मचा हड़कंप

**जयपुर।** आईपीएल मैचों से पहले जयपुर का सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम एक बार फिर बम धमकी की जद में आ गया है। मंगलवार दोपहर राजस्थान क्रीड़ा परिषद को ईमेल के जरिए तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इससे पहले आठ और 12 मई को भी इसी तरह की धमकियां दी जा चुकी हैं। इस बार धमकी के साथ एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। मेल भेजने वाले ने एक रेप पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग करते हुए स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी है।

ईमेल में लिखा गया कि हम साल 2003 में हैदराबाद के लेमन ट्री होटल में एक लड़की के साथ हुए बलात्कार मामले में पुलिस का ध्यान खींचना चाहते हैं। अगर इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ा देंगे। इतना ही नहीं, मेल भेजने वाले ने आरोपी के नाम, आधार कार्ड, माता-पिता



की जानकारी और दहेज प्रताड़ना से जुड़ी जानकारी भी साझा की है। उसने दावा किया कि आरोपी ने एक करोड़ रुपये दहेज के लिए पीड़िता को प्रताड़ित किया है और उसके ऊपर घर व कार का कर्ज भी है।

धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने स्टेडियम में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। राजस्थान खेल परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह तीसरी बार है जब हमें ऐसी धमकी मिली है। इस बार मामला संवेदनशील है, क्योंकि इसमें एक महिला को न्याय दिलाने की मांग भी है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

पुलिस अब मेल भेजने वाले की पहचान, भेजे गए दस्तावेजों की सत्यता और उसमें दिए गए मोबाइल नंबरों के आधार पर जांच कर रही है। फिलहाल स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है।

तीन दिन में तीन धमकियों ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि आम नागरिकों और क्रिकेट प्रेमियों के बीच डर और चिंता का माहौल भी बना दिया है। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने जयपुर को आईपीएल के दो अहम मुकाबलों की मेजबानी सौंपी है, ऐसे में यह सुरक्षा चुनौती और भी गंभीर हो गई है।

## विजय देवरकोंडा की किंगडम के लिए फैंस को करना होगा लंबा इंतजार



**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा की एक्शन ड्रामा फिल्म किंगडम के लिए अब फैंस को थोड़ा और इंताजर करना होगा। फिल्म निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया है।

साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा की आगामी एक्शन थ्रिलर ड्रामा फिल्म किंगडम को पहले 30 मई, 2025 को रिलीज करने का प्लान बनाया गया था। लेकिन अब सितारा एंटरटेनमेंट ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है।

**क्यों बदली गई किंगडम की रिलीज डेट**

विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंगडम, जो पहले 30 मई, 2025 को रिलीज होने वाली थी, अब स्थगित हो गई है। निर्माताओं ने नई रिलीज तारीख 4 जुलाई, 2025 घोषित की है। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर ड्रामा फिल्म हाल की घटनाओं के कारण टाल दी गई है। निर्माताओं ने कहा, ÷हाल की अप्रत्याशित घटनाओं और देश के माहौल के कारण प्रचार करना मुश्किल हो गया। हम चाहते हैं कि किंगडम को बेहतरीन तरीके से पेश किया जाए। हम आपके समर्थन की सराहना करते हैं और 4 जुलाई को सिनेमाघरों में आपसे मिलने की उम्मीद करते हैं।÷

**फिल्म किंगडम**

फिल्म में विजय देरकोंडा के साथ मुख्य भूमिका में भाग्यश्री बोरसे नजर आएंगी। किंगडम का निर्माण सिथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज ने किया है। इस फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। कथित तौर पर फिल्म की शूटिंग, जून 2023 में शुरू हुई थी। इसकी शूटिंग हैदराबाद, विशाखापत्तनम, केरल और श्रीलंका में हुई है।

## अपने पहले प्यार पर दिल लुटाने शाहरुख पहुंचे लंदन

# झूम उठे डीडीएलजे पर बने नाटक के कलाकार

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान एक बार फिर लंदन पहुंचे हैं। इस बार वो अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' की एक खास उपलब्धि और फिल्म पर आधारित म्यूजिकल ड्रामा के लिए वहां पहुंचे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच सरहद पर बने तनाव के बीच लंदन से मुंबई लौट आए अभिनेता शाहरुख खान फिर से लंदन पहुंच गए हैं। उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे)' पर बन रहे म्यूजिकल नाटक का उद्घाटन वहां 29 मई को होने वाला है। इससे पहले लंदन के लीसेस्टर स्क्वॉयर पर डीडीएलजे से शाहरुख और काजोल की कालजयी जोड़ी की एक आकर्षक मुद्रा का विमोचन भी होना है। ये सारा कार्यक्रम इसी महीने प्रस्तावित रहा है लेकिन पहलगाम में आतंकियों के हमले में भारतीय पर्यटकों की हत्या और उसके बाद पाकिस्तान के भीतर तक भारतीय सेना की धमक ने हालात बदल दिए थे। शाहरुख खान इसी के चलते



भारत लौट आए थे। लेकिन, उनका दिल शायद लंदन में ही रह गया। इसी के चलते जैसे ही सरहद पर हालात सुधरे, वह फिर से लंदन पहुंच गए अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' पर बन रहे संगीत नाटक 'कम फाल इन लव' की टीम से मिलने।

यह संगीत नाटक मूल फिल्म के निर्देशक आदित्य चोपड़ा ही निर्देशित करने वाले हैं। गौरतलब है कि फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' साल 1995 में अपनी रिलीज के बाद से ही मुंबई में लगातार चल रही है और इस साल अपनी रिलीज के 30 साल पूरे करने जा रही है। संगीत नाटक में सिमरन की भूमिका निभा रहीं अभिनेता जैना पंड्या तो लंदन में शाहरुख को देखकर अपने होश ही खो बैठीं। उन्होंने बताया, शाहरुख खान से मिलना और उन्हें रिहर्सल रूम में पाकर बहुत बड़ा सम्मान था। उन्होंने शो के लिए जो समय और समर्थन दिया, वह अद्भुत रहा। हमने उन्हें कुछ दृश्यों पर फुल ड्रेस रिहर्सल भी करके दिखाई।

नाटक 'कम फाल इन लव' में फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' की कहानी में राज वाली भूमिका एशले डे ने निभाई है, संगीत नाटक में उनका नाम रॉज है। इस मुलाकात के दौरान शाहरुख ने उन्हें कुछ खास टिप्स दिए। वह बताते हैं, शाहरुख जब हमारे बीच आए, तो पूरा माहौल ही बदल गया। उन्होंने सारे कलाकारों को गले लगाकर मुबारकबाद दी और हर बढ़िया काम की दिल खोलकर तारीफ की। इस मौके पर संगीतकार विशाल-शेखर भी मौजूद थे।

शाहरुख से लंदन में मिलने के बाद विशाल ददलानी ने कहा, शाहरुख का हमारी वर्कशॉप में आना एक बेहद सकारात्मक और प्रेरणादायक अनुभव था। राज ने रॉज से मुलाकात की। यह एक बेहद खास पल था!

## गिन्नी वेड्स सन्नी 2 की हुई घोषणा, यामी-विक्रांत का पत्ता साफ

**मुंबई।** गिन्नी वेड्स सनी के निर्माताओं ने इसके सीक्वल की घोषणा कर दी है। इस फिल्म के पहले भाग में यामी गौतम और विक्रांत मैसी नजर आए थे। इसके सीक्वल में अब नई जोड़ी दर्शकों को देखने को मिलेगी।

फिल्म निर्माता विनोद बच्चन ने अपनी आगामी कॉमेडी-रोमांटिक ड्रामा फिल्म गिन्नी वेड्स सनी के सीक्वल गिन्नी वेड्स सनी 2 की घोषणा की है। फिल्म की घोषणा के साथ ही फिल्म निर्माता ने फिल्म की स्टार कास्ट से भी पर्दा उठा दिया है और साथ ही शूटिंग की जानकारी भी शेयर की है। गिन्नी वेड्स सनी का प्रीमियर 2020 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में विक्रांत मैसी और यामी गौतम की जोड़ी देखने को मिली थी। अब आज इसके सीक्वल की घोषणा हो चुकी है, जिसमें नई स्टार कास्ट के बारे में भी जानकारी दी गई है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म को प्रशांत




झा ने लिखा है और इसका निर्देशन भी वहीं करेंगे। फिल्म का निर्माण विनोद बच्चन के सौंदर्य प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है।

गिन्नी वेड्स सनी के सीक्वल में एक नई मुख्य जोड़ी नजर आएगी। वहीं इस रोम-कॉम की शूटिंग उत्तराखंड में शुरू हो चुकी है, जिसे लेकर निर्माताओं ने क्लैप बोर्ड पकड़े स्टार कास्ट के साथ एक तस्वीर भी शेयर की है। इस फिल्म में उत्तराखंड के हसीन लोकेशन को दिखाया जाएगा।

अविनाश ने अपनी आगामी फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 को लेकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, रोमांस, कॉमेडी और ड्रामा के रोलरकोस्टर के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि गिन्नी वेड्स सनी 2 का पहला शेड्यूल आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है।

# लंबे ब्रेक के बाद ओजी के सेट पर पहुंचे पवन कल्याण, निर्माताओं ने दी जानकारी



पवन कल्याण के फैंस के लिए खुशखबरी है क्योंकि उनके पसंदीदा अभिनेता एक बार फिर से ओजी के सेट पर लौट आए हैं। इस बात की जानकारी खुद फिल्म निर्माताओं ने एक पोस्ट के जरिए शेयर की है।

पावरस्टार पवन कल्याण इन दिनों अपनी दो बहुप्रतिक्षित फिल्म ओजी और 'HHVM' को लेकर लगातार सिर्खियों में बने हुए हैं। दोनों ही फिल्मों में पवन बिल्कुल अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आएंगे। बहरहाल, फिल्म ओजी की शूटिंग अब फिर से शुरू हो चुकी है क्योंकि पवन कल्याण फिल्म के सेट पर पहुंच चुके हैं। इस बात की जानकारी खुद ओजी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है।

**ओजी के सेट पर लौटे पवन कल्याण**

लंबे अंतराल के बाद आखिरकार, आज पवन कल्याण ओजी के सेट पर पहुंच चुके हैं। फिल्म का निर्माण डवीवी एंटरटेनमेंट के तहत किया जा रहा है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है और लिखा, ओजी ने अपने क्षेत्र में कदम रख दिया है पवन कल्याण सेट पर वापस लौट आए हैं। ओजी को दे कॉल हिम ओजी के नाम से भी जाना जाता है। यह एक गैंगस्टर एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे सुजीत द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया। फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी और प्रियंका मोहन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

**पवन ने क्यों लिया था ब्रेक**

दरअसल, आज से पवन कल्याण ने ओजी पर काम करना फिर से शुरू कर दिया है। चुनावों के बाद से, पवन आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को सक्रिय रूप से निभा रहे हैं। इसके अलावा, वह हरि हर वीरा मल्लू की शूटिंग मे भी व्यस्त थे। यही वजह है कि वह फिल्म 'OG' की शूटिंग के लिए समय नहीं निकाल पाए। बहरहाल, फिल्म ओजी की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, आने वाले दिनों में फिल्म की शूटिंग हैदराबाद, ताड़ेपल्ले और मुंबई में होगी। इस शेड्यूल में, पवन कल्याण और इमरान हाशमी के बीच आमना-सामना वाले सीक्वेंस को फिल्माया जाएगा।

## टीवी की बहुओं ने सोशल मीडिया पर चलाया ऑपरेशन सिंदूर

# फॉलोअर्स की परवाह न करके किया ये काम

**मुंबई।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर टीवी की अभिनेत्रियों ने जब सेना के साहस की सराहना की तो उन्हें सरहद पार से धमकियां मिलने लगीं। इन गीदड़ भभकियों पर एक्ट्रेसेस ने जमकर निशाना साधा और दो टूक जवाब दे दिया।

जिस तरह भारतीय सेना ने पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद को खत्म करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। ठीक उसी तरह टीवी की बहुओं ने पाकिस्तानी ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया।

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे मौजूदा तनाव के बीच टीवी की कई मशहूर बहुओं ने खुलकर भारतीय सेना और सरकार का समर्थन किया है। हालांकि सोशल मीडिया पर इन सितारों को पाकिस्तानी फैंस की नाराजगी, ट्रोलिंग और धमकियों का भी सामना करना पड़ा। ऐसी स्थिति में इन अभिनेत्रियों ने बिना डरे उन लोगों को करारा जवाब दिया है।


**रूपाली गांगुली**

**समर्थन**

**भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे मौजूदा तनाव के बीच टीवी की कई मशहूर बहुओं ने खुलकर भारतीय सेना और सरकार का समर्थन किया है।**

'अनुपमा' फेम रूपाली गांगुली ने जब भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन किया तो कई पाकिस्तानी फैंस ने उन्हें सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया। इस पर उन्होंने दो टूक जवाब देते हुए कहा, 'किसी के अनफॉलो कर देने से फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि वह पहले भारतीय हैं और उन्हें अपने देश पर गर्व है।' रूपाली ने कहा, 'अगर वास्तव में कुछ अच्छा करना है तो अपनी सरकार से आतंकवाद बंद करने की अपील करें।'





**हिना खान**

एक्ट्रेस हिना खान ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारतीय सेना की सराहना की और शांति की अपील की। इसके बाद उन्हें सरहद पार से अभद्र और धमकी भरे मैसेज मिलने लगे। हिना ने जवाब में साफ कह दिया कि उन्हें इन चीजों से कोई फर्क नहीं पड़ता और वो हमेशा पहले एक भारतीय ही रहेंगी।

**देवोलीना भट्टाचार्जी**

टीवी की गोपी बहू ने जैसे ही आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए ट्वीट किए, एक पाकिस्तानी यूजर ने उन पर निजी हमला कर दिया और यहां तक कह दिया कि वह अपने मुस्लिम पति को छोड़ दें। इस पर देवोलीना ने तीखा जवाब देते हुए कहा, 'पहले अपने देश के टेरर कैंप्स संभालो, भारत के अंदरूनी मामलों पर मत बोलो।'

**टीना दत्ता**

टीना दत्ता ने पाकिस्तान के उस दावे का मजाक उड़ाया जिसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय लड़ाकू विमान गिरा दिए गए हैं। टीना ने कहा, 'काश पाकिस्तान अपनी धरती पर पल रहे आतंकी शिविरों को खत्म करने की बात करता।' इसके बाद उन्हें भी अनफॉलो और ट्रोलिंग की धमकियां मिलने लगीं। जिसके जवाब में टीना ने कहा, 'जो जाना चाहते हैं वह जाएं, उन्हें फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि भारत के खिलाफ बोलने वालों के लिए यहां कोई जगह नहीं है।'

**फलक नाज**

टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी मौन रहने वाले बॉलीवुड सितारों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी फॉलोअर्स के नाराज होने के डर से कई मुस्लिम अभिनेता देश के समर्थन में कुछ नहीं बोलते। उन्होंने भी पाकिस्तानी फॉलोअर्स को बिल्कुल भी तवज्जो नहीं दी।

# अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने पर भारत की चीन को दो टूक





**नई दिल्ली।** चीन लगातार भारत के खिलाफ एक्शन लेता रहा है। चीन ने एक बार फिर नापाक हरकत की है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश की कई जगहों के नाम बदले हैं।हालांकि विदेश मंत्रालय (एमईए) ने चीन के नाम बदलने की इस एक्शन को खारिज कर दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने देखा है कि भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम रखने की अपनी व्यर्थ कोशिशों को जारी किए हुए है। हमारे सैद्धांतिक रुख के अनुरूप, हम इस तरह के प्रयासों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल चीन को सख्त संदेश भेजते हुए कहा- नाम बदलने का काम इस सच्चाई को नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा करते हुए इसे दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है।

चीन, जो अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा मानता है, अक्सर पूर्वोत्तर राज्य के कई स्थानों के नाम बदलकर नक्शे जारी करता रहा है। 2024 में, चीन ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की लिस्ट जारी की थी, जिसे भारत ने स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लंबे समय से टकराव का स्रोत रहा है। यह क्षेत्र चीन के तिब्बत क्षेत्र के साथ सीमा साझा करता है।

# अब कमांडोज के साथ बुलेटप्रूफ कार में चलेंगे विदेश मंत्री जयशंकर, भारत-पाक टेंशन के बीच बढ़ी सुरक्षा

**आकलन**

**सीआरपीएफ ने यह निर्णय भारत-पाकिस्तान तनाव से जुड़े हाल के खतरे के आकलन के बाद लिया, जिसमें सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई थी।**



**नई दिल्ली।**केंद्र सरकार ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा में इजाफा किया है। एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके काफिले में एक अतिरिक्त बुलेटप्रूफ वाहन जोड़कर उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है। क्यों बढ़ाई गई एस जयशंकर की सुरक्षा? विदेश मंत्री एस जयशंकर को वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से श्रेणी की सशस्त्र सुरक्षा प्राप्त है, उनको अब देशव्यापी आवागमन के लिए उन्नत सुरक्षा वाहन उपलब्ध कराया जाएगा।

सीआरपीएफ ने यह निर्णय भारत-पाकिस्तान तनाव से जुड़े हाल के खतरे के आकलन के बाद लिया, जिसमें सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई थी। गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में जयशंकर की सुरक्षा को Y से बढ़ाकर श्रेणी का कर दिया गया था। सीआरपीएफ ने दिल्ली पुलिस से जयशंकर की सुरक्षा का जिम्मा अपने हाथ में ले लिया था। सीआरपीएफ वर्तमान में 210 से अधिक लोगों को वीआईपी सुरक्षा प्रदान कर रही है, जिनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, दलाई लामा और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हैं।

विदेश मंत्री की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद लिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत 7 मई को की गई थी, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया गया। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा और जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से गोलाबारी की और साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन हमलों का प्रयास किया। जिसके बाद भारत ने एक समन्वित हमला किया और पाकिस्तान के 11 एयरबेसों में रडार बुनियादी ढांचे, संचार केंद्रों और हवाई क्षेत्रों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद, 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की गई।

## चीन के बाद तुर्किये के प्रोपेगेंडा पर भारत की कार्रवाई, TRT वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर लगाया बैन

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान पर कार्रवाई करते हुए कई सरकारी एक्स अकाउंट और वहां के अभिनेता और अभिनेत्रियों के एक्स अकाउंट पर भारत में बैन लगाया था। इसके बाद भारत सरकार ने चीन के ग्लोबल टाइम्स पर भी रोक लगा दी। अब भारत ने पाकिस्तान के दोस्त तुर्किये पर एक्शन लिया है और तुर्किये के ब्रॉडकास्टर टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर भारत में रोक लगा दी है। भारतीय सेना पर अपुष्ट दावे फैलाने पर केंद्र सरकार ने बुधवार को चीन के सरकारी एक्स हैंडल पर प्रतिबंध लगा दिया प्रतिबंध ऐसे समय में लगाया गया है जब कुछ दिन पहले चीन में भारतीय दूतावास ने मीडिया आउटलेट को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि करने की सख्त चेतावनी दी थी। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷ग्लोबल टाइम्सन्यूज, हम आपको सलाह देंगे कि इस तरह की गलत सूचना को आगे बढ़ाने से पहले आप अपने तथ्यों को सत्यापित कर लें और अपने स्रोतों की जांच कर लें।

## देश के 52वें चीफ जस्टिस बने बीआर गवई, शपथ लेते ही छुए मां के पैर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस बीआर गवई ने शपथ ले ली है और राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने उन्हें शपथ दिलाई है। जस्टिस गवई भारत के पहले बौद्ध ष्ट्छ्ठ्ठ हैं और आजादी के बाद देश में दलित समुदाय से वे दूसरे सीजीआई हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में उनका कार्यकाल छह महीने का होगा। जस्टिस बीआर गवई के मुख्य फैसलों की बात करें तो उनमें बुलडोजर जस्टिस के खिलाफ तोड़फोड़, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को बरकरार रखना, डिमोनेटाइजेशन को बरकरार रखना, अनुसूचित जाति कोटे में उप-वर्गीकरण को बरकरार रखना जैसे कई महत्वपूर्ण फैसले शामिल हैं। बुलडोजर जस्टिस पर फैसला सुनाते समय उन्होंने आश्रय के अधिकार के महत्व पर जोर दिया था। मनमाने ढंग से तोड़फोड़ की निंदा करते हुए उन्होंने इस तरह की कार्रवाईको प्राकृतिक न्याय और कानून के शासन के सिद्धांतों के खिलाफ बताया था। अपने फैसले में उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि कार्यपालिका, जज, जूरी और जल्लाद की भूमिका नहीं निभा सकती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने चांदनी चौक में संपत्तियों को गिराने पर लगाई रोक, एमसीडी को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।**सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली के चांदी चौक के फतेहपुरी इलाके में आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को गिराने पर रोक लगा दी। कोर्ट ने एमसीडी को फटकार भी लगाई। जिस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से दायर क्षेत्र की तस्वीरों की जांच की और वाणिज्यिक परिसरों के निर्माण को रोकने में असमर्थ होने की बात कहने पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगाई। साथ ही एमसीडी को सभी विवरणों के साथ स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया। कोर्ट ने एमसीडी को अवमानना कार्रवाई या यह निष्कर्ष निकालने की चेतावनी दी कि वे बिल्डरों के साथ मिलीभगत कर रहे हैं। पीठ ने आदेश दिया कि तब तक आवासीय भवनों के ध्वस्तीकरण और वाणिज्यिक परिसरों के निर्माण और ध्वतिकरण पर रोक लगाई जाती है।

# भारत का अद्भुत मिशन, अब 6000 मीटर की गहराई तक खंगाला जाएगा समुद्र का रहस्य, जल्द लॉन्च होगा समुद्रयान

पीटीआई, कोच्चि। भारत का पहला मानवयुक्त गहरा समुद्र मिशन छह हजार मीटर की गहराई तक समुद्र के रहस्य को खंगालेगा। राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइओटी) के निदेशक बालाजी रामकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि पनडुब्बी 2026 के अंत तक रवाना हो सकता है।

रामकृष्णन ने आइसीएआर-केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआइ) में कहा, मिशन के तहत छह हजार मीटर की गहराई तक गहरे समुद्र में सागर के रहस्यों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

तीन विज्ञानियों को लेकर समुद्र के सफर पर रवाना होगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एनआइओटी गहरे समुद्र मिशन की नोडल एजेंसी है। स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है

स्वदेशी तकनीक से विकसित, 25 टन के चौथी पीढ़ी के यान को विशेष रूप से गहरे समुद्र में अत्यधिक दबाव और तापमान का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें टाइटेनियम से बना पतवार है। समुद्र अनुसंधान के लिए गेम-चेंजर रामकृष्णन ने कहा, यह मिशन भारत के गहरे समुद्र अनुसंधान के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

**गहरे समुद्र से इकट्ठा करेगा नमूने**

यह गहरे समुद्र में संसाधनों के आकलन, और समुद्र पर्यटन की संभावनाओं के लिए नए रास्ते खोलेगा। मिशन गहरे समुद्री क्षेत्र से महत्वपूर्ण नमूने एकत्र करने में सहायक होगा, जिससे विज्ञानियों को क्षेत्र में जीवों और पानी की अनूठी विशेषताओं को समझने के अवसर मिलेंगे।चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत की लांचिग की जाएगी।

**यात्रा**

**इस साल के अंत तक 500 मीटर गहराई तक परीक्षण किया जाएगा। गोता लगाने की यात्रा में चार घंटे लगेंगे, और बाहर आने में भी उतना ही समय लगेगा।**

इस साल के अंत तक 500 मीटर गहराई तक परीक्षण किया जाएगा। गोता लगाने की यात्रा में चार घंटे लगेंगे, और बाहर आने में भी उतना ही समय लगेगा।-




विकसित की गई है नामक नवीन तकनीक विकसित की गई है, जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर खुले समुद्र में उन्नत कृषि पर ध्यान केंद्रित करना है।

यह तकनीक वर्तमान में प्रदर्शन चरण में है। ये इलेक्ट्रानिक रूप से निगरानी किए जाने वाले मछली पिंजरे अपतटीय क्षेत्रों के लिए डिजाइन किए गए हैं। पोषण से भरपूर गहरे समुद्र के वातावरण का लाभ उठाकर मछली की वृद्धि को अनुकूलित करने के लिए इसका उपयोग हो सकेगा। विभिन्न सेंसरों के साथ मछली बायोमास, वृद्धि और गति और पानी की गुणवत्ता के मापदंडों की दूरस्थ निगरानी करने में सक्षम है। यह तकनीक भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

## दिल्ली-बिहार समेत इन राज्यों में अगले 4 दिन होगी बारिश

**नई दिल्ली।** देश भर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। दिल्ली NCR, उत्तराखंड, मपी समेत देश के कई राज्यों में कल हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। दक्षिण पश्चिम के राज्यों में मानसून की झलक देखने को मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक, 14 से 17 मई तक गरज चमक के साथ कई राज्यों में आंधी और बारिश हो सकती है। इससे बढ़ती गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

ढ्ढरूष्ठ के मुताबिक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 17 मई तक तेज बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं बात करें अगर दिल्ली के मौसम की तो दिल्ली हृष्टक्र में मौसम लगातार करवट ले रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल आज से 16 मई तक दिल्ली में बादल रहेंगे, लेकिन 16 मई को बारिश होने का पूर्वानुमान है और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज धूल भरी आंधी आएगी।

इसके बाद 16 मई को हल्की बारिश हो सकती है लेकिन तापमान स्थिर रह सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा और न्यूनतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस तक बने रहने की संभावना है।

बिहार के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। कुछ जगहों पर भीषण गर्मी पड़ रही है, तो कुछ जगहों पर बारिश हो रही है। वहीं बिहार के 33 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

# मोहम्मद तुम रात में कैसे सोते हो?, ट्रंप ने मंच से पूछा तो मुस्कुराने लगे सऊदी प्रिंस

**बेहतर**

**ट्रंप ने कहा, वे रातभर करवटें बदलते हैं और सोचते रहते हैं कि इसे और बेहतर कैसे बनाया जाए।**



**नई दिल्ली।**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रियाद में वैश्विक बिजनेस समिट के दौरान सऊदी के क्राउन प्रिंस से एक ऐसा सवाल कर लिया, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों के बीच हलचल मच गई।

कार्यक्रम के दौरान सऊदी के प्रिंस की जमकर तारीफ करते हुए ट्रंप ने सवाल किया, मोहम्मद, रात में तुम कैसे सोते हो? अमेरिकी राष्ट्रपति ने सऊदी प्रिंस की आलोचनाओं पर काबू पाने और अपने देश को एक शक्तिशाली व्यापारिक केंद्र बनाने के लिए भी प्रशंसा की।

ट्रंप ने कहा, वे रातभर करवटें बदलते हैं और सोचते रहते हैं कि इसे और बेहतर कैसे बनाया जाए। असल में जो लोग करवटें नहीं बदलते वो आपको कभी भी मंजिल तक नहीं ले जाएंगे। ट्रंप की इस प्रशंसा से बिन सलमान को हंसी आ गई और दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। एमबीएस के नेतृत्व में सऊदी अरब के परिवर्तन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए ट्रंप ने कहा, आलोचकों को संदेह था कि यह (सऊदी का उत्थान) संभव है, आपने जो किया है, वह संभव है, लेकिन पिछले आठ वर्षों में सऊदी अरब ने आलोचकों को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है। मैं बिन सलमान को बहुत पसंद करता हूं।

अमेरिका और सऊदी अरब के बीच गहरे संबंध के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए ट्रंप ने घोषणा की कि वह एमबीएस और तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन के अनुरोध पर सीरिया पर प्रतिबंध हटा रहे हैं और कहा, ÷ओह, मैं क्राउन प्रिंस के लिए क्या नहीं कर सकता।

ट्रंप और एमबीएस के रिश्ते साझा हितों पर टिके हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति प्रमुख आर्थिक जीत और क्षेत्र में पुनर्जीवित अमेरिकी भूमिका की तलाश में हैं। जबकि बिन सलमान सऊदी अरब के आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय नेतृत्व का दावा करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी, सैन्य सहायता और एक शक्तिशाली सहयोगी तक पहुंच चाहते हैं। शिखर सम्मेलन में ट्रंप ने 142 बिलियन डॉलर के रक्षा समझौते और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बुनियादी ढांचे और ऊर्जा के क्षेत्र में 600 बिलियन डॉलर के व्यापक सऊदी निवेश पैकेज की घोषणा की।

# कतर के लग्जरी गिफ्ट को खतरा क्यों मान रहे अमेरिकी एक्सपर्ट

**नई दिल्ली।**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कतर 3400 करोड़ रुपए का आलीशान बोइंग 747 प्लेन गिफ्ट करने वाला है। कतर के इस गिफ्ट से अमेरिकी की खुफिया विभाग में बेचैनी बढ़ गई है। इस गिफ्ट को लेकर अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों के विशेषज्ञ गंभीर चिंता जता रहे हैं।

उनका कहना है कि ऐसा कोई भी गिफ्ट, विशेष रूप से किसी विदेशी सरकार की ओर से, जासूसी, निगरानी और संचार प्रणालियों में सेंधमारी का बड़ा खतरा बन सकता है।

पूर्व कार्यकारी होमलैंड सुरक्षा अधिकारी जॉन कोहेन ने इस मामले में कहा, सबसे पहले सेना को यह सुनिश्चित करने के लिए काफी प्रयास करने होंगे कि विमान सुरक्षित रूप से बनाया गया है या नहीं।

साथ ही इसमें लगाई जा रही खुफिया जानकारी एकत्र करने की क्षमताओं से कोई समझौता नहीं किया गया है, और यह इस तरह से बनाया गया हो कि यह संवेदनशील संचार और जवाबी कार्रवाई क्षमताओं को आत्मसात करने में सक्षम होगा जो किसी भी विमान में मौजूद हैं, जैसे कि एयर फोर्स वन। अगर हमने यह जानते हुए विमान बनाया होता कि यह किसी विदेशी सरकार को जा रहा है, तो हम शायद इसकी जासूसी करते। अमेरिका का कानून विदेशों से इस तरह के गिफ्ट्स लेने पर सख्त मनाही की बात करता है। अमेरिकी एक्सपर्ट ने आगे बताया, विमान को सुरक्षित बनाने के लिए उसमें पूरी तरीके से बदलाव करने होंगे। उन्होंने आगे कहा, चाहे कितने भी बदलाव हो जाएं, वो अमेरिकी राष्ट्रपति को कतर के जेट में बिठाने के पक्ष में नहीं हैं। ट्रंप प्रशासन को कतर से विमान की पेशकश पर चक शूमर ने चेताया इस बीच अमेरिकी सीनेट के डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने मंगलवार को कहा कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के न्याय विभाग के सभी नामिनी को तब तक रोकेंगे जब तक कि एजेंसी यह नहीं बताती कि उसे कतर के उस प्रस्ताव के बारे में क्या जानकारी है जिसमें ट्रंप प्रशासन को 40 करोड़ डालर का विमान देने की पेशकश की गई है।

**हवाला**

**शूमर ने रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी अटार्नी जनरल ने इस विमान के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे।**

इस समय न्याय विभाग के तीन नामिनी को लेकर सीनेट को फैसला करना है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि कतर के बोइंग 747-8 विमान के प्रस्ताव को ठुकराना मूर्खता होगी, जिसे अमेरिकी एयर फोर्स वन के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, जो अमेरिकी राष्ट्रपतियों द्वारा उपयोग किया जाता है।

शूमर ने रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी अटार्नी जनरल ने इस विमान के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने सीनेट में दिए भाषण में कहा, अटार्नी जनरल को सदन और सीनेट में स्पष्ट करना होगा कि ट्रंप को निजी जेट उपहार में देना अमेरिकी संविधान का उल्लंघन क्यों नहीं माना जाए।

**क्या है लग्जरी विमान की खासियत**

इस विमान की लंबाई करीब 76.3 मीटर है, माना जा रहा है ये एयरबस॒380 फ्लाइट से भी लंबा है। विमान में दो डेक हैं। इसके दोनों डेक बैठने और अन्य सुविधाओं के लिए है।

साथ ही विमान और विमान के मुकाबले टेक्नोलॉजी में भी बहुत आगे है। एडवांस टेक्नोलॉजी वसे लैस इस विमान में अत्याधुनिक नेविगेशन और एक्वियोनिक्स सिस्टम लगे हैं।

इसके अलावा, इसमें एवर मिड रिफ्यूलिंग और मिसाइल डिफेंस सिस्टम जोड़ने की कैपेसिटी भी है। बोइंग 747-8 एक बार ईंधन भरने के बाद 15,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक उड़ान भर सकता है।

अब बात करतें हैं अमेरिका के एयरफोर्स वन हवाई जहाज के बारे

# भारत-पाकिस्तान साथ डिनर करें, दोनों देशों को लेकर ट्रंप ने फिर किया बड़ा दावा



**अमेरिका।** भारत और पाकिस्तान के बीच फिलहाल तनाव कम है। दोनों के बीच सीजफायर लागू हो गया है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-पाक के बीच संबंधों को बेहतर करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका की मध्यस्थता के बाद भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम के लिए तैयार हो गए। अब ट्रंप ने दोनों देशों को खाने पर जाने को कहा है। ट्रंप ने एक पोस्ट में कहा, दोनों देशों के पास बहुत शक्तिशाली, मजबूत और चतुर नेता हैं। यह सब रुक गया और उम्मीद है कि यह ऐसे ही रहेगा वे (भारत-पाकिस्तान) सच में साथ मिल रहे हैं। शायद हम उन्हें साथ में लाकर एक अच्छा डिनर भी करा सकें। उस संघर्ष में लाखों लोग मारे जा सकते थे जो छोटे से शुरू हुआ और दिन-ब-दिन बड़ा होता जा रहा था।

उन्होंने कहा, हमें परमाणु मिसाइलों का व्यापार नहीं करना चाहिए, बल्कि वस्तुओं का व्यापार करना चाहिए, उन अच्छी चीजों का जो आप बनाते हैं। शायद हम उन्हें थोड़ा साथ ला सकें। जहां वे बाहर जाकर साथ में अच्छा खाना खा सकें। ट्रंप ने आगे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की उनके योगदान के लिए प्रशंसा की। ट्रम्प ने आगे दावा किया, हमने कुछ दिन पहले ही ऐतिहासिक युद्ध विराम पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष में लाखों लोग मारे जा सकते थे। बता दें यूएस-सऊदी निवेश फोरम में राष्ट्रपति ट्रंप ने ये दावा किया है। उन्होंने कहा है- मेरी सबसे बड़ी उम्मीद शांति निर्माता और एकजुटता लाने वाला बनना है। मुझे युद्ध पसंद नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ भारत ने इस हफ्ते अपने पड़ोसी को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे आतंकवाद विरोधी अभियान, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ स्थानों पर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था, अब भारत की प्रतिक्रिया में एक नया मानक पेश करेंगे। भारत सरकार ने जोर देकर कहा कि अगर पाकिस्तान में आतंकवादी तत्व फिर से संगठित होने की कोशिश करते हैं तो उसके बल फिर से कार्रवाई करेंगे।

# कनाडा की नई विदेश मंत्री अनीता आनंद, गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

**एपी, टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मंगलवार को अपने कैबिनेट में फेरबदल की घोषणा की, जिसमें भारतीय मूल की अनीता आनंद को विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किया है। यह कदम उन्होंने हाल ही में पुन॒ निर्वाचित लिबरल सरकार के गठन के तहत उठाया है। अनीता आनंद ने मंगलवार को गीता पर हाथ रखकर नए विदेश मंत्री के रूप में शपथ ली। वह कनाडा की विदेश मंत्री बनने वाली पहली हिन्दू महिला भी हैं। कनाडा कई विदेशी मामलों की चुनौतियों से निपट रहा है। इस साल की शुरुआत में जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने वाले और पिछले महीने चुनाव जीतने वाले कार्नी ने अनीता आनंद को मेलानी जोली की जगह विदेश मंत्री नियुक्त किया है। मेलानी जोली को उद्योग मंत्री बनाया गया है। अनीता आनंद ने पहले रक्षा मंत्री सहित कई भूमिकाएं निभाई हैं।

**आनंद**

**अनीता आनंद का जन्म केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ था। उनके माता-पिता भारतीय फिजिशियन थे।**



अनीता आनंद का जन्म केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ था। उनके माता-पिता भारतीय फिजिशियन थे। उनके पिता तमिलनाडु से थें और मां पंजाब से थीं। अनीता की दो बहनें हैं गीता और सोनिया आनंद। विदेश मंत्री की शपथ लेने के बाद अनीता आनंद ने सोशल मीडिया प्लटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, कनाडा के विदेश मामलों की मंत्री बनाए जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं एक सुरक्षित, निष्पक्ष दुनिया बनाने और कनाडाई लोगों के लिए काम करने के लिए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और हमारी टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

कनाडा के ओकविले ईस्ट से संघीय चुनाव जीतकर आने वालीं अनीता आनंद ने 2019 से 2025 तक हाउस ऑफ कॉमन्स में ओकविले राइडिंग सीट का प्रतिनिधित्व क्या है। उन्होंने सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री, राष्ट्रीय रक्षा, परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री और ट्रेजरी बोर्ड की अध्यक्ष सहित कई प्रमुख विभागों को भी संभाला है।

1985 में 18 वर्ष की आयु में अनीता आनंद ओंटारियो चली गईं और यहां से उन्होंने पॉलिटिकल साइंस में एकेडमिक डिग्री हासिल की और बाद में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से न्यायशास्त्र में बैचलर ऑफ आर्ट्स ऑनर्स किया।

इसके बाद उन्होंने डलहौजी यूनिवर्सिटी और टोरंटो यूनिवर्सिटी से लॉ में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन किया। 1995 में एक कनाडाई वकील और बिजनेस एक्जीक्यूटिव जॉन नोल्टन के साथ उन्होंने शादी की और उनके चार बच्चे हैं। 2019 में कनाडा के फेडरल कैबिनेट में सेवा देने वाली अनीता पहली हिन्दू बनीं। तब से लेकर अब तक उन्होंने अपने अनुशासित और केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रशंसा अर्जित।

## पाकिस्तानी सेना का जिहादी चेहरा उजागर

**पाकिस्तान।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का एलान हो चुका है और चार दिनों तक चले टकराव के बाद संघर्ष विराम का फैसला लिया गया था। इस बीच सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के DG ISPR अहमद शरीफ का एक वीडिया काफी वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पाकिस्तानी सेना एक इस्लामी सेना है। वीडियो में अहमद शरीफ यह बोलते दिख रहे हैं कि पाक सेना एक इस्लामी सेना है और उनका काम जिहाद करना है। ये उन्हें प्रेरित करता है। दरअसल, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक पत्रकार ने अहमद शरीफ से सवाल किया था कि हमारी सेना इस्लामी शब्दों का इस्तेमाल कर रही है, जो भारतीय मीडिया को समझ नहीं आ रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान के DG ISPR अहमद शरीफ ने ऐसा बयान दिया है, जो पाकिस्तान की कट्टरता को दिखाता है।

# किसानों और उद्यान विभाग के कर्मियों को सम्मानित किया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ 0सीमा सिंह राणा द्वारा बताया गया कि प्रथम मण्डलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी वर्ष 2025 का आयोजन गिरजा देवी सांस्कृतिक संकुल चौकाघाटा वाराणसी में किया गया। जिसमें वाराणसी, आजमगढ़, विन्धायचल मण्डल के अधिकारी, कर्मचारी व सम्मानित कृषको जनप्रतिनिधियो एंव आगुन्तको द्वारा कार्यक्रम में भारी संख्या में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि म दिनेश प्रताप सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उ0प्र0 द्वारा किया गया। मण्डलीय उन्नयन गोष्ठी के मौके पर विभागीय सेवानिवृत्त कार्मिको एंव बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीनो मण्डलो में स्थित जनपदो के कृषको व सेवानिवृत्त अधिकारियो, कर्मचारियो को सम्मानित किया गया। जिसमें जनपद जौनपुर के उद्यान विभाग में उत्कृष्ट विभागीय कार्य के लिए सुरेन्द्र नाथ सिंह, सेवानिवृत्त वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक व प्रगतिशील कृषक अनिल कुमार यादव को सम्मानित किया गया। यादव द्वारा जनपद में स्वंय के प्रक्षेत्र पर आम के 138 प्रजातियो, अमरूद की विभिन्न प्रजातियो, चीकू, सेब, फालसा लीची, विभिन्न प्रकार के मशाले की बागवानी की जा रही है। जिसमें विभाग द्वारा अनुदानित ड्रिप सिंचाई सयंत्र स्थापित कर सिंचाई की जा रही है। मण्डलीय गोष्ठी में अपर मुख्य सचिव उद्यान बी0एल0 मीणा, मण्डलायुक्त वाराणसी, संयुक्त निदेशक शाकभाजी, व तीनो मण्डलो के उपनिदेशक उद्यान एंव समस्त जनपदो के जिला उद्यान अधिकारी, कर्मचारी व कृषको द्वारा भारी संख्या में कार्यकम में प्रतिभाग किया गया।

# बटुकों का भव्य उपनयन संस्कार संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** श्री राधा कृष्ण वेद विद्यालय में बुधवार को नवागत छात्रों का पारंपरिक वैदिक विधि से उपनयन संस्कार कराया गया । इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर वेदमंत्रों की पावन ध्वनि से गुंजायमान हो उठा।संस्कार में पवन द्विवेदी, रणवीर द्विवेदी, आर्यन दुबे, आदर्श पाठक एवं आयुष तिवारी ने यज्ञोपवीत धारण कर वैदिक जीवन में प्रवेश किया। आचार्यो के मार्गदर्शन में सम्पन्न इस कार्यक्रम में बटुकों को वेदाध्ययन, संयमित जीवन, आचार-विचार एवं गुरुकुल परंपरा की महत्ता से अवगत कराया गया। अनुष्ठान आचार्य उपेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं शशांक तिवारी के द्वारा सम्पन्न कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य शिवनारायण शुक्ल की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम को धार्मिक गरिमा एवं अनुशासन के साथ संपन्न किया गया। उन्होंने अपने आशीर्वचन से नवदीक्षित बटुकों को जीवन में अनुशासन, श्रद्धा एवं तप की महत्व को समझाया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकगण द्वारिका नाथ मिश्र एवं श रामबाबू शुक्ल की उपस्थिति तथा सहयोग सराहनीय रहा। समापन पर उपस्थित जनसमूह ने बटुकों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल का सौ प्रतिशत रहा रिजल्ट

- करछना विधायक पियूष निषाद ने टॉपर्स को किया पुरस्कृत

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सी बी एस ई के कक्षा दस के परिणाम स्वरुप नैनी स्थित मिलेनुम वर्ल्ड स्कूल का परिणाम सौ फ़ीसदी रहा। सब बच्चे पास हुए। पहले बैच में मिली इस सफलता से मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल परिवार ने खुशी मनाया और बधाई दिया।

विदित हो की मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा दसवीं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल नैनी, प्रयागराज का प्रथम बैच का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधक एस. के. मिश्रा ने बताया कि जितने छात्रों ने दसवीं की परीक्षा दी थी। सभी छात्र शानदार अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। एस के मिश्रा के अनुसार मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में बच्चों को आधुनिक तकनीक से पढ़ाया जाता है , साथ में प्रोफेशनल शिक्षा भी दी जाती है ताकि बच्चे अपना भविष्य चुन सकें।



प्रबंधक एसके मिश्रा के अनुसार विद्यालय की छात्रा नियति सिंह ने 97 प्रतिशत, अथर्व शर्मा ने 95 प्रतिशत, श्लेशा मिश्रा ने 91 प्रतिशत, नैतिक पांडे ने 87 प्रतिशत और वैभव लक्ष्मी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया सभी छात्रों को और उनके परिवार को बधाई सन्देश के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की गयी। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल के टॉपर छात्रों को करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद ने प्रोत्साहन देते हुए पुरुस्कृत किया गया। करछना विधायक पियूष रंजन ने कहा कि छात्र देश के भविष्य होते हैं ,आज भारत हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। मिलेनुम वर्ल्ड स्कूल कि प्रिंसिपल अनु मल्होत्रा ने कहा की सब बचूं कि सफलता के पीछे बच्चों कि म्हणत के साथ साथ सभी अध्यापकों का कुशल नेतृत्व और उनके माता पिता का भी योगदान रहा। बच्चों की सफलता से मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल ने नया आयाम हासिल किया है जो अगले साल के लिए सबको प्रोत्साहित करेगा। बच्चों के पुरस्कार समारोह में कमलेश दुबे, राजेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा , मनोज तिवारी भी उपस्थिति रहकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# प्रतिदिन 250 लाभार्थियों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीके सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत (सामान्य) एवं (अनुसूचित जाति) के लाभार्थियों को दर्जी एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु जनपद को सामान्य के 50 तथा अनुसूचित जाति के 125 कुल 175 लाभार्थियों का चयन किये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

इसके लिये ऑनलाइन आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम साफ्टवेयर के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त स्कोर कार्ड के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। चयनित लाभार्थियों/व्यक्तियों को इस योजना के अन्तर्गत ब्यूटी पार्लर व दर्जी का 15 दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रति लाभार्थी 250 प्रशिक्षुवृत्ति प्रतिदिन दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र आहोपट्टी आजमगढ़ के माध्यम से कराया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति, आय, शिक्षा प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता, राशन कार्ड/परिवार आईडी, बैंक पासबुक, आयु सीमा-18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य हो। (आनलाइन आवेदन की हार्ड कापी) समस्त प्रमाण पत्रां सहित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मतापुर में 31 मई तक जमा किया जा सकता है। विशेष जानकारी हेतु 7905349119 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चलाएं जागरूकता अभियान

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज जिलाधिकारी प्रयागराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनपद में सडक दुर्घटना माह अप्रैल 2024 में 116 की तुलना में अप्रैल, 2025 में 117 दुर्घटना हुई। आगामी माह में सडक दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाये जानें हेतु एक सप्ताह सड़क सुरक्षा नियमों से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाये जानें के निर्देश दिये गये। बैठक में निर्देशित किया गया कि जनपद प्रयागराज में 46 ब्लैक स्पॉट प्राप्त हुए है, उनका पुनः परीक्षण किये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग व पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित की गयी है। गठित टीम 25 मई तक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, रा.मा. खण्ड, लो.नि. वि., प्रयागराज को निर्देशित किया गया कि मिर्जापुर रोड का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किये जानें हेतु प्रस्ताव तैयार कर भेजना सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि उन सड़कों की जांच करें जिन पर अत्यधिक सडक दुर्घनाएं होती हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु कार्यवाही की जाय। जनपद में आईटीएमएस से चालान किये जायें। परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि ट्रांसपोर्ट यूनियन की बैठक कर यह सुनिश्चित किया जाय कि सड़क के बगल अवैध रूप से ट्रकें अथवा अन्य वाहन न खड़े किये जायं। यदि निर्देशों के बावजूद यूनियन के ड्राइवर न मानें तो चालान सम्बंधी कार्यवाही की जाय। चालान की हुई गाड़ियों को समुचित रख-रखाव हेतु चीनी मिल के पास स्थल चिन्हित कर यथोचित कार्यवाही की जाय। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में श्रीसत्य मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (नगर), प्रयागराज, कुलदीप सिंह, अपर पुलिस आयुक्त (यातायात), प्रयागराज, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) प्रथम, प्रयागराज, रवीन्द्र पाल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो.नि.वि., प्रयागराज, मोहम्मद अरशद, सहायक अभियन्ता एवं प्रतिनिधि सदस्य, जिला सड़क सुरक्षा समिति, प्रयागराज, शैलेन्द्र सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात), प्रयागराज, चन्द्रकान्त धर द्विवेदी, सहायक अभियन्ता, नि.खं.-4 (कु. मे.), लोनिवि, नाजमी मुजफ्फर, अधिशासी अभियन्ता, नगर-निगम, प्रयागराज, जे.पी. सोनकर, सहायक अभियन्ता, नि.खं.-2 (प्र.प.). लो.नि.वि., प्रयागराज, सौरभ सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, प्रयागराज, सुजीत कुमार सोनी, एनएचएआई, पीआईयू, राम सागर, पीटीओ, परिवहन विभाग, प्रयागराज, प्रभाकर सिंह, उप परियोजना प्रबन्धक, एन.एच.ए. आई., प्रयागराज, निकुंज कुमार, सहायक अभियन्ता, पी.आई.यू. मोर्थ, आदि अधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रतिभाग किया।



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध पिस्टल के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना लाइनबाजार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध पिस्टल के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गठित टीम ने यह गिरफ्तारी की। चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, हेड कांस्टेबल श्यामजी भारती, सुखराज और अनिल कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने पानी टंकी के पास से एक संदिग्ध युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध 0.32 बोर पिस्टल बरामद हुई।

### मोहल्ले में मंदिर के सामने खुली देशी शराब का ठेका का नागरिको ने किया विरोध प्रदर्शन



**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** गुलामी का पुरा मोहल्ले में डीह बाबा के मंदिर के ठीक सामने खुले देशी शराब के दुकान को बंद करवाने तथा इसे कहीं और स्थांतरित करने हेतु मोहल्ले वासियों ने आज फिर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाएं और पुरुषों ने देशी शराब के दुकान के सामने आकर शराब दुकान को बंद करने की मांग की नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से मांग की कि पूर्व में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को ज्ञापन दिया था परन्तु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर प्रशासन इस प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं करता है तो हम सभी और उग्र धरना प्रदर्शन करेंगे। मंदिर के सामने वो भी तीस मीटर के दायरे में देशी शराब का ठेका खोलना अनुचित है। मंदिर में रोजाना अनेकों महिलाएं बच्चे परिवार के लोग पूजा पाठ करने आती हैं और जबसे यहां दुकान खुला है शराबियों का उत्पाद बढ़ गया है। लोग शराब पीकर मंदिर में आकर सोने बैठने लगे हैं जो ठीक नहीं है। सभी लोगों ने प्रशासन से यहां पर खुले देशी शराब के ठेके को तत्काल बंद करने तथा उसे कहीं और स्थांतरित करने का पुरजोर मांग किया। प्रदर्शन करने वालों में हरिलाल सोनकर, मन्तराज यादव, कैलाश गौड़, पूर्व सभासद प्रेमा चौहान, वर्तमान सभासद उषा गुप्ता, के साथ सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल रहें।

### कुरैशी समाज ने सोफिया कुरैशी के नेक कार्यों पर जताया हर्ष

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** कर्नलगंज स्थित मोहम्मद अहमद कुरैशी के निवास पर प्रयागराज शहर के कुरैशी समाज ने एक सभा का आयोजन किया। इस सभा में कर्नल सोफिया कुरैशी द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो के लिए कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। प्रयागराज कुरैशी समाज के सचिव श्री मोहम्मद अहमद कुरैशी ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मिठाई और मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस के प्रवक्ता इरशाद उल्ला, अहमद सिद्दीकी, मुन्ना, श्याम मोहन सिंह, प्रभात मिश्रा, इंदरजीत सरोज, मौलाना मुमताज कुरैशी, अकरम कुरैशी एडवोकेट, हाजी तालिब कुरैशी, रिजवान अहमद कुरैशी एडवोकेट, हाजी अशफाक कुरैशी आदि गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

# महिला और बेटियों से मारपीट, वीडियो वायरल, पांच पर मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** थरवई थाना क्षेत्र स्थित बस महुआ गांव में दबंगों द्वारा एक महिला और उसकी नाबालिग दो बेटियों के साथ मारपीट की गई है घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना कीजांच शुरू कर दी है। पीड़िता संगीता यादव पत्नी बलवंत यादव ने थरवई थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने आंगन में स्नान कर रही थीं, तभी पड़ोसी राहुल और देवेंद्र (पुत्रगण वीरेंद्र) झांकने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने अपने घर से ईट-पत्थर और लाठी-डंडा लेकर संगीता के घर में घुसकर हमला कर दिया आरोप है कि राहुल और देवेंद्र के साथ उनकी मां कुसुम देवी, बहन प्रीति और अन्य आरोपी राम मूरत ने मिलकर संगीता को बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई संगीता की बेटियां स्वाति और सुनेना को भी लाठी-डंडों से पीटा गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। पीड़िता की तहरीर पर राहुल, देवेंद्र, कुसुम, प्रीति और राम मूरत के खिलाफ जानलेवा हमले समेत बीएनएस और आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुटी है।

# गैस सिलेंडर फटने से अधेड़ के चीथड़े उड़े

**प्रयागराज।** दारागंज मुहल्ले में किराए का कमरा लेकर रहने वाले एक व्यक्ति की गैस सिलेंडर फट जाने से दुखद मृत्यु हो गई। धमाका इतना जोरदार था कि अधेड़ के चीथड़े उड़ गए।

दारागंज में थाने के बगल जाने वाली पक्की सड़क पर चावला ब्रदर्स के सामने की गली में मकान नंबर 435 में किराए का कमरा लेकर रामपुर खास देवरिया निवासी शिव प्रताप वर्मा नामक व्यक्ति रहता था।आज अपने कमरे में ही एक छोटे वाले सिलेंडर पर खाना बना रहा था तभी तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया जिसकी चपेट में वह अधेड़ आ गया।सिलेंडर के टुकड़े हो गए था उस व्यक्ति का शरीर क्षत विक्षत हो गया बताते है कि इस हादसे ने उस व्यक्ति शिव प्रताप वर्मा की मौके पर ही मृत्यु हो गई लोगो ने दारागंज थाने में इसकी खबर दी थाने के इंस्पेक्टर दारागंज ज्ञानेश्वर मिश्र तथा उप निरीक्षक शेष नाथ वर्मा था अन्य मौके पर पहुंचे।इस बीच फायर ब्रिगेड वाले को सूचना देने पर वे भी आ गए।इस हादसे में देवरिया निवासी शिव प्रताप वर्मा की मृत्यु हो गई।

# रिजल्ट को लेकर छात्रों के प्रतिक्षा की घड़ी समाप्त

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** मंगलवार को केन्द्रिय माध्यमिक शिक्षा परिषद दिल्ली द्वारा इण्टरमीडिएट 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जो कि लोगों में चर्चा का विषय था। सी0 बी0 एस0 ई0 बोर्ड द्वारा जारी किये गए इस परीक्षा परिणाम में सेन्ट जेवियर्स हाईस्कूल एलवल आजमगढ़ के छात्रों ने जिले में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करते हुए जीत का परचम लहराया। परीक्षाफल को लेकर छात्रों अभिभावकों और अध्यापकों में काफी उत्साह दिखाई दिया क्योंकि यह सभी के कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है। जिसमें मुदित अग्रवाल 95.8ः अंक के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही प्रशस्य श्रीवास्तव 92.6ः अंक के साथ द्वितीय स्थान और ओमेश्वर 91.4ः ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं द्वारा भिन्न-भिन्न विषयों में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त किया जिसमें रसायन विज्ञान में 99ः प्रखर राय, 98ः मुदित अग्रवाल भौतिक विज्ञान में 96ः प्रशस्य श्रीवास्तव कम्प्यूटर में 98ः मुदित अग्रवाल अंग्रेजी में 99ः अनन्या सिंह हिन्दी में 96ः अमन यादव गणित में 98ः मुदित अग्रवाल शारीरिक शिक्षा में 100ः प्रशस्य श्रीवास्तव केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं व 12वीं के नतीजे मंगलवार दोपहर को घोषित कर दिए गए। इसके साथ ही रिजल्ट को लेकर छात्रों के प्रतिक्षा की घड़ी समाप्त हो गई। परिणाम घोषित होते ही परीक्षार्थी खुशी से उछल पड़े व एक दूसरे को बधाई देने के साथ मिठाई खिलाने का सिलसिला देर तक चलता रहा। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10वीं व 12वी की परीक्षा में सेंट जेवियर्स स्कूल सम्मोपुर आजमगढ़ के छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा। 10वीं में जय प्रकाश सिंह ने 95०8 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषित गुप्ता 93.6 के साथ दूसरे एवं तेजस वर्मा 93.2 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 12वीं में आदित्य कुमार श्रीवास्तव 95०4ः अंक पाकर विद्यालय में अव्वल रहे। वंश पांडेय 95ः के साथ दूसरे स्थान पर, उन्नति सिंह 89.4ः ने तीसरा, प्राची यादव 88०2ः ने चौथा व अंशिका मौर्या 88ः के साथ पांचवें स्थान पर नाम दर्ज कराया। विद्यालय प्राचार्य विनय पाण्डेय उप प्राचार्य तरनी श्रीवास्तव प्राथमिक प्रभारी अंशिका सिंह आदि ने समस्त छात्रों को मिठाई खिलाकर उनको अपने लक्ष्य पर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।सेंट जेवियर्स स्कूल प्रबंध निदेशक प्रशांत चंद्रा ने कहा अगर आपके सफल होने का संकल्प काफी मजबूत है तो असफलता आपको कभी भी डरा नहीं सकती। वहीं विद्यालय के शैक्षिक निदेशक देवेंद्र झा ने छात्रों की सफलता के लिए उन्हें बधाई दिया एवं विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा किष्अपने लक्ष्य को वही लोग हासिल कर सकते हैं जिनको अपने लक्ष्य के अतिरिक्त कुछ और दिखाई नहीं देता।



# पैराडाइज़ स्कूल के बच्चों ने फिर लहराया सफलता का परचम

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** पैराडाइज़ पब्लिक स्कूल, मंछना के कक्षा 10 का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। साथ ही कक्षा 12 का परीक्षाफल भी 95 प्रतिशत रहा।

कक्षा 10 में अभिनव ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में शीर्ष स्थान पर रहे। वहीं संगम, अदिति सक्सेना, वीर प्रताप चौहान, अंश भदौरिया, क्रमश 92 प्रतिशत, 91 प्रतिशत, 90.8 प्रतिशत, 90.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्रमश द्वतीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर रहे। सभी छात्र एवं छात्रायें परीक्षाफल देखकर बहुत प्रसन्न मुद्रा में थे। उन्होंने आगे और कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया। वहीं दूसरी ओर कक्षा 12 का परीक्षाफल भी बहुत अच्छा रहा। प्रथम शीर्ष तीन स्थानो पर विद्यालय में छात्राओं ने कब्ज़ा किया। विद्यालय की छात्रा कशिश चौहान ने 93.2 प्रतिशत प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौम्या मिश्रा ने 90.2 प्रतिशत प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरा एवं संजना कुमारी ने 89.4 प्रतिशत प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान अर्जित करने मे सफलता प्राप्त की।



- सी0 वि0 एस0 इ0 बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सी0 पी0 पांडेय जी ने सभी छात्रों एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लगन एवं सच्चे प्रयास से सफलता हमेशा कदम चूमती है। उन्होंने बच्चो को ओर अधिक मेहनत करने कि सलाह दी। उन्होंने ने आगे कहा कि आज आप सब कठिन परिश्रम करके अपने जीवन में सफलता की ओर उल्लेखनीय कदम बढ़ा रहे हैं आगे आप सभी अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके विभिन्न सेवा विभागों में जाकर देश का नाम रोशन करेंगे तथा अपनी कर्तव्य परायणता एवं कर्तव्यनिष्ठा से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान करने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करेंगे। सफलता प्राप्त करने में आपकी कठिन मेहनत के साथ साथ आपके माता पिता का भी पूर्ण सहयोग एवं आशीर्वाद है। विद्यालय की प्रबंधक लता पाण्डेय ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये एकाग्रता अति आवश्यक है। आप सभी ने एकाग्रता पूर्वक अध्ययन करके अपने परीक्षा परिणाम से यह सिद्ध कर दिया है कि आपने सदैव पूर्ण विश्वास एवं लगन के साथ अध्ययन किया है। आप सभी भविष्य में भी इसी तरह सफलता प्राप्त करते हुये विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे ऐसा हम सभी का विश्वास है।

प्रवीण पाण्डेय ने सभी विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। अन्त में विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मिष्ठान्न खिलाकर शुभकामनायें प्रदान करते हुये छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उनके अभिभावकों को मिष्ठान्न खिलाकर शुभकामनायें प्रदान करते हुये छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रवीण पाण्डेय, मुकेश चतुर्वेदी, सारिका सिंह, रंजना वर्मा, अजय मिश्रा एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण शिक्षिकायें एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम की बरही मनाई गई



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी परशुराम सेना द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जी की बरही परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे के कालीचौरा स्थित आवास पर मनाया गया। इस अवसर पर विधि विधान से भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चन कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा की भगवान परशुराम जी विष्णु के छठे अवतार थे। उनके जीवन से हमें अन्याय अत्याचार का विरोध करने की प्रेरणा मिलती है। समाज सेविका सुनीता उपाध्याय ने कहा कि शस्त्र और शाष्त्र में निपुण भगवान परशुराम जी ने आततायीओं का वध करके समाज में सदाचार और शांति स्थापित किया। साहित्यकार पत्रकार संजय कुमार पाण्डेय सरस ने कहा कि धनुष विद्या में पारंगत भगवान परशुराम जी से अन्याय के विरोध करने की प्रेरणा मिलती है। भगवान परशुराम जी हमेशा सत्य और न्याय का साथ रहते थे उनका जीवन न्याय प्रियता वीरता तपस्या से परिपूर्ण था ऐसे में हम भगवान परशुराम से सीख लेकर मानव जीवन को कल्याणकारी बना सकते हैं। राजेश गिरी एवं सुधीर राय ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी ने समाज में व्याप्त अनाचार को खत्म करके शांति स्थापित किया। इस अवसर पर सुधीर राय, राजेश गिरी, विद्या दूबे,समाज सेविका सुनीता उपाध्याय,पुनीत उपाध्याय, राहुल दुबे और गुलाब आदि उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **निविदा एकल पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर, उप मुख्य अभियंता निर्माण, चतुर्थ, के अधीन प्रस्तावित, उन्नाव– बिघापुर क्रासिंग स्टेशन के मध्य स्थित अचलगंज हाल्ट स्टेशन को क्रासिंग स्टेशन में बदलने के कार्य निर्माण के अन्तर्गत मिट्टी भराव, कटिंग, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुलों का विस्तार, उच्च–स्तरीय स्टेशन प्लैटफार्म, स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण कार्य और अन्य विविध सिविल कार्य जैसे नाले, सड़के, समपार फाटक का सुधार एवं पैदल मार्ग इत्यादि का कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 11 (ग्यारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 998.09 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रू. 6,49,100.00 |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक **11.06.2025** को **11:30** बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक **11.06.2025** को समय **11:30** बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक **20.05.2025** से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनाँक **28.05.2025** से **11.06.2025** तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 76–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–चतुर्थ/लखनऊ दिनाँक: 13.05.2025 1409/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-CIL-MX-148-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SKN-MX-147-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1423/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85% हुई

## यह बीते 13 महीने में सबसे कम, मार्च में 2.05 फीसदी थी

नई दिल्ली। आरबीआई मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। इससे पहले मंगलवार को सरकार ने पिछले महीने की खुदरा महंगाई दर के आंकड़े जारी किए थे। इसके अनुसार अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर लगभग 6 वर्षों के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 प्रतिशत पर आ गई, जो मार्च में 2.05 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य पदार्थों, बनाए गए उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने से अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 फीसदी रह गई। मार्च में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.05 फीसदी थी। पिछले साल अप्रैल में यह 1.19 फीसदी थी।

उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, रसायन और रासायनिक उत्पादों, परिवहन उपकरणों और

**खुदरा महंगाई**

**अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर लगभग 6 वर्षों के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई।**

मशीनरी के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में अप्रैल में 0.86 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि मार्च में मुद्रास्फीति 1.57 प्रतिशत थी। सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई।

**अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में 18.26 फीसदी की गिरावट**

अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में 18.26 फीसदी की गिरावट रही, जबकि मार्च में यह गिरावट 15.88% थी। प्याज में अप्रैल में



मुद्रास्फीति घटकर 0.20 प्रतिशत रह गई, जबकि मार्च में यह 26.65 फीसदी थी। हालांकि, अप्रैल में विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.62 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.07 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में भी अप्रैल में 2.18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि मार्च में यह 0.20 प्रतिशत थी।

**खुदरा महंगाई दर घटकर 6 वर्षों के निचले स्तर पर**

इससे पहले मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। अप्रैल में खाद्य महंगाई दर घटकर 1.78 प्रतिशत रही, जो मार्च में 2.69 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 8.7 प्रतिशत थी। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई।

**संतोषजनक दायरे में बनी हुई खुदरा मुद्रास्फीति**

अब तक खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है। आरबीआई को सरकार ने मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाए रखने का दायित्व सौंपा है। पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति 1.78 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.7 प्रतिशत थी। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत रही थी।

**2025-26 के लिए CPI महंगाई दर का अनुमान चार प्रतिशत**

भारतीय रिजर्व बैंक को महंगाई को 4 प्रतिशत (±2 प्रतिशत) के दायरे में बनाए रखने का लक्ष्य दिया गया है। मूल्य स्थिति में सुधार आने के बाद आरबीआई ने दो किस्तों में प्रमुख ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए CPI महंगाई दर का अनुमान 4 प्रतिशत रखा है।

## सैमसंग ने नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी, क्यूएलईडी और द फ्रेम टीवी के लिए विजन एआई लॉन्च किया

गुरुग्राम। सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज अपने 2025 के अल्ट्रा-प्रीमियम टीवी मॉडलों को लॉन्च किया। इनमें नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K, ओएलईडी, क्यूएलईडी टीवी और द फ्रेम शामिल हैं। इन टीवी में नई सैमसंग विजन एआई टेक्नोलॉजी दी गई है, जो अगली पीढ़ी की एआई क्षमताओं के साथ शानदार होम एंटरटेनमेंट का अनुभव देती है। यह तकनीक टीवी को स्मार्ट बनाती है, जिससे रोजमर्रा का जीवन और बेहतर होता है। सैमसंग ने एक बार फिर अपनी इनोवेशन की प्रतिबद्धता दिखाई है। सैमसंग विजन एआई एक नई तकनीक है जो एआई की मदद से शानदार तस्वीर और आवाज देती है और यूजर को व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करती है। यह तीन मुख्य स्तंभों पर काम करती है-

**एआई मोड:** यह उन्नत तकनीक से तस्वीर और आवाज को वास्तविक समय में बेहतर बनाता है। यह सामग्री और आसपास के माहौल




के अनुसार बदलता है, जिससे हर बार शानदार दृश्य और बेहतरीन ऑडियो मिलता है।

**एआई अनुभव:** यह उपयोगकर्ता की पसंद को समझकर कंटेंट खोजने और सेटिंग्स को व्यक्तिगत बनाता है, जिससे टीवी का उपयोग आसान और स्मार्ट हो जाता है।

## रोमियो एस3 में दमदार एक्शन दिखाएंगे ठाकुर अनूप सिंह

लखनऊ। गुड्डू धनोआ निर्देशित फिल्म रोमियो एस3 एक एक्शन फिल्म होने वाली है। फिल्म 'रोमियो एस3' में पुलिस ऑफिसर के रोल में ठाकुर अनूप सिंह हैं और पलक तिवारी हीरोइन बनी हैं। यह फिल्म 16 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आइए, फिल्म के लीड एक्टर से जानते हैं



1. रोमियो एस3 में आपके किरदार ने आपको कैसे आकर्षित किया?
संग्राम सिंह शेखावत का किरदार काफी अलग और लेयर्ड है, यही बात मुझे इसमें सबसे अच्छी लगी। पहली बार मैं किसी हिंदी फिल्म में लीड रोल कर रहा हूं, और वो भी लॉन्च प्रोजेक्ट में, तो जिम्मेदारी भी बड़ी थी।

2. गुड्डू धनोआ के साथ पहली बार काम करने का अनुभव कैसा रहा?
गुड्डू सर के साथ काम करना मेरे लिए एक बड़ा मौका था। वो इतने तजुर्बेकार डायरेक्टर हैं, और हर सीन की बारीकी पर ध्यान देते हैं। उन्होंने मुझे हर स्टेप पर गाइड किया, और उनके साथ काम करके बहुत मजा आया।

3. क्या इस किरदार को निभाना आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहा?
हां, किरदार के लिए एक खास बॉडी चाहिए थी, तो मुझे फिटनेस और डाइट का काफी ध्यान रखना पड़ा। ऊपर से मेरी एपेंडिक्स की सर्जरी भी हुई थी, जिससे ये रोल निभाना और भी मुश्किल हो गया था।

4. आप हिंदी और साउथ दोनों इंडस्ट्री में काम करते हैं, तो एक्टिंग स्टाइल कैसे बदलते हैं?
मैंने अब तक कई तरह के रोल किए हैं, और इस फिल्म का किरदार उनमें से कई का मिला-जुला रूप है। अगर लोगों ने मेरा पुराना काम पसंद किया है, तो मुझे यकीन है कि ये रोल भी उन्हें अच्छा लगेगा।

5. आपके किरदार की चाल-ढाल और स्टाइल काफी अलग दिखती है। इस पर आपने कितना काम किया?
फिल्म में मैं दो अलग-अलग किरदार निभा रहा हूं—एक ड्रग पेडलर और एक पुलिस ऑफिसर। इसलिए, मैंने दोनों की बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और स्टाइल को अलग दिखाने पर खूब मेहनत की, जो फिल्म में साफ नजर आएगा।

6. फिल्म में बहुत एक्शन है, आपने खुद से स्टंट किए हैं—उसकी तैयारी कैसे की?
हां, फिल्म में खूब एक्शन है और वो इमोशन से जुड़ा हुआ है। सारे एक्शन सीन टीनू वर्मा ने डिजाइन किए हैं, जो जबरदस्त टेक्नीशियन हैं। और हां, जितने भी स्टंट हैं वो मैंने खुद किए हैं, कोई बॉडी डबल नहीं लिया।

7. इस फिल्म से आप दर्शकों को क्या संदेश देना चाहते हैं?
मैं चाहता हूं कि लोग हमारी पुलिस और न्याय व्यवस्था की इज्जत करें। फिल्म में उसी ताकत और जज्बे को दिखाया गया है। मैं उम्मीद करता हूं कि लोग सिनेमाघर में जाकर फिल्म देखें और हमें अपना प्यार दें।

## बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 182 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी उछाल

नई दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का असर बुधवार को शेयर बाजार पर देखने को मिला। आज बाजार में तेजी रही और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 182 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक से अधिक मजबूत हुआ। सेंसेक्स मंगलवार को 1,281.68 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 346.35 अंक की गिरावट आई थी।

बुधवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 182.34 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ऊंचे में यह 81,691.87 अंक तक गया और नीचे में 80,910.03 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 88.55 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,666.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, इटर्नल, टेक महिंद्रा, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूरसंचार कंपनी एयरटेल का शेयर एक प्रतिशत चढ़ा। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में पांच गुना होकर 11,022 करोड़ रुपये होने से उसके शेयर में तेजी आई।

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और पावरग्रिड शामिल हैं।

मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में एक और कटौती की पर्याप्त गुंजाइश बन गई है।

## अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ ने कोलोरेक्टल कैंसर की रोकथाम के लिए शुरू किया 'कोलफिट' स्क्रीनिंग प्रोग्राम

लखनऊ। भारत में कोलोरेक्टल कैंसर (सीआरसी) के बढ़ते मामलों को देखते हुए, अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, लखनऊ ने अपोलो कैंसर सेंटर्स के अंतर्गत 'कोलफिट' नाम से एक व्यापक जांच कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसका मकसद इस कैंसर का समय रहते पता लगाना और उसे बढ़ने से रोकना है, ताकि इलाज आसान हो, लागत कम हो और देर से पहचान होने की समस्या पर काबू पाया जा सके। फिलहाल, देर से पता चलने के कारण इलाज मुश्किल हो जाता है और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव भी बढ़ जाता है। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल द्वारा शुरू किए गए 'कोलफिट' कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कई विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. वासिफ रज़ा, एसोसिएट डायरेक्टर, कोलोरेक्टल और जनरल सर्जरी; डॉ. राजीव रंजन सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और



हेपेटोलॉजी; डॉ. जयेन्द्र शुक्ला, कंसल्टेंट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी; डॉ. सतीश के. आनंदन, कंसल्टेंट; और डॉ. हर्षित श्रीवास्तव, कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी शामिल थे। इन सभी विशेषज्ञों ने कोलोरेक्टल कैंसर की समय रहते पहचान और उसके प्रभावी इलाज की दिशा में इस तरह के स्क्रीनिंग प्रोग्राम की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल द्वारा शुरू किया गया कोलफिट प्रोग्राम बुजुर्गों और युवाओं दोनों में इस कैंसर की समय पर पहचान बढ़ाने पर ज़ोर देता है। भारत में सीआरसी के मामले भले ही प्रति लाख जनसंख्या में कम दिखते हों (पुरुषों में 7.2 और महिलाओं में 5.1), लेकिन देश की एक अरब से ज़्यादा आबादी को देखते हुए इनकी संख्या बहुत बड़ी हो जाती है। चिंताजनक बात यह है कि भारत में इस कैंसर में पांच साल तक ज़िंदा रहने की संभावना 40% से भी कम है, जो दुनिया में सबसे कम में से एक है। कॉनकॉर्ड-2 अध्ययन के मुताबिक, भारत के कुछ क्षेत्रों में मलाशय कैंसर के मामलों में यह दर और घट रही है।

कोलोरेक्टल कैंसर के लक्षणों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। इनमें लगातार पेट साफ होने की आदतों में बदलाव (जैसे लंबे समय तक दस्त या कब्ज), मल में खून आना, बिना वजह वजन घटना, पेट में लगातार दर्द या बेचैनी शामिल हैं। इसके जोखिम बढ़ाने वाले कारणों में कम फाइबर वाला खाना, कम शारीरिक गतिविधि, मोटापा, परिवार में यह बीमारी होना और कुछ आनुवंशिक कारण शामिल हैं।

अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल का कोलफिट प्रोग्राम इस कैंसर की जांच के लिए फीकल इम्यूनोकेमिकल टेस्ट (एफआईटी) को अपनाता है, जो एक सरल, बिना चीरफाड़ वाली और बेहद असरदार जांच है। यह मल में छिपे खून की पहचान करता है, जो बीमारी की शुरुआती निशानी हो सकती है।

इसकी खास बात यह है कि यह सिर्फ एक नमूने से काम करता है, सटीकता ज़्यादा है और किसी खास परहेज़ की ज़रूरत भी नहीं होती, जिससे मरीज को किसी तरह की असुविधा नहीं होती।

## पहलू हैं- क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4 का ट्रेलर लाया एक चौंकाने वाला नया ट्विस्ट




मुंबई। एक मर्डर, दो आरोपी और अदालत में टकराते तीन सच! मशहूर वकील माधव मिश्रा एक बार फिर लौट रहे हैं अपने अब तक के सबसे पेचीदा केस के साथ क्रिमिनल जस्टिस- अ फैमिली मैटर में। इस बहुप्रशंसित सीरीज के चौथे सीजन का निर्देशन किया है रोहन सिप्पी ने, जबकि निर्माण किया है एप्लॉज एंटरटेनमेंट और बीबीसी स्टूडियोज इंडिया ने मिलकर। नया सीजन 29 मई से स्ट्रीम होगा सिर्फ जियोहॉटस्टार पर। इस सीजन में पंकज त्रिपाठी के साथ नज़र आएंगे मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब, सुरवीन चावला, आशा नेगी, खुशबू अत्रे, बरखा सिंह, आत्म प्रकाश मिश्रा, मीता वशिष्ठ और श्वेता बसु प्रसाद जैसे प्रतिभाशाली कलाकार अहम भूमिकाओं में। इस बार कहानी एक प्रभावशाली परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक सनसनीखेज हत्या के घेरे में आ गया है। जो केस शुरुआत में एक सीधी-सादी दलील जैसा लगता है, वह जल्दी ही कोर्टरूम में तीन अलग-अलग सचों के बीच की जंग में बदल जाता है। हर पक्ष के पास अपना सच है - और हर एक पिछले से ज्यादा विश्वसनीय लगता है। हमेशा की तरह, माधव मिश्रा इस उलझन के बीच अपने खास अंदाज़ और नैतिक समझ के साथ सच की तलाश में जुटे हैं। जियोस्टार में क्लस्टर हेड - एंटरटेनमेंट आलोक जैन ने कहा, क्रिमिनल जस्टिस जियोहॉटस्टार के हिंदी कंटेंट पोर्टफोलियो की सबसे सफल और टिकाऊ फ्रैंचाइज़ी में से एक रही है। हर सीजन में इसने लीगल सिस्टम को एक अलग और भावनात्मक नज़रिए से पेश किया है। हमें खुशी है कि एप्लॉज एंटरटेनमेंट जैसे भरोसेमंद पार्टनर के साथ मिलकर यह सफर आगे भी जारी रहेगा। एप्लॉज एंटरटेनमेंट के एमडी समीर नायर ने कहा, क्रिमिनल जस्टिस पहली ही किस्त से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। जियोहॉटस्टार के साथ हमारा साथ हमेशा मजबूत रहा है और हमने सच्ची, दमदार कहानियाँ दर्शकों तक पहुँचाने की कोशिश की है। तेजी से बढ़ते दर्शक वर्ग के बीच हम माधव मिश्रा जैसे दिल को छू लेने वाले लेकिन तीखे किरदार को नए लोगों तक पहुँचाने को लेकर उत्साहित हैं।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया रेज़र 60 अल्ट्रा स्मार्टफोन



लखनऊ। मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में दुनिया की प्रमुख कंपनी और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने आज अपनी प्रीमियम रेज़र सीरीज़ में नए स्मार्टफोन - रेज़र 60 अल्ट्रा को लॉन्च किया। यह फ्लिप फोन श्रेणी में एक नया मानक स्थापित करेगा। स्मार्टफोन अनुभव की बात करें तो नया मोटोरोला रेज़र 60 अल्ट्रा 'सिम्प्ली अनमैच्ड' है, जिसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट प्रोसेसर और नए मोटो एआई फीचर्स जैसे लुक एंड टॉक शामिल हैं, जो इसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली एआई फ्लिप फोन बनाते हैं। यह दुनिया का पहला स्मार्टफोन है जो अल्कांतारा और वुड फिनिश* में आता है और इसमें दुनिया का सबसे एडवांस्ड 3एक्स 50एमपी फ्लिप कैमरा सिस्टम है। इसके अतिरिक्त, रेज़र 60 अल्ट्रा में हमारा सबसे बड़ा बाहरी डिस्प्ले और दुनिया का सबसे ड्यूरेबल हिंज है, और 800,000 फ्लिप्स के लिए इसका टेस्ट किया जा चुका है। मोटोरोला रेज़र 60 अल्ट्रा, दुनिया के सबसे शक्तिशाली एआई फ्लिप फोन में कई शानदार फीचर्स शामिल हैं, जैसे एआई इमेज स्टूडियो, कैच मी अप, रिमेम्बर दिस, और नया लुक एंड टॉक। लुक एंड टॉक से यूज़र्स सिर्फ फोन की ओर देखकर उसे अनलॉक कर सकते हैं और बिना हाथ लगाए बातचीत शुरू कर सकते हैं। वे बाहरी डिस्प्ले से मोटो एआई से कुछ भी पूछ सकते हैं, जैसे सवालों के जवाब या मिस्ड नोटिफिकेशन्स का अपडेट, जिससे इस्तेमाल आसान और स्मार्ट हो जाता है। यह एआई असिस्टेंट आवाज़, टेक्स्ट और इमेज को समझता है, और अब यूज़र के कैमरे से दुनिया को भी देख सकता है। रोज़मर्रा के कामों से लेकर क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स तक, यह हर चीज़ में मदद करता है और डॉक्यूमेंट्स को तुरंत पढ़कर किसी भी टॉपिक का एक्सपर्ट बन सकता है। मोटो एआई पर्दे के पीछे काम करके डिवाइस के साथ इंटरैक्शन को स्मार्ट और आसान बनाता है। नेक्स्ट मूव फीचर स्क्रीन पर मौजूद चीज़ों जैसे कि रेसिपी, चैट या कॉन्टेंट को पहचानकर रियल टाइम में अगले कदम सुझाता है।

## ग्लूकॉन डी ने शुरू किया एनर्जी का गोला अभियान

नई दिल्ली। जब लखनऊ तेज़ उमस, भारी बारिश और गर्म हवाओं के बीच झूल रहा है, ऐसे में भारत के सबसे भरोसेमंद ग्लूकोज़-बेस्ड एनर्जी ड्रिंक्ग्लूकॉन डी ने 'एनर्जी का गोला' अभियान शुरू किया है। इस पहल का मकसद है लखनऊ, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई के 10,000 से अधिक बच्चों को थकान से राहत देना और उनकी इम्युनिटी को सहारा देना। मेहनत करने वाले उनके रूटिन और तेजी से बदल रहे मौसम में उनकी इम्युनिटी को भी इससे ताकत मिलेगी।

यह पहल भारत के पारंपरिक 'गोले' को एक नए उपयोग के साथ पेश करता है। ग्लूकॉन-डी के पॉपुलर फ्लेवर्स - ऑरेंज, मैंगो और नींबू पानी से भरे 700 किलो से अधिक ठंडे गोले 100 से ज्यादा मैदानों और स्टेडियमों में बांटे जा रहे हैं, ताकि बाहर खेलते बच्चों की एनर्जी को भरपाई की जा सके। 'एनर्जी का गोला' पहल का लक्ष्य है बच्चों की समर केयर में एक कमी को दूर करना। गर्म और नम मौसम में जब बच्चे बाहर खेलते हैं, तो उनके शरीर



से तेजी से ग्लूकोज की कमी हो जाती है। सिर्फ पानी पीने से शरीर हाइड्रेट तो हो सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि पूरी तरह ऊर्जा लौट आए - खासकर छोटे और बेहद सक्रिय बच्चों में। ग्लूकॉन-डी में मौजूद ग्लूकोज और विटामिन सी शरीर में तेजी से घुलकर तुरंत ऊर्जा और इम्युनिटी देता है। ऐसे मौसम में जब पसीना ज्यादा आता है, ऊर्जा की कमी बनी रहती है और संक्रमण का खतरा भी रहता है -ग्लूकॉन-डीकी भूमिका और भी अहम हो जाती है। यह कैम्पेन फिलहाल लखनऊ के प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर सक्रिय है, जैसे एलडीए क्रिकेट स्टेडियम, गौतम बुद्ध पार्क, जानकी वाटिका पार्क, अटल पार्क और इंद्रा पार्क। इसी तरह के एक्टिवेशन अन्य शहरों में भी चल रहे हैं। ज़ाइडस वेलनेस के सीईओ तरुण अरोड़ा ने कहा, जब गर्मियों का मौसम कभी तेज़ धूप, कभी उमस और कभी बरसात जैसी स्थितियों में बदलता है, तो बच्चों की देखभाल का तरीका भी उतनी ही तेजी से बदलना चाहिए। ग्लूकॉन-डी दशकों से हर घर में भरोसे का नाम रहा है और जब भी सबसे ज्यादा ज़रूरत होती है, यह तुरंत ऊर्जा और इम्युनिटी देने में मदद करता है। 'एनर्जी का गोला' के ज़रिए हम यादों और विज्ञान का मेल कर रहे हैं—एक ऐसा समाधान जो पुरानी विरासत से जुड़ा है लेकिन आज की गर्मी की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

## जल्द लॉन्च होगा आईकू नियो 10




नई दिल्ली। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू, अब मोबाइल की स्पीड और परफॉर्मेंस को एक नया स्तर देने जा रहा है। कंपनी 26 मई 2025 को भारत में अपना नया स्मार्टफोन आईकू नियो 10 लॉन्च करने वाली है। आईकू नियो 10 खासतौर पर मल्टीटास्किंग करने वाले युवाओं और करियर की शुरुआत कर रहे प्रोफेशनल्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अपने सेगमेंट में भारत का सबसे तेज़ स्मार्टफोन है, जो डुअल चिप पावर के साथ फ्लैगशिप लेवल की परफॉर्मेंस, इनोवेशन और स्पीड देता है।

आईकू नियो 10 भारत का पहला स्मार्टफोन है जिसमें स्नैपड्रैगन 8s जेन 4 प्रोसेसर दिया गया है, जो फ्लैगशिप-ग्रेड स्पीड और एफिशिएंसी देता है। इसके साथ आईकू का खास सुपरकम्प्यूटिंग चिप Q1 भी मौजूद है, जिससे इसका एंटुटू बेंचमार्क स्कोर 2.42 मिलियन से भी ज्यादा है—जो इस सेगमेंट में परफॉर्मेंस की नई परिभाषा तय करता है। यह स्मार्टफोन अपने सेगमेंट में इकलौता है जिसमें 144एफपीएस गेमिंग का सपोर्ट है, साथ ही इसमें 7000mm² का वेपर कूलिंग चेम्बर दिया गया है ताकि लंबे समय तक हाई परफॉर्मेंस बना रहे।

आईकू नियो 10 भारत का स्लिमेस्ट स्मार्टफोन भी है, जिसमें 7000mAh की बड़ी बैटरी दी गई है—और इसकी थिकनेस सिर्फ 0.809 सेमी है। इसमें मिलने वाला 120W फ्लैशचार्ज फास्ट चार्जिंग सपोर्ट उन यूज़र्स के लिए खास है जो लगातार काम और अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी के बीच बैलेंस बनाकर चलते हैं।

## स्टार एस्टेट ने बिक्री में 7,000 करोड़ का आंकड़ा पार किया



नई दिल्ली। भारत की सबसे भरोसेमंद रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्मों में से एक स्टार एस्टेट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 7,000 करोड़ की बिक्री दर्ज कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस सफलता ने कंपनी को भारत में सबसे तेजी से बढ़ती रियल एस्टेट कंसल्टिंग कंपनियों में से एक बना दिया है। श्री विजय जैन मैनेजिंग डायरेक्टर स्टार एस्टेट ने कहा हमें 7,000 करोड़ की बिक्री का आंकड़ा पार करने पर गर्व है, लेकिन ये तो अभी शुरुआत है और इसे हम एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानते हैं। सफलता संयोग से नहीं मिलती यह बाजार जागरूकता, डेटा-आधारित रणनीति और ग्राहकों को सुगम और विश्वसनीय प्रॉपर्टी खरीदने का अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। अब हमारा अगला लक्ष्य 10,000 करोड़ का माइलस्टोन हासिल करना है और हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। हर उपलब्धि हमारा लोगों में निवेश और ग्राहकों के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

पिछले बारह महीनों में स्टार एस्टेट ने विभिन्न टियर-I और टियर-II शहरों में विभिन्न उपस्थिति दर्ज की है, जिनमें नोएडा, गुरुग्राम, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद शामिल हैं। कंपनी ने उत्तर और दक्षिण भारत के प्रमुख माइक्रो-मार्केट्स में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। इस विकास यात्रा के पीछे एक मजबूत टीम, ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और एक ऐसा नेतृत्व है जो सीमाओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखता है।

स्टार एस्टेट का प्लेटफॉर्म शीर्ष डेवलपर्स, चयनित संपत्तियों और प्रौद्योगिकी-सक्षम परामर्श को एक साथ लाता है ताकि एक सहज घर-खरीदने का अनुभव प्रदान किया जा सके। स्टार एस्टेट एंड-यूजर्स और निवेशकों दोनों को सेवाएं प्रदान करता है और डेवलपर्स के साथ मिलकर सही मार्केटिंग, इन्वेंट्री और लांच रणनीतियों की योजना बनाती है।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, कंपनी ने मुंबई और बेंगलुरु में नए कार्यालय खोले एवं मार्केटिंग, बिक्री और एनालिटिक्स में अनुभवी पेशेवरों को जोड़कर अपनी संगठनात्मक क्षमताओं को और मजबूत किया। शीर्ष डेवलपर्स की परियोजनाओं के पोर्टफोलियो और 1 लाख से अधिक खुश ग्राहकों के साथ, स्टार एस्टेट का मूल्य प्रस्ताव केवल आंकड़ों में ही नहीं, बल्कि इसके द्वारा निर्मित भरोसे में भी निहित है। अब कंपनी अगले चरण की तैयारी कर रही है जिसके तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000 करोड़+ ग्रॉस बिक्री लक्ष्य हासिल करना। इस योजना में नए उभरते बाजारों में विस्तार, तकनीक-संचालित स्मार्ट रियल एस्टेट समाधान प्रदान करना, और लग्ज़री, मिड-सेगमेंट, तथा एफोर्डेबल हाउसिंग सेक्टर में डेवलपर्स के साथ सहयोग को बढ़ावा शामिल है। इस योजना में नए उभरते बाजारों में विस्तार, स्मार्ट रियल एस्टेट समाधानों की प्रौद्योगिकी-संचालित डिलीवरी और लक्ज़री, मिड-सेगमेंट और किफायती आवास खंडों में अवसरों में तेजी लाने के लिए बिल्डरों के साथ सहयोग बढ़ाना शामिल है। जैसे-जैसे भारत का रियल एस्टेट कारोबार तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, स्टार एस्टेट भी कारोबार की नब्ज़ पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। बोल्ड विज़न, कोर वैल्यूज़ और बढ़ती पहुँच के साथ, फर्म रियल एस्टेट्स की ब्रोकरेज और ग्राहक संतुष्टि में मानक स्थापित कर रही है। इस प्रकार, 5,000 करोड़ से 7,000 करोड़ तक पहुंचने के बाद, अब यह कंपनी उससे भी ऊपर ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

## फेडेक्स ने फरीदाबाद में छोटे एवं मझोले उद्यमों को बढ़ा सोचने और स्मार्ट शिपिंग करने के लिये सशक्त किया

फरीदाबाद। दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन उत्तर भारत के उभरते शहरों में छोटे और मझोले उद्यमों को नवाचार के साथ आगे बढ़ने और वैश्विक बाजारों तक पहुँचने में मदद कर रही है। इसके लिए कंपनी ने 'SME Connect' नामक पहल की है, जो उभरते बिजनेस हब्स में विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक समाधान, डिजिटल टूल और रणनीतिक जानकारियाँ लेकर पहुँच रही है।

फेडेक्स के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग, कस्टमर एक्सपीरियंस और एयर नेटवर्क - MEISA क्षेत्र) नितिन नवनीत तातीवाला ने कहा, जब एसएमई अपनी महत्वाकांक्षाएं तेज़ी से बढ़ा रहे हैं, तो हम भी स्मार्ट समाधानों, मजबूत ढांचे और गहरे जुड़ाव के साथ उसी रफ्तार में काम कर रहे हैं। स्थानीय इंफ्रास्ट्रक्चर के ज़रिए हम सिर्फ पार्सल नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि उद्यमों की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच पर उड़ान भरने का अवसर दे रहे हैं।

वर्ष 2019 में शुरू हुई एसएमई कनेक्ट पहल अब एक जानकारी साझा करने वाले मंच से आगे बढ़कर एक प्रभावशाली प्लेटफॉर्म बन गई है। वित्तीय वर्ष 25 में, फेडेक्स ने इस कार्यक्रम को और ज्यादा व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों से जुड़ा बनाने के लिए 'संपर्क', 'अनुभव' और 'मंत्रा' जैसे नए प्रारूप शुरू किए हैं। ये प्रारूप व्यापार की ज़रूरतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और डिजिटल युग में उन्हें वैश्विक अवसरों से जोड़ते हैं।

यह पहल भारत सरकार की 'इनवेस्ट इंडिया', 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और 'डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब' जैसी पहलों के साथ भी सहकार्य कर रही है। इससे क्षेत्रीय निर्यात केंद्रों और विभिन्न क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

यह फरीदाबाद जैसे शहरों में निर्यात के क्षेत्रीय केन्द्रों और सेक्टर विशेष की तरक्की को बढ़ावा देती है। अब तक एसएमई कनेक्ट के तहत भारत के 55 शहरों में 58 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 5,000 से अधिक एसएमई उद्यमियों और संभावित ग्राहकों से सीधा संवाद किया गया है।

# जमीनी विवाद में घायल मुन्ना इलाज के दौरान केजीएमसी लखनऊ में तोड़ा दम

**अवधनामा ब्यूरो**



पुलिस गिरफ्त में हत्यारे पति व पत्नी

- बहन ने घटना के दिन ही तोड़ा दम, एक घायल का चल रहा है इलाज
- सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया इमलिया गांव का मामला

**कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया इमलिया गांव में बीते सोमवार को जमीनी विवाद में एक पक्ष द्वारा फावड़े से दूसरे पक्ष के लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान भाई को बचाने गई बहन को गंभीर रूप से चोट लगने से मृत्यु हो गई जबकि उसका भाई मुन्ना गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज केजीएमसी लखनऊ में चल रहा था।

मंगलवार की रात वह भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस हत्या में शामिल पुलिस ने हत्यारे पति पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम धुरिया इमलिया में 12 मई को जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें चन्द्रशेखर पुत्र रामधारी एवं उनकी पत्नी सुशीला निवासी धुरिया इमलिया थाना सेवरही जनपद कुशीनगर ने लाठी, डंडा व फावड़े से दूसरे पक्ष के व्यक्तियों मुन्ना मद्धेशिया, पुत्र सुग्रीव व उसकी बहन फूलमती पत्नी दुर्गेश मद्धेशिया निवासी बटही थाना अहिरौली बाजार उम्र लगभग 35 वर्ष (जो मायके आई थी) एवं रोली पुत्री स्वामीनाथ निवासी धुरिया इमलिया थाना सेवरही पर हमला किया था। इस मारपीट में तीनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई थी। जिसमें फूलमती देवी उपरोक्त की मृत्यु उसी दिन हो गई, जबकि घायल मुन्ना मद्धेशिया का उपचार हेतु अस्पताल (केजीएमसी लखनऊ) में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान मंगलवार की रात मुन्ना मद्धेशिया की भी मृत्यु हो गई। प्रकरण में थाना सेवरही पर मु0अ0स0 133/2025 पंजीकृत किया गया था। जिसमें दोनों नामजद अभियुक्तों चन्द्रशेखर पुत्र रामधारी एवं उनकी पत्नी सुशीला निवासीगण धुरिया इमलिया थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड में किया शानदार प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्थानीय सेंट जेवियर्स स्कूल कप्तानगंज कुशीनगर में दसवीं और बारहवीं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी का सम्मान समारोह आयोजन हुआ जिसमें सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य डॉक्टर वैभव वांटू, उप प्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया, मैनेजर अरविन्द कुमार पांडेय ने माल्यार्पण करके मिठाई खिला कर सम्मानित किया गया।

कक्षा दसवीं में श्रेष्ठ अंक पाने वाले शाद खान 93 प्रतिशत, जागृति, पांडेय 92 प्रतिशत, नसरीन 92 प्रतिशत, अंजू 91 प्रतिशत, रितेश 90 प्रतिशत, हिंदवी 90 प्रतिशत, सौम्या 89 प्रतिशत, श्रृष्टि 88 प्रतिशत, मानशी 86 प्रतिशत, पीयूष 86 प्रतिशत, ब्यूटी 85 प्रतिशत, रेयान अली 84 प्रतिशत, हिमांशु 84 प्रतिशत, अंशु 83 प्रतिशत, सर्वर 83 प्रतिशत, अनुराग, अमृता 83 प्रतिशत, कक्षा बारहवीं में अंशिका पोद्दार 93 प्रतिशत, मांसी 89 प्रतिशत, पूजा पटेल 85%, शमशा तनवीर 83 %, अनुज, सिंह 81%, दीपेश सिंह 80%, आरोही सिंह 75%, आर्या, पांडेय 75%, रुचि सिंह 71 % आदि का अंक सर्वाधिक रहा। शाद खान ने विज्ञान विषय में शत प्रतिशत पाकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर वैभव वांटू ने सम्बोधित करते हुए कहा की छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो उनकी कड़ी मेहनत और लगन का प्रमाण है। अंत में स्कूल निर्देशक आकाश चन्द्रा ने आए सभी विद्यार्थियों को साधुवाद देते हुए सभी को जीवन में ऐसे ही आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।

इस कार्यक्रम में शिक्षक गण ज्ञानेश दीक्षित, इकरामुल हक, यशवंत सिंह, सतीश द्विवेदी, अजय पांडेय, आशुतोष कुमार सिंह, एडमिन इंचार्ज सौरव कुमार, आमीन भट्ट आदि ने खुशी जाहिर की।

# खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक ने कार्यभार ग्रहण किया



नवागत बीईओ को पुष्प देकर सम्मानित करते

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक मुकेश नारायण मिश्र ने बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मोतीचक पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके अलावा पडरौना का अतिरिक्त कार्यभार भी इनके ऊपर है। कर्मचारियों ने उनका। पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त खंड शिक्षाधिकारी ने श्री मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कुशलता पूर्वक और यथा समय किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए हम सभी को मिल कर आपसी सहयोग द्वारा इन योजनाओं को व्यवस्थित ढंग से पूरा करना है।

# मजाक बना जनसुनवाई पोर्टल, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पडरौना नगर स्थित मदर केयर हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ धनंजय मिश्र ने जनसुनवाई पोर्टल पर बीते 26 अप्रैल को सीएमओ विभाग के दो कर्मचारियों पर धमकी देने का आरोप लगाया था।

मलेरिया इंस्पेक्टर विजय गिरी जो कप्तानगंज में पोस्टेड है और वर्तमान में पांच वर्षो से सीएमओ ऑफिस में हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन देख रहे हैं। इनके साथ ही संविदा कर्मचारी PCPNDT प्रोग्राम में डाटा ऑपरेटर प्रशांत सिंह अपने काम के अलावा विगत 6 वर्षो में हॉस्पिटलों से धनउगाही करके दोनों कर्मचारी करोड़ों की संपत्ति बना चुके हैं।

डॉ मिश्रा ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत किया था जिसके बाद ये दोनों कर्मचारी लगातार धमकी दे रहे है। वे दोनों कर्मचारी बोले कि जनसुनवाई एवं अन्य शिकायतों से हम लोगों का कुछ नहीं बिगड़ेगा चाहे सरकार किसी की हो लेकिन आप बर्बाद हो जाएंगे। जनसुनवाई पोर्टल पर हम लोगों के खिलाफ रोज शिकायत आते हैं और हम लोग अपने अनुसार रिपोर्ट लगा कर मामले को समाप्त कर देते हैं और जो नहीं मानता है उसको शांत कराने के लिए हम लोगों के पास बहुत तरीके हैं। इससे डॉ धनंजय मिश्र पूरी तरह से डरे एवं सहमे हुए हैं क्यों कि जो शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर किए थे उस शिकायत हो बिना जांचे परखे क्लोज कर दिया गया। इससे तो लग रहा है कि ये गुंडे किस्म के लोग भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त है और शासन से लेकर मंत्रियों में पैठ बनाए हुए हैं। जिसके वजह से शिकायत का कोई असर नहीं हो रहा। डॉ मिश्रा बताया कि जब जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत करने के बाद कोई कार्यवाही नहीं हो रही है तो सरकार को इस जनसुनवाई पोर्टल को बंद कर देना चाहिए।

# पशु चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में संचालित योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**अवधनामा ब्यूरो**



- निराश्रित बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने एवं ग्रीष्म ऋतु में लू प्रकोप के दृष्टिगत समस्त तैयारियां पूर्व में ही सुनिश्चित करने का डीएम ने दिया निर्देश

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पशु चिकित्सा विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। भूसा क्रय व दान के अद्यतन स्थिति, निराश्रित बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने एवं ग्रीष्म ऋतु में लू प्रकोप के दृष्टिगत संरक्षित गोवंशों हेतु किए गए कारगार उपायों की जानकारी ली गई।

पशु चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में संचालित योजनाओं अंतर्गत निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत भरण पोषण की स्थिति, भूसा दान एवं संग्रहण की स्थिति सहित चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान बकरी पालन भेड़ पालन बैकयार्ड पोल्ट्री फार्म की सूचना, नंद बाबा दुग्ध मिशन अंतर्गत संचालित योजना गो संवर्धन योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालन योजना से लाभान्वित पशुपालन को की जानकारी ली गई। पृच्छा के क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने ग्रीष्म ऋतु में गोवंशों हेतु लू प्रकोप के दृष्टिगत बचाव की समस्त तैयारियां करने, गौशालाओं में हरिशंकरी पीपल पाकड़, बरगद वृक्षों के पौधों का रोपण करने, आवश्यकता के सापेक्ष भूसा क्रय करने, विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से पशुपालक भाइयों को आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूसा दान एवं भूसा करे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है इसके लिए जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध करें। भूसा संग्रहण पर्याप्त मात्रा में सभी गौशालाओं में सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रविंद्र प्रसाद, अपर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारीगण, पशुधन प्रसार अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मनमानी : खेतों में फसल अवशेष जला रहे किसान

**अमेठी।** ग्रामीण अंचल रबी की मुख्य फसल गेहूं के कटे हुए अवशेष को खेतों में किसान तेजी से जला रहे हैं। फसल अवशेष को खेतों में जलाने से पर्यावरण प्रदूषण के साथ मिट्टी के जीवाश्म भी नष्ट हो रहे हैं। कृषि विभाग की ओर से किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है, फिर भी तमाम किसान चोरी चुपके फसल अवशेष खेतों में जला रहे हैं। बुधवार को भेंटुआ विकास खंड के कई गांवों में किसानों ने खेतों में फसल अवशेष जलाया है। कृषि विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी करके किसानों को फसल अवशेष जलाने नुकसानों के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। उसके बाद भी किसान चोरी चुपके सुबह और शाम के समय खेतों में आग लगाकर अवशेष फसल को जलाने का काम कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में उपकृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि खेतों में फसल अवशेष न जलाने के लिए किसानों को पहले से सचेत किया गया है।जो किसान मनमानी कर रहे हैं, जुर्माने के भागीदार होंगे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला गंभीर रूप से घायल

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर स्थित सेंन्दुरिया विशुनपुर बाजार के पास अज्ञात वाहन से ठोकर लगने पर एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सेंन्दुरिया विशुनपुर निवासी चंद्रभान सिंह पुत्र विंध्याचल उम्र लगभग 70 वर्ष बुधवार को दोपहर लगभग 1 बजे घर से जगदीशपुर की तरफ किसी काम से जा रहे थे की कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर सेंदुरिया बाजार के पास पीछे से एक अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार कर भाग गया ठोकर लगने से चंद्रभान बुरी तरह घायल हो कर गिर गए स्थानीय लोग पहुंचे तो उनका पहचान कर परिजन को सूचना दिए। परिजन आनन फानन में निजी साधन से गोरखपुर मेडिकल कालेज ले गए।

## जिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कार्यशाला में किया प्रतिभाग

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान की कार्यशाला में जनपद की भाजपा इकाई के तरफ से जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिभाग किया। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी के माध्यम से बताया कि कार्यशाला में ये बताया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं शताब्दी के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है जिसमें तिरंगा शौर्य यात्रा भी शामिल है यह तिरंगा यात्रा पूरे जिले की सातों विधानसभाओं में आयोजित किया जाएगा और इस अभियान के सफल आयोजन के लिए विभिन्न जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

# महिलाओं के हर मुद्दे पर संवेदनशील है महिला आयोग : डॉ. प्रियंका मौर्य

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी/गौरीगंज।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या दो दिवसीय दौरे पर अमेठी आई हुई हैं। बुधवार को पहले दिन उन्होंने तहसील सभागार में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के बाद अपराह्न उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। जनसुनवाई में 19महिलाओं ने डा प्रियंका मौर्य को अपना दुःख दर्द बताया और प्रार्थना पत्र दिए।

प्रियंका मौर्य ने कलेक्ट्रेट में महिला कल्याण विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी। उन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान जरूरत मंद और पीड़ित महिलाओं को शासन की महिला कल्याण की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं के हर मुद्दे पर संवेदनशील है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए तत्पर है।

एसडीएम प्रीति तिवारी, सीओ अखिलेश वर्मा, सीएमओ डा अंशुमान सिंह, डी पी आर ओ मनोज कुमार त्यागी , बी एस ए संजय कुमार तिवारी डी पी ओ संतोष श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। **बैठक में दिए गए प्रमुख दिशा निर्देश –एक नजर–** थानों में महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय बनाया जाये। आंगनबाडी केंद्रों पर पोषण वितरण की निगरानी सुनिश्चित की जाये। किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता में रखा जाये। जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# नवनिर्मित नगर पंचायत मथौली कार्यालय का उद्घाटन आज

**अवधनामा संवाददाता**



नवनिर्मित नगर पंचायत मथौली कार्यालय

- विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे नगर विकास मंत्री एके शर्मा

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** एक करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार नवनिर्मित नगर पंचायत मथौली कार्यालय का लोकार्पण आज गुरुवार को नगर विकास मंत्री ए के शर्मा द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया जाएगा। उदघाटन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

नगर विकास मंत्री, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, एके शर्मा आज गुरुवार को अपराह्न 3 बजे मथौली पहुंचेंगे, तत्पश्चात नवनिर्मित नगर पंचायत कार्यालय एवं नगर विकास की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। मंत्री श्री शर्मा कुशीनगर में दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। चेयरमैन नवरंग सिंह ने बताया कि उदघाटन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उदघाटन के मौके पर सांसद विजय कुमार दुबे, राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, गौ सेवा उपाध्यक्ष अतुल सिंह, एमएलसी रत्नलाल सिंह, उपाध्यक्ष बीज निगम राजेश्वर सिंह, सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग फूलबदन कुशवाहा के साथ ईओ सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, सभासदगण एवं नगर की गणमान्य जनता उपस्थित रहेगी।

# महिला आयोग सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें



**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में महिलाओं उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने महिला थाना अध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने महिला जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, सीओ सिटी अमित सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी महिमा, महिला थाना प्रभारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शासन की मंशानुरूप करें योजनाओं का क्रियान्वयन

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अंकित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने सभी अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन शासन की मंशानुरूप सुनिश्चित करें, अन्यथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी अधिकारी की उदासीनता से जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है, तो उसके उत्तरदायित्व तय करते हुए दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड के तहत 59 योजनाओं एवं कार्यक्रमों के आधार पर जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है। देवरिया जनपद को इनमें से 28 योजनाओं में ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। डीएम ने फैमिली आईडी बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और विशेष रूप से सदर, रुद्रपुर, बरहज और पथरदेवा ब्लॉकों का उल्लेख करते हुए वहां कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# चंदापुर थाने में 23 गांवों के संभ्रांत लोगों की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**महराजगंज, रायबरेली।** नवसृजित थाना क्षेत्र में आने वाले सभी 23 गांवों के ग्राम प्रधानों, कोटेदारों व संभ्रांत लोगों की एक बैठक थाना चंदापुर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार ने की उपस्थित जनप्रतिनिधियों कोटेदारों व आम जनमानस को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा कि आप सभी लोग जन जागरूकता अभियान के तहत अपने-अपने गांवों में लोगों को जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति व अपराध करने वाले अपराधी यदि दिखाई पड़े तो दूरभाष नंबर पर सूचित करें। जिनको पकड़वाकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी, तो वही क्षेत्राधिकारी ने यह भी कहा कि यदि क्षेत्र में अवैध कटान व अवैध खनन रात्रि में किया जाता है, तो आप लोग दूरभाष पर सूचित करें जिस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि आज दोपहर 2 बजे नव सृजित थाना चंदापुर रायबरेली पर थाना क्षेत्र की 23 ग्राम सभाओं के प्रधान व कोटेदारों से सामान्य परिचय कर , थाना क्षेत्र के हल्कों, संबंधित क्षेत्र के हल्का दारोगा व मुख्य आरक्षी/आरक्षी के मोबाइल नंबरों को साझा करने, क्षेत्र में घटित ठगी की घटना के संबंध में जन जागरुकता आदि के सम्बन्ध में गोष्ठी की गई जिसमें थानाध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी, वरिष्ठ उपनिरक्षक प्रवीण कुमार सिंह, उप निरीक्षक रवि पवार, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, आरक्षी आनंद कुमार, आरक्षी अमित कुमार आदि थाना पुलिस उपस्थित रहे।

# लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव न पड़े इसके लिए पंचायतों का कार्बन न्यूट्रल होना बेहद जरूरी

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** पंचायत राज विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत कार्बन न्यूट्रल विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन देवरिया सदर ब्लॉक मे किया गया। उपनिदेशक पंचायत हिमांशु शेखर ठाकुर ने देवरिया सदर ब्लॉक प्रांगण मे वृक्षारोपण किया। उक्त प्रशिक्षण मे विकास खण्ड भटनी, भाटपाररानी, बनकटा, सलेमपुर, भागलपुर, पथरदेवा, लार और देसही देवरिया के ग्राम प्रधान,पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव ने प्रतिभाग किया। डीपीआरसी के सहप्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने इस प्रशिक्षण में कार्बन न्यूट्रल पंचायतों के महत्व, फायदे और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने प्रशिक्षण में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रभावी उपाय, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग, और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के तरीकों पर जानकारी दी। उपनिदेशक पंचायत हिमांशु शेखर ठाकुर ने प्रशिक्षुओं को बताया कि पंचायतों में कार्बन की बढ़ती मात्रा चिंताजनक है। लोगों के स्वस्थ जीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव न पड़े इसके लिए पंचायतों का कार्बन न्यूट्रल होना बेहद जरूरी है। ग्राम पंचायतो के विकास मे ग्राम प्रधानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम प्रत्येक विकास खण्ड के चुनिंदा ग्राम पंचायतो मे कराया जा रहा है। इसके परिणाम को देखते हुए आगे इसको वृहद रूप मे संचालित किया जायेगा। प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने कहा कि गांवों में कूड़ा करकट जलाकर व गतिविधियों से कार्बन की मात्रा बढ़ रही है। इसके जोखिम को कम करने के लिए गांवों को कार्बन न्यूट्रल बनाना चाहिए।

# निर्वाण प्राप्त समाज कर्मी रामकली की स्मृति में मंडौली में हुई श्रद्धांजलि सभा



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शिव प्रताप इंटर कालेज के उप प्राचार्य संजय कुमार राव की निर्वाण प्राप्त रामकली की स्मृति में बुधवार को मंडौली में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर विस्तार से संवाद हुआ। बौद्ध भिक्षु भंते प्रज्ञा मित्र ने धम्मापदेश दिए। उन्होंने कहा कि तथागत गौतम बुद्ध ने दुनिया को शांति, मानवता और पंचशील के संदेश दिए। उनके संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। युद्ध से कभी भी किसी समस्या का हल नहीं हुआ, दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत सामूहिक त्रिसरण पंचशील के साथ हुई। परिवार की ओर से अभिमन्यु ने भगवान बुद्ध की पूजा वंदना की। आयोजक ने अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और बौद्धाचार्यो को अंग वस्त्र के साथ बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का चित्र देकर सम्मानित किया। विधवा, दिव्यांग और गरीब महिलाओं को कम्बल वितरित किए। कार्यक्रम में बामसेफ,बी एस पी, अम्बेडकर सेवा समिति, अम्बेडकर कल्याण समिति, वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति, भारतीय बौद्ध महासभा और भीम आर्मी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार शास्त्री और तुलसी राम शास्त्री ने किया। सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त,बौद्धाचार्य वैरागी राम भारती , ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज यादव, ग्राम प्रधान रुपम यादव, संजय कुमार राव, कोटेदार राजीव गांधी, रामचंद्र , राजकुमार आदि ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्याम लाल त्यागी, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, जिला पंचायत सदस्य हैदरगंज, फैजाबाद प्रदीप कुमार, बसपा के जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, अम्बेडकर सेवा समिति के राजेश अकेला, अम्बेडकर कल्याण समिति के संरक्षक इन्द्र पाल गौतम, प्रवक्ता अनिल सरोज, डॉ शिव मिलन सरोज,डॉ नंदलाल, विजय कुमार, राम फल फौजी धर्मेंद्र कुमार बौद्ध, बबिता मिश्र, अशोक कुमार आदि ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

# राधा रानी अस्पताल पर विभागीय कार्यवाही का अब तक न होना, चर्चा का विषय

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** तिलहर नगर के राधा रानी नामक प्राइवेट फर्जी अस्पताल प्रसूता की मौत के बाद मृतक की तहरीर पर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर ली जबकि (सेवानिवृ) सिस्टर राधा अपने स्टाफ के साथ फरार हैं परन्तु P सरकार के चिकित्सा विभाग द्वारा अभी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी जिसकी आड़ लेकर अस्पताल खुलेआम चिकित्सा से संबंधित गैर कानूनी काम होते रहे हैं। इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी चिकित्सा विभाग द्वारा अब तक कोई कार्यवाही न हो होना, उक्त फर्जी अस्पताल से विभाग की मिलीभगत का होना नगर भर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्र बताते है कि तिलहर नादर के मोहल्ला बहादुर गंज स्थित नाई प्लाटो में सेवानिवृत स्टाफ नर्स द्वारा अवैध रूप से, लंबे अरसे से चलाया जा रहा राधा रानी नाम का कभी अस्पताल रहा ही नहीं लेकिन राजनीत एवं चिकित्सा विभाग के सरंक्षण प्राप्त यह फर्जी अस्पताल प्राइवेट रूप गैर कानूनी रूप से मरीजों के जीवन के साथ जम के खिलवाड़ करता आ रहा था परंतु जनमानस की तमाम शिकायतों के बाद भी यदि कभी कोई हल्की फुल्की कार्यवाही होने को हुई भी तो अकूत धन बल के आगे धराशाई हो गई।

बताया जा रहा है कि लगवाग दो माह पूर्व उक्त फर्जी अस्पताल को सील करने के बाद और चिकित्सा विभाग को कभी कम न करने का एफिडेविट दिए जाने के बाद भी उसके ताले कभी बंद नजर नहीं आए और उसमें लगातार गैरकानूनी रूप से डिलीवरी कराए जाने के कार्य से लेकर आवोर्शन तक का गैर कानूनी कार्य खुलेआम होता रहा है। दो माह पूर्व सील लगने के बाद बिना परमिशन खुले इस फर्जी अस्पताल में विगत सप्ताह एक महिला की उस समय मृत्यु हो गई जो उसके गर्भ से मरे हुए बच्चे को निकालने का काम चोरी से किया जा रहा था। इस सूचना के बाद स्थानीय चिकित्सा अधीक्षक के हाथ पैर फूल गए थे।

सूत्र बताते है कि नगर भर में इस तरह के अभी और भी फर्जी चिकित्सा संस्थान चलाए जा रहे होने का इंकार नहीं किया जा सकता है जिनकी चर्चा अक्सर नगर वासियों की जुबा से सुनने को मिलती रहती है परंतु मजाल है कि लिखित शिकायत के बात भी प्रशासन कुंभकरणी नींद से जाग कर कोई कार्यवाही कर सके।

# खून लग चुके सुरौली गांव में एक बार फिर खतरे की आशंका

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र का सुरौली गांव चन्द वर्ष पूर्व आशुतोष मिश्रा की हत्या के मामले में सुर्खियां में आया था। आज वह गावँ एक बार फिर चर्चा में है। यहाँ के पीड़ित अजय कुमार सिंह ने आज जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर कहा कि अपनी जिस जमीन पर उन्होंने गेंहू की फसल बोई थी आज दबंग उसे काटने की फिराक में हैं। प्रकरण से अवगत होते हुए भी स्थानीय सर्किल के अफसरों ने उसका निस्तारण करने में अभी कोई दिलचस्पी नही दिखाई है। जबकि इस मामले पर कभी भी चिंगारी भड़क सकती है। पीड़ित ने ही हाईकोर्ट से स्टे भी लिया है और मामले में अभी कोई निस्तारण नही हुआ है। आज लखनऊ से जिला मुख्यालय पहुँचे पीड़ित ने जिलाधिकारी के समक्ष पेश होकर कहा है कि गावँ में वर्तमान गाटा संख्या - 286 पर उच्च न्यायालय का आदेश दिनांक 21 अगस्त 2002 के द्वारा स्थगन आदेश इस आशय का पारित किया है कि राम लौट व उनके वारिसान पारसनाथ आदि प्रार्थी के कब्जा व अभिलेखों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में सरहंगई के बल पर विवादित गाटे में प्रार्थी की बोई हुई फसल पर सरहंगी के बल पर कब्जा करना चाहते हैं। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी द्वारा उपजिलाधिकारी महोदय जयसिंहपुर व स्थानीय थाना गोसाईंगंज को सूचना देने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और प्रार्थी की फसल को जबरन काट लेना चाहते हैं। जिलाधिकारी से पीड़ित अजय कुमार सिंह ने कहा है कि विपक्षी रामलौट के वारिसान को मना कर दिया जाय कि आराजी निजाई में किसी प्रकार का हस्तक्षेप न किया जावे। उधर उप जिलाधिकारी शिवप्रसाद ने कहा कि उन्हें प्रकरण की जानकारी है। मामले में वह जांच करा रहे हैं। अतिरिक्त वह जानकारी कुछ समय अंतराल पर देंगे। फिलहाल आपको बता देगी यहां चंद वर्ष पूर्व जमीनी विवाद में गांव निवासी आशुतोष मिश्रा नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर जिला प्रशासन का ढूलमूल रवैया सामने आया था ,कमोवेश ऐसा ही विवाद सुरौली गांव में एक बार फिर बना हुआ है विपक्षी अपनी संख्या बल के दम पर विवाद को जानबूझकर उलझाए हुए है।

# करोड़ों की जमीन खरीदने वाले संविदा कर्मी संदीप यादव पर कब होगी कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

■ करोड़ों की जमीन के मालिक संविदा कर्मी संदीप यादव पर किसका है संरक्षण,किसके संरक्षण में संविदाकर्मी बना करोड़ों की जमीन का मालिक

**सुल्तानपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के चर्चित और विख्यात संविदाकर्मी एमडीएम डीसी संदीप यादव पर मध्याह्न भोजन योजना पीएम पोषण योजना में करोड़ों रुपए के घोटाला करने और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा है। जांच के नाम पर सिर्फ हो रही लीपापोती। बताते चले बेसिक शिक्षा विभाग में लगभग 17 वर्ष से संविदा पर कार्यरत संदीप यादव बसपा सरकार में एमडीएम डीसी के रूप में नियुक्त हुए।

एमडीएम निरीक्षण के नाम पर प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों से मासिकवार वसूली कर करोड़ों रुपए के आठ प्लाट सिर्फ सुल्तानपुर में खरीदा और लखनऊ में जमीन खरीदी है। शिकायतकर्ताओं ने जिसकी शिकायत लिखित रूप से महीनों पहले संजय कुमार सचिव केंद्र सरकार, मिड डे मील अथॉरिटी, महानिदेशक कंचन वर्मा, जिलाधिकारी सुल्तानपुर और बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर से करते हुए निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सुधीर कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी कुड़वार को जांच अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया कि शिकायती पत्र में लिखित आरोपों की गहनता से जांच करते हुए अपने मन्तव्यों सहित जांच आख्या एक सप्ताह के अन्दर बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। एक माह बीत जाने के बाद के बाद भी जांच अधिकारी सुधीर कुमार सिंह एमडीएम घोटाले की जांच के नाम पर ढाई कदम भी नहीं चल पाए। शिकायतकर्ता का कहना है कि जांच अधिकारी को फोन करने पर फोन भी नहीं उठाते। कभी फोन उठा लिए तो जांच के संदर्भ में कोई भी प्रगति नहीं बताते। हम सभी शिकायतकर्ता को जांच अधिकारी सुधीर कुमार सिंह के द्वारा की जा रही जांच पर कोई भरोसा नहीं है। ऐसा प्रतीत होने लगा है कि सुधीर कुमार सिंह जैसे लोगों के प्रश्रय में ही संदीप यादव जैसा संविदा कर्मी करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर सकता है। हम शिकायतकर्ता शीघ्र ही जिलाधिकारी महोदय को प्रार्थना पत्र देकर निवेदन करेंगे की नौनिहालों के भोजन पर करोड़ों रुपए के डाका डालने के आरोपी संदीप यादव की जांच निष्पक्ष रूप से जनपद स्तरीय समिति से कराते हुए उसे कठोर कार्यवाही की जाय जो प्रदेश के लिए नजीर बने। संदीप कुमार यादव वही है जिसने ममता सिंह के तीनों साल पुराने मकान पर किराएदार बनकर आए और कब्जा कर लिए। जिलाधिकारी सुल्तानपुर द्वारा जिसकी जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है। करोड़ों रुपए बच्चों के मध्याह्न भोजन योजना में डाका डालने वाले संदीप यादव पर लगे भ्रष्टाचार की जांच जिलाधिकारी महोदय के हस्तक्षेप करते हुए उच्च स्तरीय समिति से कराई जाती है तो जनपद में हुए अभी तक के सबसे बड़े घोटाले का पर्दाफाश हो पाएगा। निष्पक्ष जांच होने पर बाराबंकी जनपद में हुए मध्याह्न भोजन योजना घोटाला की तरह करोड़ों के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होता है तो दोषियों को जेल भी जाना पड़ेगा।

## सट्टे की खायीबाड़ी में 2 पकड़े



**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** थाना खैरगढ़ पुलिस टीम ने 02 सट्टेबाज अभियुक्तों को 01 टार्च, 01 पैन, 01 डायरी व 980/- रूपये सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद मे अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना खैरगढ पुलिस द्वारा 02 सट्टेबाज अभियुक्त अजीत सिंह पुत्र बांकेलाल, सर्वेश कुमार पुत्र सतीशचन्द्र निवासीगण कनवारा थाना खैरगढ़ जनपद फीरोजाबाद को एसजीएम तिराहे के पास स्थित इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने स्थित प्राइवेट फार्म से सट्टे की खाई बाडी करते हुये गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना खैरगढ़ पर मु0अ0सं0 64/25 धारा 13 जी एक्ट (सट्टा) पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही का जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 मनोज कुमार, उ0नि0 ज्योति तेवतिया, का0 514 उदयवीर सिंह, का0 875 आकाश कुमार थाना खैरगढ फिरोजाबाद शामिल रहे।

## सुदिति ग्लोबल एकेडमी के सीबीएसई के छात्रों ने कीर्तिमान स्थापित किया



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी विद्यालय के छात्रों ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष 2024-25 सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय में कीर्तिमान स्थापित किया है। छात्र-छात्राओ ने बोर्ड परीक्षा में अपनी लगन मेहनत और अनुशासन से विद्यालय का क्षेत्र में नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल कौशिक ने छात्रों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया उन्होंने बताया बेहतर परिणाम में छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता एवं गुरुजनों का बहुत बड़ा सहयोग होता है। इस अवसर पर विद्यालय के फाउंडर श्री किताब सिंह जी ने छात्रों एवं अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी और उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालय अच्छी शिक्षा एवं अनुशासन पर निरंतर प्रगतिशील रहेगा। छात्रों एवं अभिभावकों को मिष्ठान एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय में चारों ओर जोश का माहौल रहा। इस शुभ अवसर पर इ-पी राफेल (उप प्रधानाचार्य जी), अजय यादव, तरुण सक्सेना, सैयद तूफैल, फैज़ अहमद, मोहम्मद रेहान, प्रबल प्रताप सिंह, आशीष शुक्ला, आमिर सोहेल, सत्यम उपाध्याय, अंकित पाल, लोकेश तिवारी, पियूष चौहान, विकास त्यागी, रणजीत सिंह, पुष्पेंद्र यादव, आकाश वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, गौरव यादव, बबीता राजोरिया, मुशर्रत जहां, हिमांशु राजोरिया आदि समस्त शिक्षक गण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## हनुमत हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान महिला मरीज की मौत

**सुल्तानपुर।** धरती के भगवान का कारनामा, महिला चिकित्सक की लापरवाही से पथरी पीड़िता की मौत हो गई। शहर के गभड़िया में नामी प्राइवेट हॉस्पिटल हनुमत हास्पिटल का मामला,परिजनों का आरोप डॉ मानसी तोमर ने पथरी का ऑपरेशन किया था। स्वास्थ्य विभाग ने चुप्पी साध ली है। सीएमओ डॉ भारत भूषण का फोन नहीं उठ रहा है। अपनी गाइनी की डिग्री और एक महिला की वोबरी ऑपरेशन मे पहले भी सुर्खियों मे डॉ मानसी तोमर रही हैं।परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

## 16 मई से 21 मई तक कुड़वार फीडर पर होगा मेंटेनेंस कार्य, प्रतिदिन 8 घंटे आपूर्ति रहेगी बाधित

**कुड़वार,सुल्तानपुर।** सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के दृष्टिकोण से 11 के वी कुड़वार फीडर पर रिकंडक्टरिंग एवं इंटरपोलिंग का कार्य किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिसके कारण 11 के वी फीडर कुड़वार से पोषित गांवो की विद्युत आपूर्ति 16 मई से 21 मई तक प्रातः 8:00 बजे से सायं 4ः00 बजे तक बाधित रहेगी। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि आपूर्ति बाधित होने के पूर्व अपने समस्त कार्य संपादित कर लें आप सभी का सहयोग व धैर्य प्रार्थनीय है। यह जानकारी उपखंड अधिकारी ने दी है।

## शशि इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** शशि इंटरनेशनल स्कूल, टूंडला का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस दौरान कक्षा 12 में छात्रा कृति यादव ने 97 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी गुप्ता रहीं, जिन्होंने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रियंशी यादव ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभिषेक कुमार ने 93.6 अंक, हरिओम राजपूत ने 92 अंक और हर्षित जादौन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। तथा कक्षा 10 में मीनाक्षी मीणा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष्णा गुप्ता ने 93.6 अंकों के साथ दूसरा स्थान पाया वहीं वैष्णवी गुप्ता ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। आलिया आरिफखान ने 87.2रू, उन्नति और कौशल यादव ने 85 प्रतिशत , तथा हर्षित सिंह ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल को टॉप किया है। स्कूल के स्टॉफ ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भोजन गुणवत्ता जांच के लिए नामित अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति इण्टर कालेज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर खाद्य सामग्री की आपूर्ति एवं उसकी गुणवत्ता ठीक न होने के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर समस्त एस.डी.एम., बी.डी.ओ., खाद्य सुरक्षा अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक द्वारा आकस्मिक रूप से शिक्षण संस्थाओं व सी.एच.सी. की जांच की गई। मंगलवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जांच समिति के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जांच आख्या की समीक्षा करते हुए आपूर्ति खाद्य सामग्री व भोजन की गुणवत्ता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न आपूर्ति सामग्री से सम्बन्धित अभिलेखों को भी देखें तथा निर्धारित मेन्यू का अनुपालन भी सुनिश्चित कराया जाय। डीएम ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम मिलने पर सम्बन्धित को उपस्थिति बढ़ाने के लिए निर्देशित भी किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी संस्थाओं में एसएचजी की तैनाती के साथ-साथ समयबद्ध भुगतान भी कराया जाय तथा सभी एसएचजी को फूड लाइसेन्स भी दिलाया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी स्थान पर अधोमानक या एक्सपायरी सामग्री के उपयोग में लाये जाने की बात सामने आती है तो फूड सैम्पलिंग की कार्यवाही अमल में लाई जाय। बैठक के दौरान बीडीओ नवाबगंज द्वारा बताया गया कि भुगतान लम्बित होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एसएचजी द्वारा भोजन आपूर्ति नहीं की जा रही है। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया कि तत्काल भुगतान कराएं ताकि समूह द्वारा भोजन आपूर्ति प्रारम्भ की जा सके। डीएम ने यह भी कहा कि समूह द्वारा आपूर्ति न किये जाने की दशा में अन्य व्यवस्था करें जिससे मरीज़ों को भोजन व पुष्टाहार की आपूर्ति होती रहे। डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोखरों व जलाशयों को पानी से भरवा दिया जाय तथा क्षेत्र में स्थापित सभी हैण्डपम्पों व नलकूपों का क्रियाशील स्थिति में रखा जाय।

# आईएएस बनना चाहती है प्रिया



अवधनामा संवाददाता

■ अपनी सफलता का श्रेय हिस्ट्री और पालिटिक्स के शिक्षक राजेश यादव को दिया

**शिकोहाबाद।** इंटर मीडिएट की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द एशियन सीनियर सैकिंड्री स्कूल की छात्रा प्रिया यादव आईएएस बनना चाहती है। वह ग्रेजुएशन के साथ सिविल सर्विस की तैयारी करेगी। उसने कहा कि सोशल मीडिया जितना भ्रामक प्रचार करती है, उससे युवा पीढ़ी गुमराह हो रही है। इस लिए युवाओं को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। प्रिया यादव नसीरपुर के गांव लाछपुर के रहने वाले पूर्व सैनिक की बेटी है। वह मेहराबाद में रहती है। प्रिया का बड़ा भाई अतीत यादव है। जो बी.काम एके कॉलेज से कर रहा है। प्रिया कक्षा नौ से द एशियन सीनियर सैकेंड्री स्कूल में ही पड़ी है। उसने हाईस्कूल में भी 91.2 प्रतिशत अंक के साथ टॉप फाइव में जगह बनाई थी। इसके बाद उसने कड़ी मेहनत की और प्रतिदिन सात घंटे पढाई के बाद इंटर मीडिएट में जिला टॉप कर अपना और परिवार के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रिया बैडमिंटन खेलने की शौकीन है। खाली समय में वह बैडमिंटन खेलती है। इसके साथ ही म्यूजिक सुनना भी उसे बहुत अच्छा लगता है। उसने कहा कि उसे राजनीति और बालीबुड में कोई रुचि नहीं है। प्रिया द्वारा सीबीएसई इंटर मीडिएट में जनपद टॉप करने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। बेटी की उपलब्धि पर उसके परिवार के लोगों में खुशी की लहर है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T03, दि0 09.05.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं.:** 1. **कार्य का नाम** : इज्जतनगर मण्डल में PSI की सभी परिसंपतियो का 2 वर्षो के लिए रख-रखाव का कार्य। **टेंडर रिफरेंश नं:** SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T03, **कार्य का अनुमानित लागत रूपया में:** 3,76,26,503.85, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी** : 3,38,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में** : 00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 02.06.2025 11:00, **कार्य पूरा करने की अवधि** : 24 माह • खुली ई-निविदा दिनांक 02.06.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-30 इज्जतनगर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# निर्माणाधीन पड़े नालों में बहता गंदा पानी

■ बरसात में नगरवासियों के बन जाता है बड़ी आफत। न मरम्मत, और न सफाई।

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** तिलहर-नगर विकास के नाम पर पालिका प्रशासन स्तर से क्या चल रहा है यह जग जाहिर है। घरों से निकलने वाले गंदे पानी को नगर से बाहर निकालने के लिए कच्चे नालों का बीते वर्षो पक्का निर्माण कराया गया था। खड्डी वाली पुलिया से नट बीर बाबा के स्थान तक नाला निर्माण करने में पालिका स्तर से ठेका पद्धति पर होने बाला नाला निर्माण ही घटिया नहीं हुआ बल्कि आज भी अधूरा पड़ा है। यह एक ऐसा नाला है जो कि नगर की चालीस प्रतिशत आबादी का गंदा पानी, नगर के बाहर भक्सी नाले में ले जाकर छोड़ता है परंतु इसका निर्माण इतना घटिया कराया गया था कि एक वर्ष भी नहीं टिक सका था जिसकी बाद में मरम्मत भी कराई गई थी।

उक्त नाला आज भी अधूरा होने के कारण, जहां उसके भरे पानी से दो वार्डो की आबादी कई वर्षो से बदबू और मच्छरों से दो चार हो रही है वहीं जरा सी वारिश होते ही उक्त नाले का पानी लोगो के घरों तक पहुंचता है और यह एक दो वर्ष से नहीं बल्क विगत पांच वर्षो से लगात होता रहा है। वर्तमान में नगर भर में विकास कार्यो की स्थिति से जनमानस पूरी तरह जागरूक है लेकिन पालिका प्रशासन इस ओर से कुंभकरणी नींद में सोया लग रहा है। वारिश का समय लगभग पूरी तरह करीब है परंतु वार्ड संख्या 22 व 21 के बीच इस नाले की मरम्मत होना तो दूर, इसकी तलीझाड़ सफाई भी करने का समय नजर नहीं आ रहा है।

बताते है कि इस तरह की स्थिति में जहां पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय इमरान खा स्वयं चल कर स्थिति को समझने के और देखने के पहुंचने में रत्ती भर समय नहीं लगते तो भाई वर्तमान चेयरमैन को यह देखने की फुर्सत नहीं। भले ही कैंप कार्यालय स्थापित करा लिया गया हो परन्तु नगर वासियों से स्वयं मिलने का फिर भी स्वयं का समय नहीं।

## स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान आज से चलेगा

**शिकोहाबाद।** नगर की स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान गुरुवार सुबह प्रारंभ होगा। अभियान के लिए टीम बना दी गई है। क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी शिकोहाबाद स्वयं टीम के साथ मौके पर रहेंगे। इसके अतिरिक्त भारी मात्रा में फोर्स उपलब्ध रहेगी। जो भी पक्का निर्माण है, तुड़वा दिया जाएगा।

नगर पालिका स्टेशन रोड पर हो रहे अतिक्रमण के विरुद्ध गुरुवार से अभियान चलाएगी। इसके लिए टीम गठित कर दी गई है। सुबह दस बजे के बाद नगर पालिका की टीम जेसीबी के साथ अतिक्रमण हटाने का कार्य करेगी। इस संबंध में विगत दो दिन से मुनादी कराकर लोगों को सूचित किया जा रहा था। सभी संबंधित अधिकारियों की एक बैठक तहसील में हुई। जिसमें एसडीएम शिकोहाबाद के द्वारा नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद अधिशासी अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान कर दिए गए। उक्त अभियान सूबह 10 बजे से शुरू होगा और निस्तारण तक चलता रहेगा।

# अवैध शराब व ताड़ी की बिक्री करते तीन अभियुक्त पकड़े

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम ने अवैध शराब/ताड़ी की बिक्री करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 81 लीटर ताड़ी बरामद की गयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा आबकारी निरीक्षक के सहयोग से खुले में शराब पीने व अवैध शराब/ताड़ी की बिक्री करने के संबंध में एक विशेष अभियान चलाया गया अभियान के दौरान अलग-अलग स्थान से तीन व्यक्तियों गंभीर सिंह उर्फ पप्पू पुत्र फौजदार निवासी सिकंदरपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद, अभियुक्त के कब्जे से 20 लीटर अवैध ताडी/शराब बरामद हुई, राजकुमार उर्फ मटरू पुत्र सूरजपाल निवासी पटीकरा थाना जसराना फिरोजाबाद, अभियुक्त के कब्जे से 31 लीटर अवैध ताडी/शराब बरामद हुई, अरविंद कुमार पुत्र लाल कुमार निवासी ओम नगर मैनपुरी चौराहा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद, अभियुक्त के कब्जे से 30 लीटर अवैध ताडी/शराब बरामद हुई। को अवैध शराब/ताड़ी की बिक्री करते हुए मौके से पकड़ा गया तथा थाना जसराना पर 03 अभियोग मु.अ.सं. 129/25 धारा 60(1) (झ), मु.अ.सं. 130/25 धारा 60(1) (झ), मु.अ.सं. 131/25 धारा 60(1) (झ) पंजीकृत कराए गए।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ**

No. 2903 / E-Tender /2025-26 Dated : 08 -05-2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''ए'' ''बी'' ''सी'' एवं ''डी'' एवं साईनेज कार्य हेतु श्रेणी ''ए'' में रजिस्टर्ड ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | इटौंजा महोना कुम्हरावां कुर्सी देवा चिनहट मार्ग पर किलोमीटर 1 से 15(700), 46(150), 47 एवं 48 में थर्मोप्लास्टिक कार्य। | 33.87 | 3.39 | Rs. 300.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 944.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | जेल रोड से कैलाशपुरी रोड होते हुए वीआईपी रोड तक थर्मोप्लास्टिक कार्य। | 2.88 | 0.29 | Rs. 150.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges)+ GST @ 18%) = Rs. 767.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | लखनऊ बिजनौर मार्ग पर किलोमीटर 1,2,3.4 एवं 5 में थर्मोप्लास्टिक कार्य। | 8.49 | 0.85 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | ओमेक्स सिटी होते हुए शहीदपथ सर्विस रोड से बिजनौर रोड तक थर्मोप्लास्टिक कार्य। | 3.84 | 0.39 | Rs. 150.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges)+ GST @ 18%) = Rs. 767.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | अजगैन मलिहाबाद इटौंजा मार्ग पर थर्मोप्लास्टिक कार्य। | 6.57 | 0.66 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | एई III के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ कानपुर रोड से हरदोई रोड हरदोई रोड से सीतापुर रोड (रिंग रोड) किमी 1 से 11 में सर्विस रोड आरएचएस पर पैच मरम्मत कार्य। | 9.23 | 0.93 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | एई III के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ कानपुर रोड से हरदोई रोड हरदोई रोड से सीतापुर रोड (रिंग रोड) किमी 1 से 11 में सर्विस रोड एलएचएस पर पैच मरम्मत कार्य। | 8.96 | 0.90 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | एई III के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ कानपुर रोड से हरदोई रोड हरदोई रोड से सीतापुर रोड (रिंग रोड) किमी 1 से 11 में पैच मरम्मत कार्य। | 9.70 | 0.97 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |
| 9 | लखनऊ | सहायक अभियंता तृतीय के अधिकार क्षेत्र में लखनऊ बिजनौर मार्ग पर किलोमीटर 6 से 8 तक पैच मरम्मत कार्य। | 9.99 | 1.0 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost+Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ | लखनऊ वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि., लखनऊ |

➤ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 16.05.2025 से दिनांक 23.05.2025 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 23.05.2025 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 23.05.2025 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या- 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदा का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाना है, जिसका विवरण एन0आई0सी0 की बिड डाक्यूमेन्ट में उपलब्ध है। निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(इ. सत्येन्द्र नाथ)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
लो.नि.वि., लखनऊ

UPID-233662 Dated-13-05-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# हमीरपुर में खनन माफियाओं का बेखौफ खेल

**खंड संख्या 25/25 में एनजीटी नियमों की उड़ रही हैं धज्जियां, बेतवा नदी खतरे में**




अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सरीला के इछौरा झिटकरी खंड संख्या 25/25 में खनन माफिया दिनेश अग्रवाल बेतवा नदी की जलधारा में भारी पोकलैंड मशीनों से अवैध खनन कर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। जिलाधिकारी के सख्त रवैये के बावजूद माफिया में कोई खौफ नहीं।

**एनजीटी नियमों की अनदेखी-** एनजीटी के अनुसार जलधारा में मशीनों से खनन प्रतिबंधित है तथा खनन गहराई 3 मीटर से अधिक नहीं किया जा सकता। मैनुअली खनन करना और सीसीटीवी लगाना अनिवार्य। लेकिन उक्त खदान में गहरी खुदाई और अस्थायी पुल बनाकर मौरंग की निकासी हो रही है, जिससे नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित है।

रोयाल्टी चोरी, सरकार को नुकसान- सूत्रों की मानें तो खंड संख्या 25/25 में बिना रोयाल्टी और ओवरलोड ट्रकों से मौरंग ढुलाई से सरकार को लाखों का राजस्व नुकसान हो रहा। खनिज विभाग ने हाल ही में 17 खदानों पर 3.41 करोड़ का जुर्माना लगाया था लेकिन माफियाओं पर असर नहीं।

**पर्यावरण और जनता को खतरा-** गहरी खुदाई से जल स्तर मे कमी आ रही है तथा जलीय जीव-जंतु नष्ट हो रहे। स्थानीय लोग पानी की किल्लत और मशीनों के शोर से परेशान। ग्रामीणों का आरोप, ÷प्रशासन की कारवाई के बावजूद क्यों नही रुक रहा है अवैध खनन?

**जिलाधिकारी का सख्त रवैया, फिर भी नाकामी-** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जांच टीमें गठित कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन खंड 25/25 में खनन बेरोकटोक जारी है। अवैध खनन से बेतवा नदी और पर्यावरण को बचाने के लिए मशीनों की जब्ती, भारी जुर्माना और पारदर्शी निगरानी की जरूरीहै।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक, जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के तहत विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, रैंकिंग और ग्रेडिंग की विभागवार समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। जिन विभागों की रैंकिंग खराब है, वे कार्यों में तेजी लाकर सुधार करें। गलत डाटा फीडिंग से जनपद की रैंकिंग प्रभावित होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। उन्होंने डाटा फीडिंग से पहले अधिकारियों को स्वयं डाटा जांचने, फैमिली आईडी निर्माण में युद्ध स्तर पर कार्य करने और गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। गौवंश संरक्षण में लापरवाही पर भी कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से सभी विभागों की मासिक रैंकिंग और ग्रेडिंग के आधार पर प्रदर्शन का मूल्यांकन होता है।

सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यों और शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर दर्ज करें। डाटा फीडिंग में लापरवाही न हो, इसके लिए अधिकारी स्वयं कार्य देखें और केवल ऑपरेटर पर निर्भर न रहें। आईजीआरएस जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर जोर दिया। उन्होंने जनपद की सम्मानजनक स्थिति को सभी विभागों के सहयोग का परिणाम बताते हुए इसे सर्वोच्च स्थान पर बनाए रखने के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की अपील की।

साथ ही, ओवरलोड और बिना रॉयल्टी के वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करने और आयुष्मान कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नारायन कॉलेज की छात्रा ध्रुविका शर्मा ने 12 वीं कक्षा में किया जिला टॉप

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई.की कक्षा 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में शानदार प्रर्दशन किया। सी.बी.एस.ई.द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान, कला और कॉमर्स सभी तीनों संकाय के छात्रों ने उल्लेखनीय परिणाम दिया। जिसमें कक्षा 12 ध्रुविका शर्मा ने 97.8 प्रतिशत अंक पाकर जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। ध्रुविका शर्मा ने अंग्रेजी में 98, राजनीति विज्ञान में 98, भूगोल में 99, अर्थशास्त्र में 96 व पेंटिंग में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी क्रम में कक्षा 12 के अभिषेक कुमार ने 94 प्रतिशत, अनुष्का सिंह ने 96.2 प्रतिशत, श्रेयश मिश्रा ने 94.4 प्रतिशत व प्रियंका ने 90.8 प्रतिशत व अन्य छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किये। इसी क्रम में कक्षा 10 के अभिनव राजोरिया ने 97.4 प्रतिशत, आयुशी ने 93.3 प्रतिशत, कुनाल गुप्ता ने 93.2 प्रतिशत, स्वतंत्र कुमार ने 92.4 प्रतिशत व अखिल कुमार ने 91 प्रतिशत अंक पाकर समस्त विद्यालय परिवार को गौरवान्वित होने के क्षण प्रदान किये।

# जलाए जा रहे कचड़ा से हो रही दुर्गंध पर लगे विराम



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** डाला स्थानीय नगर पंचायत डाला में वर्षो से स्थापित सीमेंट फैक्ट्री जो कि अब अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी है जिसमें अन्य जगह से ट्रक भर भर कर लाए जा रहे कूड़ा कचड़ा को जलाया जा रहा है जिससे हो रही नगर मे भारी दुर्गंध स्मैल से पूरे डाला मे लक्ष्मण नगर,रेक्सहवा डाला बाजार एवं अन्य जगह बदबू इतनी ज्यादा है कि लोगों को अपनी नाक गमछा द्वारा बंद करके चलना पड़ता है जहां की लोगों को सांस लेने में दिक्कत एवं खाना खाने खाना बनाने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसपर पूरी तरह से रोक लगाए जाने को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल डाला द्वारा बुधवार को लिखित पत्रक कंपनी को शौपकर यह मांग किया गया कि इसपर पूरी तरह से रोक लगाया जाए पूर्व में भी कम्पनि के जिम्मेदार अधिकारियों को फोन के माध्यम से कचड़ा जलाए जाने पर रोक लगाने को लेकर अवगत कराया गया परंतु समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ जिससे डाला वासी में भारी आक्रोश है कंपनी इस पर तत्काल रोक लगाए अन्यथा यू.पी.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल डाला आंदोलन करने को बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अल्ट्राटेक कंपनी यूनिट डाला की होगी इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डाला मुकेश जैन एवं शाकिर मंसूरी हनुमान योगेश कृष्ण एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## बढ़ायी गई यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तारीख

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (PCATàßT)-2025 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 17 मार्च 2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 07 मई 2025 तक थी, जिसे विस्तारित करते हुए दिनांक 18 मई 2025 ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं 19 मई 2025 तक ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते है। प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयो में संचालित विभिन्न विषयों में युवा वर्ग अपनी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन कर सकते है। यह प्रवेश परीक्षा 11 केंद्रों पर दिनांक 11 व 12 जून 2025 को संपन्न कराई जाएगी। कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज इटावा परिसर के अधिष्ठाता प्रो.(डॉ.)एन के शर्मा ने बताया कि कृषि एवं तकनीकी विषयों में शिक्षा, रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाएं है। जो विद्यार्थी इटावा में संचालित कृषि इंजीनियरिंग, दुग्ध प्रौद्योगिकी, मत्स्य विज्ञान में या विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते हो वह विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट httà¿s://uà¿catet.net एवं www.csauk.ac.in पर सूचना विवरणिका पढ़कर प्रवेश परीक्षा हेतु

# पर्यावरण, वृक्षारोपण और गंगा संरक्षण समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, जनपदीय वृक्षारोपण समिति और गंगा संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विगत पांच वर्षों में हुए वृक्षारोपण के प्रभाव का आकलन करने और वनावरण में सुधार की स्थिति की सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंजर और बीहड़ भूमि पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और रोपित पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, जनपद में वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त साइट्स विकसित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर देते हुए नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर ओडीएफ प्लस गांवों में अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने नदियों में प्रदूषित जल के प्रवाह को रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाने, जल उपचार सुनिश्चित करने और सीवेज व वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जैविक खेती को प्रोत्साहन, तालाबों में अपशिष्ट प्रवाह रोकने और नदी किनारों पर जैविक कृषि व वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने जन-जागरूकता के माध्यम से नदियों के संरक्षण और स्वच्छता को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। बैठक में सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के इंदिरा पार्क में स्थापित गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा का अनावरण बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष किशोर गौड़ के कर कमलों द्वारा सांसद इटावा जितेंद्र दोहरे, सांसद एटा देवेश शाक्य की उपस्थिति में किया गया। पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ चतुर्वेदी की प्रतिमा का भी अनावरण भी हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान एडवोकेट ने बताया कि। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ अंबेडकर जी की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर हुआ उसके उपरांत विधि विधान से विद्वान 5 बौद्ध भिक्षु ने धम्म पाठ कर तथागत गौतम बुद्ध की आराधना की। डीबीए हाल में सभा के आयोजन अध्यक्ष डीबीए इटावा अनिल कुमार गौर एडवोकेट ने की। सभा को हरबिलास दोहरे डॉ सी पी शाक्य, जयवीर सिंह



सांसद देवेश शाक्य, सांसद जितेंद्र दोहरे व मुख्य अतिथि शिवकिशोर गौड़ ने संबोधित कर किया। वक्ताओं ने तथागत बौद्ध की शिक्षाओं व विचार समता स्वतंत्रता न्याय व बंधुत्व आधार उद्बोधन दिया। सभा का संचालन डीबीए महामंत्री देवेन्द्र पाल सिंह ने किया। सभा में मुख्य रूप से बृजेन्द्र गुप्ता, अनिल वर्मा, देवेंद्र भदौरिया, अनुराग गौर, राजेश वर्मा, अमित भदौरिया, अक्षयराज भदौरिया, सीपू चौधरी कार्तिकेय यादव, मेराज अली खान, आदित्य नारायण यादव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्याएं



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक- 14.05.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई /महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित /शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# चेयरमैन ने सड़क और नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/चोपन।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 में आज बहुप्रतीक्षित सड़क और नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने नारियल फोड़कर इस कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड का संतुलित और समुचित विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता से न केवल स्वच्छता और स्वास्थ्य में



सुधार होगा, बल्कि वार्ड की सुंदरता भी बेहतर होगा।आगे कहा कि यह निर्माण कार्य तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाएगा, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में उत्साह और संतोष देखने को मिला। वार्डवासियों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताई और नगर पंचायत अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। उन्होंने आशा जताई कि इसी प्रकार अन्य जरूरी विकास कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी को विश्वास दिलाया कि नगर पंचायत की ओर से पारदर्शिता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए विकास कार्य जारी रहेंगे। इस मौके पर जीतू सिंह, अशोक सिंघल, रंजीत सिंह, मनोज चौबे, सभासद सुशील साहनी, लिपिक अंकित पांडेय, रामनरेश चौधरी, अभिषेक दुबे, विकास चौबे, राधारमण पांडेय, मंसूर आलम, जितेंद्र पासवान, रिजवान अहमद, धनंजय श्रीवास्तव, रोहित तिवारी, दीपू साहनी, सुल्तान कुरैशी, निशांत सिंघल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने की 50 लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

हिफजुर्रहमान।

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में बुधवार को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में जनपद की 50 लाख रुपये से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को परियोजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को संबंधित विभागों को तत्काल हस्तांतरित (हैंडओवर) किया जाए। निर्माणाधीन परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत पूर्ण हो चुके भवनों की जांच के बाद हैंडओवर करने और अधूरी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की हिदायत दी। पर्यटन विभाग, जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय के अधूरे कार्यों को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने परियोजनाओं के सत्यापन के लिए नामित नोडल व तकनीकी अधिकारियों को प्रत्येक माह सत्यापन करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंताओं को सड़कों का निर्माण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जनता को आवागमन में असुविधा न हो। सभी कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# माँ सिर्फ एक शब्द नहीं, एक सम्पूर्ण संसार है: इंदु सिंह

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** मातृ शक्ति को समर्पित दिवस मातृ दिवस के पावन अवसर पर दिशिता बाल मंदिर, रेनुसागर द्वारा रेनुसागर प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माताओं के अतुलनीय योगदान को सम्मानित करते हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रेरणादायक भाषणों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दिशिता महिला मंडल,रेनूसागर की श्रीमती इंदु सिंह एवं श्रीमती विभा शैलेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती इंदु सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, ÷माँ÷ सिर्फ



एक शब्द नहीं, एक सम्पूर्ण संसार है। उनकी ममता, त्याग और समर्पण को शब्दों में बांधना कठिन है। इस दिन हम उन सभी माताओं को नमन करते हैं जिन्होंने हमारे जीवन की नींव रखी है। इस मौके पर बच्चों एवं उनकी माताओं ने कविता पाठ, गीत एवं नृत्य के माध्यम से मातृत्व को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में माताओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इसके पूर्व दिशिता बाल मंदिर की प्रबन्धक सविता चौबे ने आये हुए अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में अध्यापिका शालिनी श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ आयोजन का समापन हुआ।कार्यक्रम का संचालन दिशिता बाल मंदिर की अध्यापिका सीमा मिश्रा द्वारा किया गया।दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की सम्मानित सदस्याएं रितू हर्षवर्धन ,रितु दवे, तूलिका श्रीवास्तव ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# डीएम ने जनसुनवाई में 91 शिकायतों का सुना

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान प्राप्त 91 शिकायतों में से अधिकांश का त्वरित निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक (जूम एप) आयोजित की और तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित जनसुनवाई करने और जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि



जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए और इसकी समयबद्ध आख्या प्रस्तुत की जाए। उन्होंने किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने की चेतावनी दी।

# माउंट लिट्रा ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



**दसवीं में देवांश तिवारी 98.2 प्रतिशत और बारहवीं में सिद्धि भदौरिया 96.2 प्रतिशत प्राप्त कर बने टॉपर**

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सी.बी.एस.ई.द्वारा मंगलवार को जारी किए गए परीक्षाफल में माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, इटावा का प्रदर्शन हर वर्ष की भाँति इस बार भी शानदार रहा। कक्षा 10वीं के छात्र देवांश तिवारी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। रौनक शुक्ला 97.2 प्रतिशतअंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान रहे और सार्थक शेखर एवं अभी ने संयुक्त रूप से 95.6 प्रतिशतअंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में 20 फीसदी छात्रों ने 90 प्रतिशतसे अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा 12 वीं की छात्रा सिद्धी भदौरिया ने 96.8 प्रतिशतअंक(कला संकाय)प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। इसी क्रम में 94.8 प्रतिशत (विज्ञान संकाय)अंक प्राप्त कर निश्चय द्वितीय स्थान और 93 प्रतिशत(कला संकाय) अंक प्राप्त कर कशिश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षाफल में विशाल कांत, अदिती एवं उत्कर्ष ने संयुक्त रूप से 92 प्रतिशतअंक हासिल कर गौरव बढ़ाया। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस सफलता में शिक्षकों ने कड़ी मेहनत और समर्पण से व्यक्तिगत ध्यान देकर छात्रों की पढ़ाई में सहायता की। बच्चों की सफलता में माता-पिता एवं अभिभावकों ने भी समर्थन दिया और उन्हें प्रोत्साहित करते रहे। परीक्षाफल आने के बाद विद्यालय में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्रों के माता-पिता एवं शिक्षकों ने उनकी उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव और प्रोग्राम हेड विनयशील पठानिया व छात्रों के शिक्षकों द्वारा सभी मेधावियों को फूलमाला पहनाकर, मुँह मीठा कराते हुए उनका अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित माता-पिता ने अपने बच्चों की उपलब्धियों पर खुशी जाहिर की तथा विद्यालय के शिक्षकों को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

# सुदिति ग्लोबल एकेडमी इटावा ने लगातार दूसरी बार भी किया जनपद टॉप

**अभिभावकों के सहयोग से भी हम एक अच्छा परिणाम देने में सफल होते हैं: सतीश**

वहाज अली निहाल

**इटावा।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी इटावा ने लगातार दूसरी बार भी जनपद टॉप किया, होनहार छात्र प्रखर गुप्ता ने हाई स्कूल परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया जनपद टॉप। इस अवसर पर मंगलवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल कुमार एवं प्रबंधक सतीश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। अभिभावकों का भी मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। इस खुशी के अवसर पर प्रबंधक सतीश कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की विगत वर्षों से इंटर व हाई स्कल की परीक्षा में हमारे छात्र जनपद टॉपर रहे हैं। भविष्य में भी हम सदैव उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने एवं उनके सर्वांगीण विकास के




मंगलवार को रिज़ल्ट आने के बाद मेधावी छात्र-छात्राये प्रबंधक सतीश कुमार व प्रधानाचार्य डॉ.कमल कुमार के साथ। हाई स्कूल में इटावा जनपद टॉपर प्रखर गुप्ता को मिठाई खिलाते सुदिति ग्लोवल एकेडमी के प्रबंधक सतीश कुमार व प्रधानाचार्य डॉ.कमल कुमार

लिए सदैव प्रयसरत रहेंगे। उन्होंने अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से भी हम एक अच्छा परिणाम देने में सफल होते हैं।

उन्होंने कहा की वर्तमान समय में कोचिंग से अधिक अभिभावक का संरक्षण प्रभावी होता है छात्र निरंतर विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करता है और स्वयं घर में अध्ययनरत है तो बहुत अच्छे अंक प्राप्त कर सकता है। अंत में उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हार्दक बधाई दी।

## डॉ. कलाम को अपना आदर्श मानते है प्रखर

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी के छात्र प्रखर गुप्ता ने हाईस्कूल में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टाप किया है। प्रखर के पिता सिद्धार्थ गुप्ता व माता ममता गुप्ता प्राइवेट टीचर हैं। प्रखर कहते है कि सफलता अधिक चाहिए तो परिश्रम भी अधिक करना चाहिए। रोजाना छह से सात घंटे की पढ़ाई जरूरी है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया को छात्र-छात्राओं के लिए केवल भटकाव का ज़रिया बताया। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़ना होगा तभी सफलता मिलेगी। डा.एपीजे अब्दुल कलाम साहब को अपना आदर्श मानने वाले प्रखर वैज्ञानिक बनना चाहते हैं।

फिलहाल में 12 वीं की परीक्षा में भी जिले में टाप करने की तमन्ना रखते हैं। उनका कहना है कि वह लगातार प्रयास कर रहे हैं कि वह 12 वीं में भी जिले में टाप रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों व अपने मित्रों को दिया। परिवार में शिक्षा का माहौल होने के चलते प्रखर को न सिर्फ कम दबाव पड़ा, बल्कि माता-पिता के सहयोग से उन्हें पढ़ाई में एक अच्छा माहौल भी मिला। प्रखर ने कहा कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट में भी रुचि रखते है।

अवधनामा



# मुख्यमंत्री ने 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का किया शुभारम्भ

## तिरंगे के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वाच्च सम्मान देने तथा प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए उ.प्र. में भी आज से तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ हो रहा, तिरंगा भारत के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक : सीएम योगी

- प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' के दौरान पूरे देश को एकजुट रखने का काम किया
- किसी चुनौती या संकट के समय हमारा धैर्य और एकता हमारी सबसे बड़ी पूंजी
- देश और दुनिया ने भारतीय सेना के बहादुर जवानों के शौर्य और पराक्रम का लोहा माना



धैर्य और एकता के वातावरण में भारत की तीनों सेनाओं के वीर जवानों द्वारा पाकिस्तान द्वारा किये गये दुस्साहस का मजबूती के साथ प्रत्युत्तर दिया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों की ओर से 'ऑपरेशन सिन्दूर' की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के जवानों की वीरता की प्रशंसा करते हुए उनका अभिनन्दन करने के लिए उतावला दिखायी दे रहा है। देश और दुनिया ने भारतीय सेना के बहादुर जवानों के शौर्य और पराक्रम का लोहा माना है। तिरंगे के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वाच्च सम्मान देने तथा प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए उत्तर प्रदेश में भी आज से तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ हो रहा है। तिरंगा भारत के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का शुभारम्भ करने से पूर्व इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने तिरंगे के साथ 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' की अगुवाई की तथा यात्रा में शामिल स्कूली बच्चों तथा अन्य लोगों का प्रोत्साहन किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद यहां उपस्थित सभी लोग उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भागीदार बनने आये हैं। यही धैर्य और समर्पण का भाव भारत के नागरिकों ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' के दौरान प्रदर्शित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल, 2025 को आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में की गयी बर्बरता की पूरी दुनिया व देश ने निन्दा की थी। आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान और उसके आका इस पूरी घटना पर मौन बने रहे। देश की आन-बान-शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध भारत सरकार द्वारा इस घटना के सभी प्रमाण दिये जाने के पश्चात भी जब पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, तो 'ऑपरेशन सिन्दूर' प्रारम्भ किया गया। इस ऑपरेशन के पहले दिन ही 100 से अधिक आतंकियों और आतंक की विषबेल को पालने-पोसने वाले लोगों को उनके वीभत्स कृत्य की सजा दी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नेशन फर्स्ट के भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। यही संकल्प प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारतवासियों को कराया था। आज इसी संकल्प को दोहराने के लिए हम इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं।

# मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्राम पंचायतों में बन रहे आंगनबाड़ी केन्द्र

- मनरेगा से संवर रहे आंगनबाड़ी में गांव का भविष्य सुरक्षित
- ग्राम पंचायतों की आंगनबाड़ी केंद्रों को मिल रही खुद की छत
- वर्ष 2018-19 से अब तक 19,600 से ज्यादा बने आंगनबाड़ी केन्द्र

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत बाल विकास विभाग,पंचायती राज विभाग के अभिसरण से आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य निरंतर किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा योजनांतर्गत मनरेगा, बाल विकास विभाग,पंचायती राज विभाग के माध्यम से अभिसरण कर वित्तीय वर्ष 2018-19 से अब तक 19,600 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्ष 2018-19 में 3866, वर्ष 2019-20 में 2015, वर्ष 2020-21 में 4042, वर्ष 2021-22 में 1871, वर्ष 2022-23 में 2332, तो वहीं वर्ष 2023-24 में 1981, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3202 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण गया है तथा वर्तमान वित्तीय 2025-26 में अब तक 292 कार्य पूर्ण कराये जा चुके हैं एवं 9773 कार्य निर्माणाधीन प्रक्रिया में हैं। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के खेलने आदि की व्यवस्था भी की गई है। ध्यान रखा गया है कि कोई भी आंगनबाड़ी केन्द्र नेशनल हाईवे के बगल में ना बने। सभी पंचायतों में आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने की योजना के साथ इस पर कार्य किया जा रहा है।

# सीबीएसई कक्षा 10 में यशिता श्रीवास्तव लखनऊ एवं यूपी टॉपर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी इण्टरनेशनल स्कूल (सी.आई.एस.), इन्दिरा नगर की मेधावी छात्रा यशिता श्रीवास्तव ने सी.बी.एस.ई. कक्षा-10 की बोर्ड परीक्षा में 98.80 प्रतिशत अंकों के साथ लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश में टॉप कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। कक्षा-2 से सी.आई.एस. की छात्रा रही यशिता ने अपनी अभूतपूर्व सफलता पर बताया कि सी.आई.एस. मेरे लिए सदैव खुशी का अवसर रहा है जिसने मुझे प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता हेतु प्रेरित किया है। अपनी सफलता का राज बताते हुए यशिता ने कहा कि मैंने सोशल मीडिया से खुद को दूर ही रखा। यशिता की माताजी श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि 'सीआईएस की शिक्षण पद्धति मुझे सदैव ही विश्वास रहा, जो अन्य शिक्षण संस्थानों की तुलना में काफी अलग है। सी.आई.एस. की शिक्षण पद्धति ने मेरी बेटी को न सिर्फ उच्च शैक्षणिक सफलता दिलाई है अपितु उसके व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभाई है।'

इस वर्ष की सी.बी.एस.ई. कक्षा-10 की बोर्ड परीक्षा में शानदार परीक्षाफल देकर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले छात्रों में यशिता श्रीवास्तव के अलावा तेजस वर्मा (96 प्रतिशत), प्रारब्ध द्विवेदी (95 प्रतिशत), पुरूराज शुक्ला (93.80 प्रतिशत), लक्ष्य लोहानी (93.60 प्रतिशत), मनु सिंह (92.60 प्रतिशत) एवं तेजस कुमार गौतम (91.80 प्रतिशत) शामिल हैं, जबकि कक्षा-12 की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित करने वाले छात्रों में अनुष्ठा मिश्रा (96.80 प्रतिशत), नव्या भारद्वाज (96.20 प्रतिशत), समृद्धि मिश्रा (96.20 प्रतिशत) एवं दिव्यांश श्रीवास्तव (91.60 प्रतिशत) शामिल हैं।

## 16 गौ संरक्षण केन्द्रों की स्थापना हेतु 1281.92 लाख स्वीकृत


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये प्रदेश में 16 गौ संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु द्वितीय किश्त के रूप में 12 करोड़ 81 लाख 92 हजार रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। प्रत्येक केन्द्र के निर्माण हेतु 80.12 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है।

इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुये निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये है। शासनादेश के अनुसार 16 गौ संरक्षण केन्द्रों की स्थापना अंबेडकरनगर के सस्पना, बुलन्दशहर के मोहम्मदपुर खुर्द 2 तथा कोन्दू 2, जौनपुर के बेसार तथा बल्लीपुर, शाहजहांपुर के फाजिलपुर, पेलानी उत्तर, नवादा दरोबस्त, पाता, ढकिया तिवारी तथा सिकन्दरपुर कला, फतेहपुर के रायपुर भसरौल, कन्नौज के तेरारब्बू, सुल्तानपुर के अलहदातपुर, कानपुर देहात के अन्ने प्रथम तथा अन्ने द्वितीय की जायेगी।

# दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जाए

- पराग के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग के लिए विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए
- पशुपालकों एवं कृषकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जाए: धर्मपाल सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि पराग के उत्पादों की मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग को बेहतर किया जाए और इसके लिए मार्केटिंग के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए। पराग के गुणवत्ता उत्पादों की सर्वसुलभता सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए दुग्ध क्षेत्र में पोरर सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए। दुग्ध समितियों का गठन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। समितियों के लक्ष्य निर्धारण को चरणबद्ध रूप से बढ़ाया जाए। पुरानी समितियां बंद न होने पाए, अक्रियाशील समितियों को क्रियाशील किया जाए। किसानों एवं पशुपालको के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाए। धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिंह ने कहा कि अधिकारियों द्वारा दुग्ध समितियों का भ्रमण एवं अनुश्रवण निरंतर किया जाए और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जहां कहीं कोई कमी या समस्या हो उसका निराकरण किया जाए और शासन को अवगत कराया जाए। दुग्ध मूल्य का भुगतान समय पर कराया जाए। किसानों एवं पशुपालको का हित राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कुल 19,046 निबंधित समितियों के सापेक्ष 7857 समितियां कार्यरत हैं। जिला योजना अंतर्गत 220 दुग्ध समितियों के गठन एवं 450 दुग्ध समितियों का पुर्नगठन कार्य पूर्ण है। औसत दुग्ध उपार्जन प्रतिदिन 404.34 एलकेजीपीडी, गतवर्ष से 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। औसत तरल दुग्ध बिक्रय प्रतिदिन 200 एलएलपीडी रहा है।

## उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत रेरा हेल्पलाइन के संबंध में सूचना

**लखनऊ।** भू-सम्पदा सेक्टर में उपभोक्ताओं के हितों एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से उ.प्र.भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा हेल्पलाइन नम्बर्स एवं प्राधिकरण का आधिकारिक ई-मेल एड्रेस उ.प्र. रेरा पोर्टल पर उपलब्ध है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष उ.प्र.रेरा, संजय आर. भूसरेडडी ने बताया कि भू-सम्पदा सेक्टर में जानकारी के अभाव में उपभोक्ताओं एवं जनसामान्य को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उ.प्र.रेरा से संबंधित उपभोक्ताओं एवं जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जानकारी प्राप्त करने हेतु रेरा द्वारा हेल्पलाइन नम्बर्स, मुख्यालय लखनऊ 0522-2781414, 9151602229, 9151642229, क्षेत्रीय कार्यालय ग्रेटर नोएडा 0120-2977713, 9151672229, 9151682229 तथा प्राधिकरण का नम्बर उपल्बध है।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मियों का हल्ला बोल

- बिजली कर्मियों का 'वर्क टू रूल' आंदोलन शुरू, निजीकरण का विरोध तेज
- 'वर्क टू रूल' से ठप हो सकता है बिजली का कामकाज
- ग्रांट थॉर्टन की नियुक्ति रद्द करने की मांग पर अड़े कर्मचारी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में आज से बिजली कर्मचारियों ने 'वर्क टू रूल' आंदोलन शुरू कर दिया है। प्रदेश के सभी जिलों और परियोजनाओं पर कर्मचारियों ने शाम 5 बजे विरोध सभाएं कीं। संघर्ष समिति ने जोर देकर कहा कि विवादित ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन की नियुक्ति तुरंत रद्द की जाए।

आंदोलन के चलते बिजली कर्मचारियों पर की गई कथित दमनकारी कार्रवाइयों पर कल पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक के साथ संघर्ष समिति की बातचीत होनी है। समिति ने मांग की है कि निजीकरण पर सार्थक बातचीत के लिए दमनकारी कार्रवाइयों को वापस लिया जाए।

प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियंताओं ने आज से 'वर्क टू रूल' शुरू कर दिया है। इसके तहत कर्मचारी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही काम करेंगे और शाम के बाद कोई कार्य नहीं करेंगे। संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि अब कार्यालय समय के बाद होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी विद्युत अभियंता भाग नहीं लेंगे।

समिति ने प्रबंधन पर हठधर्मी और दमनकारी रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि भीषण गर्मी में पावर कॉरपोरेशन अनावश्यक रूप से औद्योगिक अशांति पैदा कर रहा है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि निजीकरण के लिए नियुक्त ग्रांट थॉर्टन के झूठे हलफनामे, अमेरिका में लगे जुर्माने और धोखाधड़ी के खुलासे के बावजूद, उसकी नियुक्ति रद्द करने की फाइल को पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन पिछले एक महीने से दबाए बैठे हैं। समिति ने चेयरमैन, कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन और निजी घरानों के बीच मिलीभगत की आशंका जताई है। उनका कहना है कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के पीछे बड़ा भ्रष्टाचार और घोटाला हो रहा है। निजीकरण के विरोध में 'वर्क टू रूल' आंदोलन के साथ आज प्रदेश के सभी जिलों और परियोजनाओं पर बिजली कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। यह आंदोलन आगामी 19 मई तक चलेगा।

# खादी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए


- खादी उत्पादों की ब्रांडिंग व मॉनिटरिंग पर दिया जाए जोर: राकेश सचान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बुधवार को खादी भवन सभागार, लखनऊ में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खादी को जन-जन से जोड़ने के लिए योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा खादी की प्रभावशाली ब्रांडिंग सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खादी उत्पादों की लोकप्रियता और बाजार विस्तार के लिए समग्र रणनीति बनाई जाए। उन्होंने विभिन्न जनपदों में खादी शोरूम की नियमित मॉनिटरिंग पर बल देते हुए निर्देश दिए कि जहां सुधार की आवश्यकता हो, वहां त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खादी से जुड़े उत्पादों की ब्रांडिंग को एक मिशन के रूप में लिया जाए। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि विभाग की सभी संपत्तियों का अद्यतन लेखा-जोखा तैयार किया जाए तथा उसकी स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही, स्वादी संस्था एवं समितियों द्वारा खादी उत्पादन और बिक्री हेतु प्रयोग की जा रही भूमि व भवन की स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाए।

## परीक्षा परिणाम देख कर खिल उठे छात्रों के चेहरे



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** मंगलवार को CBSE के 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी किये गए जिसके अंतर्गत नारायना ई-टेक्नो स्कूल इन एसोसिएशन विद् नवयुग रेडियंस जानकीपुरम् लखनऊ के बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रों ने 10 वीं में 98 प्रतिशत तथा 12वीं में 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये। उच्चतम अंक पाने वाले छात्रों में सूर्यांश, दक्ष, बिनीत, उत्सव, मुस्कान, प्रथम, सुमैया के नाम शामिल है। कई बच्चों ने विषयगत 100 अंकों में 100 अंक प्राप्त किये। जिसमें बिनीत ने विज्ञान विषय में 100 अंक तथा सूर्यांश, दक्ष, एवं उत्सव ने आई टी विषय में 100 अंक प्राप्त किये। स्कूल के लगभग 30 प्रतिशत बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। स्कूल प्राचार्या सुप्रिया पांडेय एवं डी जी एम आशुतोष कुमार ने सभी छात्रों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर उन्हें शुभकामनाएँ दी एवं उनका मनोबल बढ़ाया।

## एच.एस. वैक्सीनेशन के लिये 21 करोड़ स्वीकृत


**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत एच0एस0 वैक्सीनेशन की योजना के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में रूपये 21 करोड़ 30 लाख मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को एच0एस0 वैक्सीनेशन की योजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा तथा व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग उसी मद/प्रयोजन में किया जाएगा जिसके लिए धनराशि वस्तुतः स्वीकृत की जा रही है। निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग योजनान्तर्गत धनराशि का व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त प्रयोजन हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रात से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

## छात्रा समेत दो ने फंदा लगाकर की आत्महत्या



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** सुशांत गोल्फ सिटी के निलमथा इलाके में 11वीं की छात्रा पायल ने दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार शाम को घर में उसका शव लटका मिला। उधर, मड़ियांव में मोहिबुल्लापुर में रहने वाले प्राइवेट चालक सुनील ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। निलमथा के पटेलनगर निवासी अमन ने बताया कि बहन पायल रावत (20) निजी स्कूल में कक्षा-11 की छात्रा थी। मंगलवार दोपहर अमन काम पर गया था। घर पर मां, पत्नी और पायल थे। दोपहर में सभी लोग खाना खाकर सो गए। शाम को कमरे में दुपट्टे से फंदे से सहारे पायल को लटका देख भाई अमन चींख पड़ा। उसने आनन-फानन में परिजन की मदद से बहन को फंदे से उतारा और रायबरेली रोड ट्रामा टू लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमन ने बताया कि पायल अवसादग्रस्त थी। उसका कहना है कि आत्महत्या के पहले बहन की फोन पर वीडियो काल पर किसी से बात हुई थी। उसने जांच की मांग की है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि छानबीन में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी तक की जांच में खुदकुशी की कोई ठोस वजह सामने नहीं आयी है।

# वीर सैनिकों के सम्मान में जगमगाए देश भर के रेलवे स्टेशन



- ऑपरेशन सिंदूर के जाबाज़ों को सलाम करता रेल परिवार

अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम के सम्मान में देश भर के रेलवे स्टेशन जगमगा उठे। भारतीय रेल ने वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह अनूठा आयोजन किया। इस मौके पर कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से असम तक के रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रभक्ति का अलग जोश देखने को मिला। इस दौरान तिरंगे की रोशनी में नहाए रेलवे परिसर देशभक्ति के गीतों से गूंज उठे। वहीं स्टेशनों पर लगी स्क्रीनों पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े विजुअल्स ने यात्रियों को राष्ट्र प्रेम की भावनाओं से भर दिया। इस ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय रेल ने देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसने देशवासियों के मन मस्तिष्क में राष्ट्रप्रेम और सेना के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया। इसके अलावा भारतीय रेल ने तिरंगा यात्रा के साथ तमाम स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जनमानस तक पहुंचाया। भारतीय रेल की इस पहल ने ना केवल सेना के रणबांकुरों का अभिनंदन किया, बल्कि आम जनता को भी ऑपरेशन सिंदूर की गौरव गाथा से जोड़ा। यह आयोजन दर्शाता है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

# वफ़ा, सेवा और इंसानियत का संगम

## अम्बर फाउंडेशन की मुहिम बनी लोगों की आंखों की रौशनी

- लखनऊ में हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन लाभार्थियों का सम्मान, कलेक्टर बिटिया और सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अम्बर फाउंडेशन ने लखनऊ के नबीउल्लाह रोड स्थित अपने कार्यालय में एक प कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें उन दर्जनों लोगों ने भाग लिया जिनकी आंखों के मोतियाबिंद ऑपरेशन फाउंडेशन की मदद से सफलतापूर्वक कराए गए, और वे भी शामिल हुए जिनका इलाज प्रस्तावित है।

चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने कहाअगर इस देश, इस क़ौम और इस समाज से वफ़ा चाहिए, तो पहले हमें वफ़ा करनी होगी। जो लोग इस मुहिम तक पहुंच रहे हैं, वो सिर्फ इलाज नहीं पा रहे वो हमारी मोहब्बत, हमारी फिक्र और हमारी इंसानियत के हिस्सेदार बन रहे हैं।

### मोतियाबिंद ऑपरेशन लाभार्थियों का सजीव सम्मान और अनुभव-वर्णन

आंखों से धुंधलेपन का अंधेरा मिटाकर नई रौशनी पाने वालों ने फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए दुआओं के साथ अपनी बातें साझा कीं। कुछ बुज़ुर्गों ने भावुक स्वर में कहा कि अब दुनिया फिर से साफ़-साफ़ नज़र आ रही है, और यह सब अम्बर फाउंडेशन की वजह से मुमकिन हो सका। 'कलेक्टर बिटिया' अभियान पर भी विशेष चर्चा हुई, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की होनहार बेटियों को आगे बढ़ाने की पहल को बल दिया गया। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान इस मुहिम के मूल स्तंभ हैं।

हमें खुद को अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए जीने की आदत डालनी होगी। वफ़ा अब्बास ने विशेष रूप से देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी का ज़िक्र किया और कहा कि इसी तरह की ऊँची सोच और प्रेरणा से अम्बर फाउंडेशन ने अपनी सेवाओं को विस्तार दिया है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय परिषद की 83 वीं बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय परिषद की 83वीं बैठक अनिल राजभर, मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन मंत्रालय, उ.प्र. सरकार एवं अध्यक्ष क्षेत्रीय परिषद की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सचिवालय, नवीन भवन स्थित तिलक हॉल में संपन्न हुई। जिसमे के.सी. झा, सदस्य सचिव ने प्रस्तुति के माध्यम से कर्मचारी राज्य बीमा निगमध्योजना, उत्तर प्रदेश क्षेत्र की अवसंरचना एवं इसके अन्तर्गत आच्छादित लाभार्थी/ श्रमिकों को दिए जा रहे विभिन्न हित लाभों एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से प्रस्तुत की। बैठक में बताया गया कि उ.प्र. के 75 जिलों में से 74 जिलों में क.रा.बी. योजना पूर्णतः लागू हो गयी जिसमें से केवल एक मात्र जिला बांदा अनाच्छादित है जहां पर शीघ्र ही चिकित्सा सुविधा प्रारम्भ होने एवं जिले में भी क.रा.बी. योजना लागू हो जाने की जानकारी दी गई।